रांची का तापमान
कांके: अधिक. 30.0° न्यून. 22.5°
रांची: अधिक. 31.2° न्यून. 22.1°
रांची, मंगलवार
24 जून 2025
वर्ष-26, अंक-142, पृष्ठ-12

आषाढ़ कृष्ण पक्ष 14, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




पेज 12

## हमें गर्व है हमारे वीर जवानों पर

राष्ट्रीय नवीन मेल



दीपक वर्मा 'दीप'

जब कभी भी बात देश पर आती है, तब हमारी सैन्य शक्ति दुश्मनों के सामने एक चट्टान की भांति खड़ी हो जाती है। और, तब शुरू होता है सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर। इतिहास गवाह है इस बात का, चाहे वह सन उन्नीस सौ पैंसठ का युद्ध हो, इकहत्तर का युद्ध हो या फिर कारगिल की लड़ाई। हमारे वीर जवानों ने दुश्मनों को हमेशा मुंहतोड़ जवाब दिया है। आज की तारीख में आतंकवाद समस्त विश्व और मानव समाज में एक कोढ़ के समान हो गया है। पहलगाम की आतंकी घटना इस बात का जीता जागता सबूत है। ये घोर निंदनीय है और 'ऑपरेशन सिंदूर' इस घटना का पुरजोर विरोध और आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब है। हमें गर्व है हमारे वीर जवानों पर, हमें गर्व है हमारे प्रधानमंत्री एवं सरकार पर। ये नए जमाने का भारत है, जिसने बिना देर किए हमारी सेना को खुली छूट दी और उस पर विश्वास जताया। हमें गर्व है अपने वीर जवानों पर, हमें गर्व है हमारी कर्नल साजिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह जैसी हमारी तमाम बेटियों पर, जिन्होंने यह साबित कर दिया कि हमारी बेटियां भी बेटों से किसी मामले में कम नहीं। हमें गर्व है उन पक्ष-विपक्ष के नेताओं और हमारे उन तमाम देशवासियों पर, जो 'ऑपरेशन सिंदूर' के समय अपनी सेना और अपने देश के साथ खड़े रहे। यह 'ऑपरेशन सिंदूर' गर्व से सीना तान कर ये कहता है कि,

भारत मां का गुरूर हूं मैं,
उसकी आंखों का नूर हूं मैं।
दुश्मनों के छक्के छुड़ा दूं,
ऑपरेशन सिंदूर हूं मैं।
जय हिंद, जय भारत, वंदे मातरम।

1. सेवा सदन अस्पताल, पंडरा, पंचशील नगर जैसे कई मोहल्ले पानी में डूबे
2. रांची के बसरटोली में बाउंड्री गिरने से पिता की मौत, दो बच्चे घायल
3. भारी बारिश ने रांची नगर निगम की तैयारियों की पूरी कलई खोल दी
4. हजारीबाग में मकान गिरने से दंपती की मौत, पलामू में दो बच्चे नदी में डूबे



एनएच-75 पर पंडरा रांची में सड़क पर बहता पानी, घंटों यातायात बंद रहा | छाया : मनोज मिश्रा

## रांची में भारी बारिश से जल जमाव, जनजीवन का हाल बेहाल

# पानी-पानी राजधानी

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** राज्य के कई क्षेत्रों में हो रही लगातार भारी बारिश से सोमवार को भी लोग परेशान रहे। झमाझम बारिश से रांची, रामगढ़, हजारीबाग, लातेहार, बोकारो, गिरिडीह, जमशेदपुर सहित कई शहरों में सड़कों पर जल जमाव हो गया। इन शहरों के निचले इलाकों के कई घरों में भी पानी घुस गया। भारी बारिश से नदियों, जलाशयों में जलस्तर बढ़ गया है। वहीं, नदियों, झरनों में लोगों के डूबने की घटनाएं सामने आ रही हैं। मूसलाधार बारिश से घरों की छत आदि गिरने की घटनाएं भी हो रही हैं। राजधानी रांची में सोमवार को करीब डेढ़ घंटे तक गर्जन के साथ मूसलाधार बारिश हुई। इस बारिश से रांची का हाल बेहाल हो गया। कई जगह जल जमाव हो गया। बारिश के बाद बड़ा तालाब और हरमू नदी सहित अन्य नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। इस भारी बारिश से नदी-नाले उफना गए और सड़कें पानी में डूब गईं। इससे आने-जाने वाले लोगों को बहुत परेशानी उठानी पड़ी। रांची के कई इलाकों में कमर तक पानी भर गया है। कार और मोटरसाइकिल को पानी में तैरते देखा गया। बारिश ने रांची नगर निगम की तैयारियों की पूरी कलई खोल दी है।

रांची के अपर बाजार स्थित सेवा सदन अस्पताल, पंडरा, पंचशील नगर, कोकर के कई मोहल्ले पानी में डूब गए। पंचशील चौक पर लगभग घुटनों तक पानी भर गया था। पानी पार करने में लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। छोटी गाड़ियां रिस्क लेकर पार हो रही थीं। एनएच 75 भी घंटों जाम रहा, हजारों गाड़यां फंसी रहीं। कई गाड़ियां पानी में बंद हो गइं, जिसे लोग खींचकर ले जाने को विवश हुए।

शेष पेज 11 पर

### राज्य में अब तक सामान्य से 102 प्रतिशत अधिक बारिश

मौसम विभाग की ओर से राज्य भर में वर्षा की स्थिति को लेकर जारी रिपोर्ट के अनुसार, पूरे राज्य में अब तक सामान्य से 102 प्रतिशत अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई है। रांची में सबसे ज्यादा सामान्य से 265 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई है। इसी तरह लातेहार में सामान्य की तुलना में 241 प्रतिशत, लोहरदगा में 190, सरायकेला-खरसावां में 172 और पलामू में 156 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई है। राज्य के 24 जिलों में से केवल देवघर, गोड्डा और पाकुड़ जिले में सामान्य की तुलना में 12 से 19 प्रतिशत कम वर्षा हुई है।

### पंचघाघ जलप्रपात अगले आदेश तक किया गया बंद

राजधानी रांची से सटे खूंटी जिले में स्थित प्रसिद्ध पंचघाघ जलप्रपात में जलस्तर अत्यधिक बढ़ जाने के कारण प्रशासन ने यहां जाने वाले रास्ते को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। यह कदम सुरक्षा के मद्देनजर उठाया गया है। पंचघाघ जलप्रपात के एंट्री गेट से लेकर अंदर तक बेरिकेडिंग कर दी गई है। सुरक्षाकर्मियों को भी तैनात किया गया है।

### ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त, जाम में फंसी स्कूली बसों में परेशान बैठे रहे बच्चे

राजधानी रांची में सोमवार को बारिश के कारण ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई। जिला प्रशासन के ट्रैफिक सुधार के लिए किए गए सारे प्रयास बारिश में नाकाम साबित हुए। रांची की प्रमुख सड़कों पर घंटों तक जाम लगा रहा। डेली मार्केट, मिशन चौक और कचहरी चौक जैसे व्यस्त इलाकों में वाहन रेंगते नजर आए। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हुई, जो स्कूल से लौटते समय जाम में फंसी बसों में परेशान बैठे रहे।

### मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए जारी किया ऑरेंज और येलो अलर्ट

**रांची।** मौसम विभाग ने अपने मौसम पूर्वानुमान में 26 और 27 जून को कई जिलों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, झारखंड में पिछले 24 घंटे में मानसून की गतिविधियां सामान्य रही हैं। इस दौरान लगभग सभी स्थानों पर गर्जन के साथ हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। वहीं, रांची में 102.8 एमएम बारिश रिकॉर्ड हुई है।

शेष पेज 11 पर

## मंत्री और नेताओं ने कहा

### जल जमाव को देखना नगर निगम का काम : सीपी सिंह



रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि नगर निगम को देखना चाहिए कि कहां जल जमाव है, कहां पानी घरों में घुस रहा है। विधायक के पास कोई तंत्र नहीं होता है कि पानी निकाले। यह देखना नगर निगम का काम है। जहां-जहां से मुझे सूचना मिल रही है, रांची नगर निगम को सूचित कर रहा हूं। आज भी एक छात्रावास गया था, जहां पानी भरा था। सूचित करने पर नगर निगम की टीम आई और पानी निकाला।

### प्री-मॉनसून बारिश के कारण समय ही नहीं मिला : सुदिव्य



राज्य के नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि पिछली बार की बारिश में भी रांची में पानी भर गया था। इसमें सतही तौर पर जिन चीजों को सुधारा जा सकता था, वे चीजें की जा रही हैं। इस बार प्री-मॉनसून बारिश के कारण तैयारी का समय ही नहीं मिला, लेकिन फिर भी रांची नगर निगम लगा हुआ है कि जल जमाव नहीं हो।

### ड्रेनेज सिस्टम सुधरे, नहीं तो बाढ़ की स्थिति बनेगी : नवीन



हटिया विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि रांची नगर निगम से बात किया हूं। जितना नाला है, जितना ड्रेनेज सिस्टम है, उसे सुधारा जाए, नहीं तो रांची में बाढ़ की स्थिति हो जाएगी।

### युद्ध स्तर पर काम हो रहा है : नगर निगम प्रशासक



नगर निगम प्रशासक सुशांत गौरव ने कहा कि जहां से सूचना आ रही है, जिस तंत्र से सूचना आ रही है, युद्ध स्तर पर काम हो रहा है। जनभागीदारी का अवसर है, थोड़ा-थोड़ा सबको प्रयास और सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वाकई जनता को दिक्कत है, पानी की भयावह स्थति है। जैसे-जैसे संज्ञान आ रहा है, टीम भेज रहे हैं। नाली जाम है, उसे साफ कराया जा रहा है। मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। आने वाले समय में इस समस्या से निजात दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।


**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।


## गवर्नर ने नेतरहाट विद्यालय का किया निरीक्षण

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं नाशपाती बागान का भी किया भ्रमण

नवीन मेल डेस्क

**लातेहार।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को नेतरहाट आवासीय विद्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं नाशपाती बागान का भ्रमण किया। राज्यपाल ने नेतरहाट आवासीय विद्यालय में वहां की विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय परिसर में पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं सहित विभिन्न शैक्षणिक विभागों का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों को उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। राज्यपाल संतोष गंगवार को विद्यालय के प्राचार्य की ओर से विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियां, अनुशासन, शिक्षण पद्धति और विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए किए जा रहे नवाचारों से अवगत कराया गया। उन्होंने विद्यालय की सुदृढ़ शैक्षणिक परंपरा, अनुशासित वातावरण तथा प्राकृतिक सौंदर्य से युक्त परिसर की सराहना की। उन्होंने कहा कि नेतरहाट विद्यालय न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश की शैक्षणिक गरिमा का प्रतीक है। यहां से शिक्षा प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों ने देश-विदेश में विद्यालय और राज्य का नाम रोशन किया है।



शेष पेज 11 पर

## तेहरान में 50 से अधिक फाइटर जेट्स ने किए हमले : आईडीएफ

- ईरान की सेना और सुरक्षा प्रतिष्ठानों को बनाया निशाना

**तेल अवीव (आईएएनएस)।** इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने सोमवार को बताया कि उसके 50 से अधिक लड़ाकू विमानों ने तेहरान में ईरानी सेना और सुरक्षा प्रतिष्ठानों पर हमला किया। ये हमले इजरायली खुफिया एजेंसी की सटीक जानकारी के आधार पर किए गए, जिनका मकसद ईरान की सैन्य क्षमताओं को गंभीर नुकसान पहुंचाना था। आईडीएफ के अनुसार, तेहरान क्षेत्र में व्यापक अभियान के तहत ईरानी शासन के सैन्य मुख्यालय, मिसाइल और रडार निर्माण स्थल, तथा मिसाइल भंडारण सुविधाओं को निशाना बनाया गया। आईडीएफ ने यह भी बताया कि हमलों में ईरानी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के कई महत्वपूर्ण सैन्य कमांड सेंटरों को नष्ट किया गया, जिनमें 'थरअल्लाह मुख्यालय' प्रमुख है

शेष पेज 11 पर

## अंतरराष्ट्रीय विधवा दिवस पर पवन कुमार ने थामा विधवा पूजा का हाथ



- समाज के सामने प्रस्तुत किया प्रेरणादायक उदाहरण

मेदिनीनगर (पलामू)

पलामू जिले के पोलपोल के पवन कुमार ने अंतरराष्ट्रीय विधवा दिवस (23 जून) पर सोमवार को एक विधवा से विवाह कर समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने गढ़वा जिले के सोनेहारा गांव की रहने वाली विधवा पूजा देवी से विवाह किया है। इस विवाह से दोनों ने समाज की रूढ़ियों को तोड़ने का प्रेरणादायक प्रयास किया है।

जानकारी के अनुसार, पूजा देवी का विवाह वर्ष 2018 में हुआ था। वर्ष 2019 में मां बनने के बाद वर्ष 2020 में उनके पति का निधन हो गया। पति के निधन ने उनकी जिंदगी पूरी तरह बदल गई थी। दूसरी ओर, पवन कुमार अविवाहित हैं। वे एक माइक्रोफाइनेंस कंपनी में कार्य करते हैं। उन्होंने बीए तक की शिक्षा प्राप्त की है। यह विवाह पलामू में पहल ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान सोमवार को संपन्न हुआ। इसमें प्रशिक्षु आईएएस हिमांशु, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन, झारखंड सरकार के माटी कला बोर्ड के निवर्तमान सदस्य एवं पहल ट्रस्ट के प्रतिनिधि अविनाश देव सहित कई गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान के अनुसार, विभाग की ओर विधवा विवाह पर दो लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। जिले में वर्ष 2025 के लिए पांच विधवा विवाह का लक्ष्य रखा गया है। संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन एवं झारखंड सरकार के माटी कला बोर्ड के निवर्तमान सदस्य अविनाश देव ने कहा कि ट्रस्ट विधवा महिलाओं को सामाजिक रूप से जागरूक और सशक्त करने की दिशा में पहल कर रहा है। उन्होंने कहा कि विधवा विवाह को सामाजिक स्वीकृति दिलाने के लिए ऐसे आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। जो भी व्यक्ति विधवा विवाह करना चाहता है, उसे सरकार की योजनाओं के तहत हरसंभव सहायता दी जाएगी।

**पति की मृत्यु के बाद समाज महिला को दोषी ठहराता है**

पहल ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित कई विधवा महिलाओं ने अपने जीवन के संघर्ष साझा किए। चैनपुर प्रखंड के सेमरटांड़ की एक महिला ने कहा कि पति की मृत्यु के बाद समाज उन्हें दोषी ठहराता है। बेटों से वंचित कर देता है और चरित्र पर सवाल उठाता है। कोई मदद के लिए आगे नहीं आता है।

## इंडिया: आंकड़ेबाजी करते सरकारी गुरुजी और बढ़ता कोचिंग उद्योग



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

कुछ दिनों पूर्व बड़े कोचिंग संस्थानों के बड़े विज्ञापनों पर शिक्षा मंत्री रह चुकीं एक महिला की सोशल मीडिया में टिप्पणी आई कि इसमें डॉक्टर इंजीनियर बनने वाले कितने आदिवासी बच्चे हैं? सवाल यह भी होना चाहिए था कि कितने ग्रामीण या सरकारी स्कूलों के बच्चे इसमें हैं? जब पढ़ाई के अलावा सरकारी गुरुजी जनगणना,पशुगणना और वोटर लिस्ट बनाएंगे पाठ्य पुस्तकें समय पर छपेंगी नहीं तो विद्यालय और स्कूल में अंतर आएगा ही। झारखंड में विद्यालय स्तर की निजी शिक्षा व्यवस्था ने एक बड़े उद्योग का रूप ले लिया है और बड़े व्यावसायिक घराने तक भारी भरकम पूंजी लगाकर स्कूल खोल रहे हैं जबकि कभी बड़े सरकारी अधिकारी से लेकर सफल नागरिक देने वाले सरकारी विद्यालय करोड़ों खर्च कर भी परिणाम नहीं देने के कारण हाशिए पर चले गए हैं। यूनेस्को की रिपोर्ट में भारत की विद्यालयी शिक्षा पर चिंता व्यक्त की है तो यह हमारे लिए आत्म मंथन का समय है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पूरे देश में एक लाख स्कूल केवल एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। पूरे देश में 11.16 लाख शिक्षकों के पद रिक्त हैं, जिसमें 69 प्रतिशत पद ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की दशा और दिशा को समझने के लिए ये आंकड़े पर्याप्त हैं। सभी पदों को भर भी दिया जाए तो सुधार संदिग्ध है। भारत जैसे असमान विकास और ग्रामीण बहुलता वाले देश में सरकारी स्कूल की विशेष महत्ता है, क्योंकि निजी स्कूल अपने विस्तार में सीमित और स्वरूप में अर्थ-केंद्रित होते हैं। लेकिन विडंबना देखिए कि जहां सरकारी स्कूल उपेक्षा के शिकार हैं, वहीं निजी स्कूल के प्रति आकर्षण बढ़ता जा रहा है। इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता है कि सरकारी स्कूल हमारे उद्देश्यों के अनुरूप सफल नहीं हो पाए हैं, लेकिन इसके लिए केवल सरकारी स्कूलों को उत्तरदायी ठहराना उचित नहीं होगा, अपितु इसके लिए वोट बैंक और हमारी भ्रष्ट सोच, हमारा घरेलू और सामाजिक परिवेश भी जिम्मेदार है, जिसमें निजी स्कूल में पढ़ने वाले को एक सामाजिक प्रतिष्ठा की दृष्टि से तथा सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले को अपेक्षाकृत तिरष्कृत दृष्टि से देखा जाता है, भले ही उसमें पढ़ने वाले बच्चे कितने भी प्रतिभाशाली क्यों न हों। उपभोक्तावाद के इस युग में प्रतिभा से ज्यादा 'मार्केटिंग' और प्रतिष्ठा महत्व रखती है, जिसमें सरकारी स्कूल पिछड़ जाते हैं। समय-समय पर इस अंतराल को कम करने की कोशिश की जाती है, लेकिन दुर्भाग्यवश वे सफल नहीं हो पाते। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अगस्त 2015 में अपने एक निर्णय में यह आदेश दिया था कि उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव अगले छह माह में योजना तैयार करें कि कैसे सरकारी कर्मचारियों और लोक सेवकों के बच्चे केवल सरकारी स्कूलों में पढ़ेंगे। देश के अभिजात्य वर्ग ने इसे अपने 'स्टेटस' पर एक प्रहार माना और यह आदेश महज एक कागजी पत्र बनकर रह गया।निजी स्कूलों की स्वीकार्यता तेजी से बढ़ रही है और कुछ लोगों की दृष्टि में वे 'सफलता के नए प्रतिमान' गढ़ रहे हैं। लेकिन यह भी सच है कि हमारे सारे निजी संस्थान मिलकर भी प्रतिभाशाली विचारक, विज्ञानी आदि पैदा नहीं कर सकते। हमें याद रखना चाहिए कि भारतीय परिवेश से दूर निजी विद्यालय नौकरी और व्यवसाय के लिए फिट अभ्यर्थी दे सकते हैं पर जमीनी सच्चाईयों से अवगत नहीं करा सकते जिस कारण उन्हें योग्य नागरिक नहीं कहा जा सकता। कुछ दिनों पूर्व के सीबीएसई बोर्ड के नतीजों से पता चला है कि दिल्ली सरकार के स्कूलों, केंद्रीय विद्यालय संगठन और जवाहर नवोदय विद्यालयों ने पिछले बार की तुलना में 10वीं और 12वीं दोनों बोर्ड्स में शानदार प्रदर्शन किया है।



शिक्षाविदों का मानना है कि सरकारी स्कूलों की सफलता आश्चर्यजनक नहीं है क्योंकि वे अपने छात्रों का समर्थन करने के लिए अतिरिक्त प्रयास कर रहे हैं।सरकारी स्कूलों में चाहे कम प्रतिभाशाली छात्र हों या फिर ज्यादा, सब पर ध्यान दिया जाता है। स्कूलों की तरफ से कमजोर छात्रों को स्कूल के बाद अतिरिक्त कक्षाएं भी लगाई जाती हैं। जिसके चलते एक्स्ट्रा क्लासेज की भी जरूरत नहीं पड़ती है। संयम भारद्वाज, नियंत्रक, परीक्षा, सीबीएसई, कहते हैं, "केवीएस और जेएनवी में अच्छे शिक्षकों की भर्ती एक कड़ी चयन प्रक्रिया के माध्यम से की जाती है। इसके विपरीत पैरवी और राजनीतिक बाध्यता के कारण बहाल शिक्षक गुणवत्ता नहीं दे पाते जबकि राज्य सरकारों के विद्यालय के शिक्षकों को जनगणना, पशुगणना, वोटर लिस्ट बनाने से लेकर गंगा सफाई अभियान,कोविड रोकथाम अभियान,हाथ धुलाई अभियान, पौध रोपण अभियान,विश्व योगा अभियान,अग्निपथ योजना प्रसार अभियान,स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड प्रचार प्रसार रिपोर्ट भेजने के कार्यों में लगा दिया जाता है, पाठ्य पुस्तकें समय पर छपकर नहीं आतीं जैसे कारणों से पढ़ाई का माहौल और समय नहीं बचता और परिणाम निराशाजनक होते हैं। 2023 से पीएमश्री आदर्श विद्यालय की बात नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सभी राज्यों से यह गारंटी लेने की बात कही गई थी, जिनमें शिक्षकों को किसी भी गैर-शैक्षणिक कार्य में न लगाया जाए शामिल था पर यह मात्र घोषणा बनकर रह गई । दूसरी ओर शिक्षा मंत्रालय के निर्देशों का खुला उल्लंघन कर कुकुरमुत्ते की तरह खुले कोचिंग संस्थान 16 वर्ष से कम के बच्चों की पढ़ाई दिन में करा रहे हैं ।

# देश के लिए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जान की बाजी लगा दी : बाबूलाल

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, महान शिक्षाविद, जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर बलिदान दिवस के रूप में मनाया। डॉ मुखर्जी के चित्र,प्रतिमा पर पुष्प,माला अर्पित कर नमन किया गया। डॉ मुखर्जी के व्यक्तित्व और कृतित्व की चर्चा की। अपने संथाल परगना प्रवास के दौरान प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने देवघर परिसदन में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्री मरांडी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने आजादी के बाद धारा 370 के माध्यम से जम्मू कश्मीर को देश से काटने की कोशिश की। सत्ता की भूखी नेहरू सरकार ने जम्मू कश्मीर केलिए अलग प्रधानमंत्री, अलग संविधान और अलग झंडे की मान्यता दी। शेष भारत के लोगों को कश्मीर में प्रवेश करने केलिए परमिट का प्रावधान किया। कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इसका प्रबल विरोध करते हुए बिना परमिट के कश्मीर की सीमा में प्रवेश किया। गिरफ्तारी दी और अंत में स्वतन्त्र भारत के इतिहास में राष्ट्र की एकता और अखंडता की रक्षा केलिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। भाजपा प्रदेश कार्यालय में श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, कार्यालय मंत्री हेमंत दास,प्रदेश मंत्री सरोज सिंह,मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, अरुण झा,सुनील साहू, अनिल सिंह ,लक्ष्मी चंद्र दीक्षित, संजय चौधरी आदि शामिल हैं।

### सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे डॉ मुखर्जी : रविंद्र कुमार राय



कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने अपने सरिया स्थित आवास पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि भारत की सांस्कृतिक सीमा में सनातन काल से जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। मां भारती का मुकुट है।कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी इस सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे।आज भाजपा अपने प्रेरणा पुरुष डॉक्टर मुखर्जी के सपनो के अनुरूप सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को मजबूत कर रही।

### कुशल संगठनकर्ता थे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी : कर्मवीर सिंह



प्रदेश कार्यालय में डॉ श्यामा प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह जी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक कुशल संगठनकर्ता थे। उनके द्वारा लगाया गया संगठन का पौधा आज विशाल वट वृक्ष बन गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रवादी संगठन जनसंघ ही आज भाजपा के रूप में विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बन गया। आज भाजपा 14 करोड़ सदस्यों वाली विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है।

## आजसू शुरू करेगी 'नौकरी दो सरकार' अभियान



नवीन मेल संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी ने सरकार से जवाब मांगते हुए 'नौकरी दो सरकार' अभियान की शुरुआत करने का ऐलान किया है। यह घोषणा पार्टी के नेता संजय मेहता ने आज आजसू केन्द्रीय कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत और केन्द्रीय सचिव राजेन्द्र मेहता भी इस कॉन्फ्रेन्स में शामिल रहें। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि राज्य के युवाओं को नौकरी और आरक्षण के नाम पर सिर्फ ठगा गया है। संजय मेहता ने कहा कि सरकार ने निजी और आउटसोर्सिंग क्षेत्रों में 75% आरक्षण का कानून तो बना दिया, लेकिन उसे लागू करवाने में पूरी तरह असफल रही है। स्थानीय नीति की स्थिति भी स्पष्ट नहीं है। आजसू पार्टी सभी निजी, खनन और आउटसोर्सिंग कंपनियों से स्थानीयों को दी गई नौकरियों का पूरा लेखा-जोखा मांगेगी। साथ ही राज्य के परीक्षा आयोगों से भी नियुक्तियों का ब्योरा मांगकर सरकार को कटघरे में खड़ा करेगी। पार्टी का आरोप है कि आउटसोर्सिंग के जरिए आरक्षण को खत्म किया जा रहा है और ठेकादारी प्रथा ने श्रमिकों का शोषण बढ़ाया है। संजय मेहता ने कहा कि झारखंड में संविदाकर्मियों का स्थायीकरण नहीं हो पा रहा, श्रम कानूनों का पालन नहीं हो रहा और मज़दूरों का पलायन बढ़ा है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत ने बलिदान दिवस को सफल बनाने में जुटे सभी कार्यकर्ताओं और मीडिया का आभार जताया। उन्होंने बताया कि आजसू पार्टी ने इस मंच से राज्य के ज्वलंत मुद्दों – स्थानीयता, नियोजन नीति, ओबीसी आरक्षण, नियुक्ति कैलेंडर, पेसा कानून, सरना धर्म कोड, सीएनटी-एसपीटी, सरकारी भ्रष्टाचार और मंईयां सम्मान योजना जैसे विषयों पर सरकार को घेरा है। देवशरण भगत ने सरकार से मांग की कि मंईयां सम्मान योजना से साढ़े पांच लाख महिलाओं का नाम हटाने की प्रक्रिया और उसका आधार सार्वजनिक किया जाए। उन्होंने कहा कि यह मंईयां का अपमान है, और आजसू पार्टी मां-बहनों के सम्मान में खड़ी है। आजसू पार्टी 30 जून को हूल दिवस, 8 अगस्त को निर्मल महतो शहादत दिवस, और 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पर राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों – कोल्हान, संथाल और उत्तरी छोटानागपुर – में व्यापक जनसभाओं और आंदोलनों का आयोजन करेगी।

# रिम्स-2 पर कोई समझौता नहीं हर हाल में बनेगा : स्वास्थ्य मंत्री

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने रिम्स-2 (के निर्माण को लेकर स्पष्ट और दृढ़ संदेश दिया। उन्होंने कहा की राहुल गांधी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सपना मैं पूरा कर रहा हूं। रिम्स-2 स्वास्थ्य क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम होगा और यह हर हाल में बनेगा।

डॉ. अंसारी ने रिम्स अस्पताल पर बढ़ते भार और राज्य के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के उद्देश्य से रिम्स-2 की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष की ओर से फैलाया जा रहा भ्रम और राजनीतिक विरोध सिर्फ जनता को गुमराह करने की साजिश है।

डॉ. अंसारी ने कहा कि जो लोग रिम्स-2 का विरोध कर रहे हैं, वे 'बाबूलाल मरांडी पाठशाला' के छात्र हैं और उनकी सोच शुरू से ही झारखंड विरोधी रही है। ऐसे लोगों से जनहित की कोई उम्मीद नहीं की जा सकती। मंत्री ने स्पष्ट किया कि रिम्स-2 का निर्माण किसी भी खेती की जमीन पर नहीं बल्कि सरकारी भूमि पर किया जाएगा, जिससे किसानों और कृषि भूमि पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने यह भी जोड़ा कि झारखंड एक कृषि प्रधान राज्य है, जहां खेती के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध है और सरकार किसानों के हितों की पूरी रक्षा कर रही है।

मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा की "भाजपा ने अपने 18 वर्षों के शासनकाल में स्वास्थ्य के क्षेत्र को पूरी तरह नजरअंदाज किया। आज जब हम दिन-रात मेहनत कर व्यवस्था को सुधारने में लगे हैं, तो ये लोग केवल अड़चनें पैदा कर रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

अंत में उन्होंने दो टूक कहा कि रिम्स-2 का निर्माण अब टाला नहीं जा सकता। यह परियोजना झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई ऊंचाई पर ले जाएगी और राज्यवासियों को इलाज के लिए अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

### रिम्स-2 के मुद्दे पर फिक्सड मैच खेल रहे गठबंधन के नेता : प्रतुल



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर हमला करते हुए कहा कि वह रिम्स 2 के भूमि अधिग्रहण मुद्दे पर अपने सहयोगी दल कांग्रेस के दो अग्रणी नेताओं से विरोधाभासी बयान दिलवाकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। प्रतुल ने कहा यह पूरे तरीके से फिक्स्ड मैच है। सरकार जबरन आदिवासियों की खेती वाली जमीन पर रिम्स 2 का निर्माण करने जा रही थी। उस जमीन को सरकारी जमीन बता रही थी। जबकि दस्तावेज बता रहे थे कि जमीन का कभी अधिग्रहण भी नहीं हुआ था। प्रतुल ने कहा कि प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने नगड़ी में रिम्स-2 बनाने के खिलाफ आंदोलन की शुरुआत की तो सरकार आदिवासियों के आक्रोश के कारण बैकफुट पर आ गई। बुरे तरीके से फंसी सरकार अब कांग्रेस के दो अग्रणी नेताओं से विरोधाभाषी बयान दिलवाकर कन्फ्यूजन पैदा करने की कोशिश कर रही है। प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने 1 महीने बाद मुख्यमंत्री से मांग की है कि आदिवासियों के कृषि योग्य जमीन पर रिम्स-2 का निर्माण नहीं होना चाहिए। भाजपा प्रवक्ता ने कहा पूरे राज्य के आदिवासी इस जबरन निर्माण के खिलाफ थे। इसलिए सरकार बचने का रास्ता खोज रही थी। प्रतुल ने कहा अब लगता है सरकार के इशारे पर ही स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी कह रहे हैं कि हर हालत में रिम्स-2 उसी जगह पर बनेगा। यह सिर्फ और सिर्फ कन्फ्यूजन पैदा करने की कोशिश की जा रही है। मीडिया का ध्यान और जनता का ध्यान अब इन दोनों नेताओं के बयानों पर चला गया। मूल मुद्दा नगड़ी के जमीन पर जबरदस्ती निर्माण का था। प्रतुल ने कहा बाबूलाल मरांडी ने स्पष्ट किया था कि किसी भी सूरत में नगड़ी में आदिवासियों की कृषि भूमि पर रिम्स-2 नहीं बनने दिया जाएगा। उसी स्थल के अगल-बगल में सैकड़ों एकड़ सरकारी भूमि उपलब्ध है। राज्य सरकार लाठी के बल पर अगर वहां से आदिवासियों को बेदखल करने की कोशिश करेगी तो भाजपा इसका कड़ा प्रतिकार करेगी।

### संयुक्त भारत-अफ्रीका वार मेमोरियल का हुआ अनावरण

## प्रथम विश्व युद्ध के सैनिकों को दी गई श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** सोमवार को केन्या के तैत टवेटा काउंटी स्थित माइल 27 पर संयुक्त भारत-अफ्रीका वार मेमोरियल का अनावरण किया गया। यह मेमोरियल प्रथम विश्व युद्ध के दौरान पूर्वी अफ्रीकी मोर्चे पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले अज्ञात भारतीय और अफ्रीकी सैनिकों के अदम्य साहस और बलिदान को समर्पित है।

इस स्मृति स्तंभ का अनावरण रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और केन्या की रक्षा मंत्री रोसालिंडा सोइपान तूया, ईजीएच, कैबिनेट सचिव, रक्षा मंत्रालय, गणराज्य केन्या द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर केन्या रक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारी, तैत टवेटा काउंटी के जनप्रतिनिधि, भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल तथा राजनयिक और सैन्य समुदाय के सदस्य उपस्थित थे।

यह महत्वपूर्ण पहल केन्या में भारतीय उच्चायोग के रक्षा विंग द्वारा प्रारंभ की गई थी और इसे भारत के रक्षा मंत्रालय के आर्थिक सहयोग से मूर्त रूप दिया गया। इस परियोजना को केन्या रक्षा बलों तथा तैत टवेटा काउंटी के अधिकारियों के सहयोग से क्रियान्वित किया गया।

प्रथम विश्व युद्ध के दौरान, 1.4 मिलियन से अधिक भारतीय सैनिकों ने युद्ध में भाग लिया। यह पहला अवसर था जब भारतीय सेना को इतनी बड़ी संख्या में विदेशी भूमि पर तैनात किया गया था, वह भी भारत से भिन्न जलवायु और परिस्थियों में। पूर्वी अफ्रीका में जर्मन सेनाओं का मुकाबला करने हेतु दक्षिण अफ्रीकी, रोडेशियन और भारतीय सैनिकों का मिश्रित बल तैनात किया गया था। हालांकि भारतीय सेना के योगदान को अक्सर संयुक्त युद्ध स्मारकों में पर्याप्त स्थान नहीं मिलता। केन्या में केवल 1235 सैनिकों की स्मृतियाँ दर्ज हैं, जिनमें 1151 भारतीय सैनिक हैं, जो एक्सपेडिशनरी फोर्स बी का हिस्सा बनकर मोंबासा पहुंचे थे।

1914 से 1918 की अवधि में लगभग 50,000 भारतीय सैनिकों ने पूर्वी अफ्रीका में कदम रखा, जिनमें से किसी भी समय लगभग 15,000 सैनिक सक्रिय मोर्चे पर तैनात रहते थे। कुल 2,972 सैनिक युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए, 2003 घायल हुए, और 43 सैनिक लापता या बंदी बनाए गए – कुल मिलाकर 5018 भारतीय सैनिक हताहत हुए। इनके अतिरिक्त भी अनेक सैनिक ऐसे थे जिनकी कोई ज्ञात कब्र नहीं है – वे 'अज्ञात भारतीय सैनिक' की भावना को जीवंत करते हैं। इसी प्रकार, अनेक अफ्रीकी/ केन्याई सैनिक भी भारतीय सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़े, किंतु अब तक उनके लिए कोई समर्पित स्मारक या कब्र नहीं थी।

माइल 27 पर स्थित यह स्मारक स्थल, जहां ऐतिहासिक मिलस्टोन भी स्थित है, भारत और केन्या के साझा बलिदान और स्थायी मित्रता का प्रतीक है। यह स्तंभ न केवल शहीदों की स्मृति को समर्पित है, बल्कि भारत और केन्या की संयुक्त सैन्य विरासत की गहराई और गौरव की भी गवाही देता है। यह पहल भारत-केन्या रक्षा सहयोग को और अधिक सुदृढ़ बनाती है, जो आपसी सम्मान, साझा मूल्यों और वैश्विक शांति एवं सुरक्षा के प्रति समर्पण पर आधारित है।

## बिना प्रखंड अध्यक्ष के भाजपा का प्रदर्शन हताशा का प्रतीक

नवीन मेल संवादाता



- भाजपा का प्रदर्शन केवल दिखावा
- एक ही आदमी दो-दो पद पर – बाकी पार्टी ठप

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य डॉ. तनुज खत्री ने भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा की भाजपा का संगठन पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। दिसंबर 2024 से संगठनात्मक चुनाव लटका पड़ा है, लेकिन सात महीने बाद भी 517 प्रखंड अध्यक्ष नहीं बने, जिला अध्यक्ष नहीं है और पार्टी पूरी तरह से नेतृत्वविहीन हो चुकी है। ऐसे में 264 प्रखंडों में प्रदर्शन का ऐलान करना भाजपा की राजनीतिक नौटंकी के अलावा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा आज प्रखंडों में प्रदर्शन करने की बात कर रही है, लेकिन जिन प्रखंडों में अध्यक्ष तक नहीं हैं, वहां प्रदर्शन कैसे और कौन करेगा? ये सब सिर्फ अंदरूनी अव्यवस्था को ढंकने और जनता को भ्रमित करने का खेल है।

बाबूलाल मरांडी को एक साथ नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश अध्यक्ष बना दिया गया है। ये साफ संकेत है कि भाजपा के पास कोई दूसरा भरोसेमंद चेहरा या नेतृत्व नहीं बचा है। भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष भी इन्हीं कारणों से अभी तक नहीं बन पाया है। पार्टी खुद को नहीं संभाल पा रही, फिर राज्य को क्या दिशा देगी? डॉ. तनुज ने कहा कि भाजपा की राजनीति अब मुद्दों पर नहीं, विरोध के नाम पर शोर मचाने में सिमट गई है। उन्हें न जनता की परवाह है, न राज्य के विकास की चिंता। हर बार चुनाव के पहले जनता की याद आती है, और बाकी समय दिल्ली और रांची में सिरफुटौव्वल चलती रहती है।

हेमंत सोरेन के नेतृत्व के सामने भाजपा के पास कोई मजबूत चेहरा नहीं है। यही कारण है कि झारखंड की जनता ने लगातार दो बार भाजपा को पूरी तरह सत्ता से बाहर रखा। भाजपा के शासनकाल में सिर्फ झूठे वादे हुए, संसाधनों की लूट हुई और जनता के हितों की अनदेखी हुई।

## न्यूज बॉक्स

### मुख्यमंत्री से मिले कृषि निदेशक



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में कृषि निदेशक भोर सिंह यादव ने शिष्टाचार भेंट की।

### जामताड़ा में एक दिन में तीन लोगों की हार्ट अटैक से मौत, स्वास्थ्य मंत्री ने जताई चिंता



**रांची/जामताड़ा।** जामताड़ा के अमोई गांव के लोहार टोला में पूर्व मुखिया हराधन किस्कु का अचानक निधन हो गया। मौत की खबर मिलते ही स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी तुरंत मौके पर पहुंचे। परिजनों से मिलकर सांत्वना दी और पूरी घटना की जानकारी ली। जामताड़ा जिले में एक दिन में तीन लोगों की हार्ट अटैक से हुई मौत पर मंत्री ने चिंता व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया है कि सभी मामलों की कोविड जांच कराई जाए और मेडिकल हिस्ट्री की गहन समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि हमारा विभाग पूरी तरह सतर्क है और हर स्थिति पर वैज्ञानिक आधार पर काम कर रहा है। अगर किसी तरह का साइड इफेक्ट या पैटर्न सामने आता है तो त्वरित और ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### आरक्षण और स्थानीय नीति पर आजसू की राजनीति अवसरवादी : विनोद पांडेय



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने आजसू द्वारा सोमवार को किए गए प्रेस कॉन्फ्रेंस को पूरी तरह राजनीतिक प्रपंच और जनता को गुमराह करने की साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि जो पार्टी झारखंड में ओबीसी आरक्षण को 24 से घटाकर 14 प्रतिशत करने के लिए जिम्मेदार है, वह आज आरक्षण पर नैतिकता की दुहाई दे रही है, यह झारखंड की जनता के साथ एक भद्दा मजाक है। आजसू पार्टी अपनी ऐसी दिशाहीन नीतियों के कारण आज जनता के बीच अपना जनाधार खो चुकी है। उन्होंने कहा कि पिछले चुनावों के परिणाम पर गौर करें तो ये साफ नजर आता है कि आजसू पार्टी का अब कोई जनाधार नहीं बचा है। विनोद पांडेय ने कहा कि जब झारखंड की लोकप्रिय हेमंत सरकार ने ओबीसी को 27% आरक्षण देने की पहल की थी, तब न्यायालय में जाकर इसे रोकने की कोशिश एनडीए गठबंधन के सहयोग से हुई थी। आजसू पार्टी एनडीए का महत्वपूर्ण घटक दल है। आजसू पार्टी को पहले यह बताना चाहिए कि ओबीसी आरक्षण पर उसका स्टैंड क्या है? अगर वह ओबीसी के हक में है, तो पहले यह स्पष्ट करे कि अदालत में आरक्षण रोकने वालों के साथ वह क्यों खड़ी थी? आरक्षण पर सवाल उठाने से पहले आत्ममंथन करे आजसू उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी निजी क्षेत्र में 75% आरक्षण पर सवाल उठा रही है। आरक्षण को लेकर कोर्ट में बाधाएं खड़ी करने वाले कौन लोग हैं, यह सबको पता है। सरकार नीतियां बना रही है, कोर्ट की प्रक्रिया का सम्मान कर रही है, लेकिन आजसू जैसे दल युवाओं की भावनाओं से खेलने का काम कर रहे हैं।

### नशीले पदार्थ के तस्करों को सुधारने के लिए पुलिस ने की प्लानिंग



- तस्करों के घर जाकर परिवार को किया जाएगा जागरूक

**रांची।** रांची पुलिस ने एक प्लान पर काम शुरू किया है जिसमे नशे के कारोबार में लिप्त ड्रग्स पैडलर्स के परिजन भी अब जानेंगे की नशे की लत कितनी खतरनाक होती है। कैसे नशे की जद में आकर युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। ड्रग्स पैडलर्स नशे की तस्करी से दूर रहे, इसके लिए अब उनके परिजनों को ही नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी पुलिस के द्वारा दी जाएगी। इसकी शुरुआत की जा रही है। डीआईजी सह एसएसपी रांची चन्दन कुमार सिन्हा के नेतृत्व में रांची पुलिस मादक पदार्थो के कारोबार को लेकर जीरो-टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। यही वजह है कि पिछले डेढ़ सालों में केवल रांची से ही करोड़ो की नशे की खेप बरामद किया गया और सैकड़ों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। अब पुलिस नशे के तस्करों के परिजनों का भी काउंसलिंग करेगी ताकि वे अपने बेटों को ड्रग्स पैडलर्स बनने पर रोक लगा सके। पुलिस के अनुसार जिले में बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो कुछ रुपए के लिए ब्राउन शुगर समेत अन्य नशीली पदार्थ की खरीद- बिक्री करते हैं। ऐसे लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भी भेजा। ऐसे तत्वों को सुधारने और सही रास्ते में लाने के लिए एक योजना तैयार की गई है। इस योजना के तहत पुलिस की टीम जेल से छोटे पैडलरों के घर जाकर उन्हें किसी दूसरा व्यवसाय करने के लिए जागरूक कर रही है। साथ ही उनके पूरे परिवार के सामने उन्हें यह बताया जा रहा है कि नशीली पदार्थ की बिक्री करने से कितने परिवार बर्बाद हो रहे हैं।

**शैक्षणिक** नेताजी सुभाष विवि के तीसरे दीक्षांत समारोह में शामिल हुए केंद्रीय वस्त्र मंत्री, कहा

# युवाओं को नौकरी सृजन करने वाला बनना होगा

- केंद्रीय मंत्री ने विवि के नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज प्रभाग का उद्घाटन किया

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय, जमशेदपुर में सोमवार को तृतीय दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इस विशेष अवसर पर भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

मौके पर उन्होंने कहा कि आज के युग में युवाओं को केवल नौकरी की तलाश करने वाला नहीं, बल्कि नौकरी सृजन करने वाला बनना होगा। उन्होंने "आई कैन, आई विल" जैसे मंत्र को जीवन में अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि यह सिर्फ शब्द नहीं बल्कि एक भावनात्मक संकल्प है, जो आत्मविश्वास, समर्पण और प्रतिबद्धता को जन्म देता है।

उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में भागीदार बनें और नवाचार, उद्यमिता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को आत्मसात करें और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाये। केंद्रीय मंत्री ने विश्वविद्यालय के नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज प्रभाग उद्घाटन किया।

शुरुआत में इसमें 200 मेडिकल छात्रों के एडमिशन की तैयारी है। मौके पर कई गणमान लोग उपस्थित थे।

### संस्थान में आठ हजार छात्र अध्यनरत हैं

कुलाधिपति ने विश्वविद्यालय की स्थापना की प्रेरणा और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। संस्थान में 8000 से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं और यह संस्थान अपने स्थायित्व और गुणवत्ता के लिए क्षेत्र में जाना जा रहा है। दीक्षांत समारोह के दौरान वर्ष 2023 और 2024 में उत्तीर्ण स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के कुल 1500 से अधिक विद्यार्थियों को उपाधियाँ (डिग्री सर्टिफिकेट) प्रदान किए गए। समारोह में, विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं उनके परिजनों ने भाग लिया।

### राहुल गांधी ने आदिवासी नेताओं के साथ की बैठक

# सरना धर्म कोड का उठा मामला

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की अध्यक्षता में दिल्ली के 10 जनपथ पर ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में झारखंड, मध्यप्रदेश और राजस्थान के आदिवासी सांसद और विधायक शामिल हुए। झारखंड से लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक सोना राम सिंकू, विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, विधायक भूषण बाड़ा ने भाग लिया। इस बैठक में लोहरदगा सांसद ने जातिगत जनगणना में सातवां कॉलम के तौर पर सरना धर्म कोड को जगह देने पर विशेष बल दिया गया। आदिवासी समाज के उत्थान को केंद्र में रखकर बुलाई गई इस बैठक के बाद झारखंड सरकार में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कर सरना धर्म कोड, ट्राइबल लीगल कौंसिल, परिसीमन के बाद आदिवासी सीटों की स्थिति को लेकर बातें रखी गई। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि अगर परिसीमन के बाद भी आदिवासी सीटें सुरक्षित नहीं रही तो उनका अस्तित्व खत्म हो जाएगा। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने राहुल गांधी के साथ हुई आदिवासी नेताओं की बैठक के बाद अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि देश में जनसंघर्षों की आवाज और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी अध्यक्षता में आज दिल्ली स्थित 10 जनपथ में ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में मध्य प्रदेश, राजस्थान, झारखंड के आदिवासी विधायक और सांसदों ने हिस्सा लिया। ये बैठक आदिवासी अस्मिता के संरक्षण और संवर्द्धन के लिहाज से खास रही।




# खतियान में नाला दर्ज नाले के उपर कैसे बने दर्जनों घर, जांच का विषय

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को तेज बारिश नहीं हुई लेकिन एनएच 75 घंटों जाम रहा जिसमें हजारों गाड़्यां फंसी रही। पंचशील चौक पर घुटनों तक पानी भरा था और तेज बहाव था। लोग मजबूरी में पार हो रहे थे वहीं छोटी गाड़ियां रिक्स लेकर पार हो रही थी। हजारों गाड़ियों में पानी घुस गया और वे बंद ही गई जिसे लोग खींचकर ले जाने को विवश थे।

यह पंचशील नगर भ्रष्टाचार का वह स्थल है जिसमें खतियान में नाला दर्ज है और जालसाजी कर नाले के उपर घर बनाकर लोग उसे वैध बता रहे हैं। राष्ट्रीय नवीन मेल ने इसकी पड़ताल कि तो सूत्रों ने बताया कि नगर निगम का बड़ा बाबू की मिलीभगत से मुहल्लेवासियों की 2008 से सामूहिक मांग को नकारा गया और फर्जी हुकुमनामा के आधार पर अंचल से रसीद कटाकर सारे अतिक्रमण वैध बताने की नाकाम कोशिश की जा रही है। भूमिसंबंधी मामलों के जानकारों का कहना है कि नदी-नालों या किसी भी सार्वजनिक उपयोग की भूमि को किसी भी स्थिति में व्यक्ति विशेष के नाम पर हस्तांतरित नहीं की जा

## हुकुमनामा कभी भी नदी पर दिया नहीं जाता : संतोष कुमार



**रांची सिविल कोर्ट** के एडवोकेट संतोष कुमार ने बताया कि पंचशील नगर नदी हुआ करती थी। चौक पर अतिक्रमण कर मकान- दुकान बनाए गए हैं। नदी, नालों पर घर-दुकान बनाना किसी भी तरह से वैध नहीं होता है। इसकी जांच होनी चाहिए। इसमें अंचल नक्शा देखे कि नदी की रूट क्या है। हुकुमनामा का मामला आता है तो उस हुकुमनामा की जांच होनी चाहिए क्योंकि कोई भी हुकुमनामा नदी पर नहीं दिया जाता है और अगर है तो वह फर्जी होगा। टाइटल डिफेक्टीव होगा कौन लिया, किससे लिया गया और वह किससे लिया, इस चेन की जांच के बाद सारे खुलासे होंगे। दोषी पाए जाने वालों के घरों-दुकानों को जमींदोज करने तक का प्रावधान है। सरकार अगर कड़े कदम उठाती है तो रांची में पंचशील के अलावे अन्य जगहों के ऐसे कई मामले सामने आएंगे।



पंचशील नगर में बाढ़ के दौरान सड़क पार करते वाहन चालक, लगी लंबी कतर

## सैनिक बाजार में घुसा बारिश का पानी

**रांची।** मेन रोड स्थित सैनिक बाजार दुकानों की अधिक संख्या वाला परिसर है। बाजार है बड़ा पार्किंग एरिया है। लेकिन यहां जब भी बारिश हो रही है दुकानों में पानी घुस रहा है। पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। दुकानदार परेशान हैं और ना ही ग्राहक आते हैं। बारिश के पानी घुसने से दुकानदार अपने सामानों की देखभाल कर पा रहे हैं। जल जमाव की स्थिति तालाब में हो जाती है. आज सैनिक बाजार दुकानदार संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने स्टेट मैनेजर और डिप्टी डायरेक्टर को सारी परेशानियों की जानकारी दी। श्री तिवारी ने सरकार से और नगर निगम से निवेदन किया है कि करीब 140 दुकान इस परिसर में है पानी की निकासी सही तरीके से की जाए। नगर निगम सहयोग करें।



## दुर्दशा का दंश झेल रहा है 138 साल पुराना बार एसोसिएशन

# बारिश में भींगते हुए काम करते हैं सैकड़ों वकील, मुंशी और टाइपिस्ट





प्लास्टिक बिछाकर हो रहा काम

- **लाखों में होती है प्रतिदिन कमाई पर सुनवाई कुछ नहीं : आशीर्वाद बेदिया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के कचहरी में स्थित पुराना बार एसोसिएशन में बैठने वाले वकील, मुंशी और टाइपिस्ट दुर्दशा का दंश झेल रहे हैं। नवीन मेल संवाददाता जब वहां गई तो पाया कि पुराना बार एसोसिएशन जो वकीलों का धरोहर कहलाता है। जहां कि हालत बद से बदतर है। इस जगह पर ना ही चलने के लिए ढंग का फ्लोर है और ना ढंग का शेड है। बरसात में पानी गिरता रहता है। यहां जेनरेटर की भी सुविधा नहीं है। बरसात के दिनों में जगह-जगह पानी जम जाता है। कई वकीलों का कहना है कि कई बार आवाज उठाया है लेकिन बदले में हमें सुविधा नहीं भेदभाव मिला। आवाज उठाने वालों के साथ सौतेला व्यवहार किया जाने लगता है। इसलिए वकील अपनी परेशानियों को रखना तो चाहते हैं मगर उन्हें डर भी है कि कहीं उनके साथ सौतेला व्यवहार ना हो जो आवाज उठाने वालों के साथ होता आया है। यहां सिर्फ वकीलों को ही नहीं बल्कि यहां आने वाले आम लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हालांकि अन्य वकील कुछ भी कहने से बचते रहे जबकि बार एसोसिएशन का चुनाव लड़ चुके आशीर्वाद बेदिया ने कई बातें कही।

### रखरखाव का मोहताज वकीलों का धरोहर : आशीर्वाद बेदिया



बार एसोसिएशन का चुनाव लड़ चुके आशीर्वाद बेदिया ने कहा कि 138 वर्ष पुराना बार एसोसिएशन है। उन्होंने कहा कि शुरुआती दौर में बार एसोसिएशन की स्थिति अच्छी स्थिति थी लेकिन अब रखरखाव की कमी के कारण धरोहर की हालत खराब हो गई। उन्होंने कहा कि पिछले 6 वर्षों में सिर्फ दो बार मरम्मत हुई है। उसमें भी सिर्फ ऊपर का शेड लगवाया गया है। इसके बाद भी साइड वाले एरिया में बरसात के दिनों में पानी गिरता रहता है। उन्होंने कहा कि पुराना बार एसोसिएशन में आने वाले वकील, मुंशी और टाइपिस्ट सहित आम लोग जिस दंश को झेल रहे हैं।

### बरसात में पानी से बचाव पर हो रहा है काम : बार एसोसिएशन सेक्रेटरी



बार एसोसिएशन के सेक्रेटरी संजय विद्रोही ने पूरे विषय पर कहा कि मरम्मत का काम लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि ड्रेनेज की परेशानी और लेवल कम होने के कारण जलजमाव हो जाता है लेकिन इसका जल्द ही समाधान निकाला जाएगा। वही, जेनरेटर और अन्य समस्याओं पर संजय विद्रोही का कहना है पुराना बार एसोसिएशन में कई लोग ऐसे भी बैठते हैं जो बार के सदस्य नहीं हैं। उन्हें मेंबर्स को मिलने वाली सुविधाएं नहीं दी जा सकती है इसलिए वहां जेनरेटर नहीं है। हालांकि जो मेंबर्स हैं उन्हें भी जेरेटर की सुविधा नहीं मिल रही।

## रांची नगर निगम जलजमाव को लेकर अलर्ट मोड में, कॉल करते ही पहुंचेगी टीम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बारिश का मौसम आते ही रांची नगर निगम एक्शन मोड में आ गया है। मौसम विभाग ने 24 से 26 जून तक भारी बारिश की चेतावनी दी है। इसे देखते हुए नगर आयुक्त सुशांत गौरव की अगुवाई में सोमवार को एक अहम बैठक हुई, जिसमें पूरे शहर को जलजमाव से बचाने के लिए कई फैसले लिए गए।

**● 24x7 अलर्ट मोड में रहेंगे निगम के सभी विभाग**

नगर निगम ने सभी विभागों को हाई अलर्ट पर रखा है। कहीं भी जलजमाव की स्थिति बनी तो तुरंत टीम मौके पर पहुंचेगी और पानी निकालने का काम शुरू करेगी।

**● क्विक रिस्पॉन्स टीम एक्टिव**

हर जोन में वॉटर लॉगिंग से निपटने के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। टीमों को यह हिदायत दी गई है कि जलजमाव की स्थिति में तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करें।

**● जल निकासी के लिए तैयार मशीनें**

नगर निगम ने जेसीबी, सुपर सक्शन मशीन, डीजल पंप जैसी सभी मशीनों को फुल मोड में लगाने का आदेश दिया है। ज्यादा पानी वाले इलाकों में पहले मशीनें भेजी जाएंगी। लोग अब सीधे टोल फ्री नंबर 18005701235 पर फोन करके जलजमाव की शिकायत कर सकते हैं।

**● खुले नालों को ढंकने और बैरिकेडिंग लगाने का निर्देश**

खुले नालों में कोई हादसा न हो, इसके लिए सभी डेंजर जोन पर बैरिकेडिंग और चेतावनी बोर्ड लगाने का आदेश जारी हुआ है। जहां भी जलजमाव रहेगा, वहां मच्छरों से बचाव के लिए दवा का छिड़काव किया जाएगा।

## श्रद्धालुओं ने अन्नपूर्णा महाप्रसाद किया ग्रहण

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 212 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। आज का महाप्रसाद श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के सदस्यों के सौजन्य से आयोजित किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12:30 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाई गई, तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित दो हज़ार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। आज के महाप्रसाद में केसरिया खीर, आलू चिप्स का पैकेट का वितरण विशाल जालान के सौजन्य से किया गया।



## जनता दरबार में लोगों की भीड़, देर शाम तक फरियाद सुनते रहे डीसी

# सरकारी स्कूल की जमीन हड़पने का प्रयास, जांच का आदेश

- **मनमानी फीस बढ़ोतरी की शिकायत पर स्कूल को नोटिस**

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** भारी बारिश के बीच सोमवार सुबह से समाहरणालय परिसर में फरियादियों की भीड़ लगी रही। देर शाम तक उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री लोगों की फरियाद सुनते रहे। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से अच्छी संख्या में लोग जनता दरबार में अपनी फरियाद लेकर पहुंचे थे। बारिश में सुदूर ग्रामीण इलाके से आए लोगों को लौटने में ज्यादा परेशानी न हो इसे देखते हुए उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा उन्हें प्राथमिकता देते हुए मुलाकात की गई। बारी-बारी से लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उपायुक्त द्वारा उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिए गए।

ओरमांझी प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यायल, ईचादाग की जमीन को ग्रामीणों द्वारा हड़पने की प्रयास का मामला जनता दरबार में आया। आवेदक द्वारा बताया गया कि निर्माण कार्य के लिए सामग्री भी गिरा दी गई है। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने तत्काल जिला शिक्षा अधीक्षक को फोन कर मामले की जांच के निर्देश दिए, साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी को स्थल भ्रमण कर उचित कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

जनता दरबार में एक स्कूल द्वारा ऐनुअल फी में मनमानी बढ़ोतरी की शिकायत को जिला प्रशासन द्वारा गंभीरता से लिया गया है। उपायुक्त ने स्कूल को शो-कॉज करने का निर्देश दिया गया है।

अभिभावकों की शिकायत थी कि बिना पैरेंट टीचर एसोशिएसन की सहमति के वार्षिक एवं मासिक शुल्क में बढ़ोतरी की गई है, साथ ही स्कूल द्वारा विविध खर्च एवं परीक्षाफल के समय मैगजीन और डायरी के नाम पर भी अतिरिक्त शुल्क लिया जा रहा है। उपायुक्त द्वारा इस संबंध में जिला शिक्षा अधीक्षक को पूरे मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

**● हर शिकायत पर संबंधित अधिकारी को निर्देश**

जनता दरबार में राजस्व, पेंशन, प्रमाण-पत्र, भू-अर्जन, स्थानांतरण, भूमि पर अवैध कब्जा एवं बिक्री, दोहरी जमाबंदी रद्द करने आदि से संबंधित शिकायतों को सुनते हुए उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा संबंधित पदाधिकारी को जांच कर उचित कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।

हर शिकायत पर उपायुक्त द्वारा फोन पर ही संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। अंचल में जनता दरबार के दौरान सीआई-कर्मचारी भी रहेंगे उपस्थित उपायुक्त ने प्रत्येक मंगलवार अंचल कार्यालय में आयोजित होने वाले जनता दरबार में अंचल अधिकारी के साथ सीआई और कर्मचारी को भी उपस्थित रहने के आदेश दिये हैं। राजस्व से संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा यह आदेश दिया गया है।



## मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा के रक्तदान पखवाड़ा का हुआ समापन

# रचा नया कीर्तिमान 713 लोगों ने किया रक्तदान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा का 15 दिनों से चल रहा रक्तदान पखवाड़ा विगत रविवार को सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। 8 जून 2025 से शुरू हुए इस पखवाड़ा मे मंच ने प्रतिदिन रक्तदान शिविर का आयोजन किया तथा लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया। मंच ने 15 दिनों मे 27 रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमे 713 लोगों ने रक्तदान किया और इस संकल्प को सफल बनाने में अपना बहुमुल्य सहयोग दिया। इस कार्यक्रम के दौरान 100 से अधिक लोगों ने पहली बार रक्तदान किया तथा भविष्य में भी रक्तदान करने का संकल्प लिया। साथ ही 300 से अधिक लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया। इस पखवाड़ा मे रांची के सेवा सदन एवं हेल्थ पॉइंट ब्लड सेंटर जैसे ब्लड बैंक एवं उनकी पूरी टीम का भरपूर सहयोग एवं साथ मिला जिसके सहायता से यह आयोजन सफल हो सका। मंच के रक्तदान प्रभारी विष्णु अग्रवाल एवं प्रवीण अग्रवाल ने पखवाड़ा के पूरे 15 दिन कार्यक्रम के प्रति अपना निष्ठा एवं समरपंण् दिखाते हुए सभी रक्तदान शिविर मे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहे साथ ही मंच के सदस्यों ने भी उनका पर साथ दिया। मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने बताया के कार्यक्रम मे मंच के अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, सचिव निकुंज पोद्दार, कोषाध्यक्ष गौरव काबरा, झारखंड प्रांतीय अध्यक्ष विशाल पड़िया, प्रांतीय महामंत्री दीपक गोयनका, प्रांतीय मंडलीय उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, प्रांतीय रक्तदान संयोजक पिंकेश खंडेलवाल, शाखा के सभी पूर्व अध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्यों एवं अन्य युवा सदस्यों ने अपना बहुमुल्य समय एवं योगदान दे कर इस विशेष आयोजन को सफल बनाने मे अपना सहयोग दिया। मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे सहयोग देने वाले हर व्यक्ति का दिल से धन्यवाद एवं आभार करता है।

## अस्पताल प्रबंधन मरीज की मृत्यु के बाद शव रोककर नहीं रखेगा : मंत्री डॉ.इरफान अंसारी



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने सोमवार को कहा कि राज्य के सभी अस्पतालों में मरीज की मृत्यु के बाद शव को रोककर रखने की व्यवस्था अब खत्म कर दी गई है। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि अस्पताल प्रबंधन को तत्काल शव परिजनों को सौंपना होगा, ताकि अंतिम संस्कार में देरी नहीं हो और गरीब परिवारों को राहत मिल सके। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, यह निर्णय मानवीय संवेदना और कांग्रेस की सेवा-भावना से प्रेरित है। डॉ अंसारी ने कहा, अब कोई भी गरीब अपने प्रियजन के शव को छुड़ाने के लिए भटकता नहीं फिरेगा। उन्होंने लिखा है कि कई बार आर्थिक तंगी के कारण परिजन शव लेने में असमर्थ रहते हैं, जिससे अंतिम संस्कार में देर होती है। लेकिन, अब इस व्यवस्था से हर वर्ग को सम्मानजनक विदाई देने में सुविधा होगी।

## आरपीएफ मुरी ने अवैध शराब के साथ दो व्यक्तियों को लिया हिरासत में



**मुरी।** आरपीएफ मुरी ने ऑपरेशन सतर्क के तहत गहन जांच के दौरान दो व्यक्तियों को अवैध शराब के साथ हिरासत में लिया। हिरासत में लिए गए व्यक्ति गणेश प्रसाद (55) निवासी शेरघाटी (गया) एवं मोहित कुमार (21) पटना बिहार के रहने वाले बताए जाते हैं।दोनों व्यक्तियों के पास से पुलिस ने आठ शराब की बोतलें और दस कैन बियर की बोतलें बरामद किया। जप्त शराब की कुल कीमत लगभग 9100रु बताई गई है। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर दोनों व्यक्तियों ने बताया कि अपने निजी लाभ के लिए बिहार में अवैध रूप से बेचने हेतु ले जा रहे थे। पुलिस ने शराब से संबंधित कागजात की मांग की परंतु वे शराब से संबंधित कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाए। पुलिस ने जप्त शराब और हिरासत में लिए गए व्यक्तियों को आगे की कानूनी कार्यवाही करने के लिए आबकारी विभाग रांची को सौंप दिया। इस ऑपरेशन में आरपीएफ के अवर निरीक्षक रविशंकर,बसंत मल्लिक, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार यादव, दीपक ठाकुर,कुमार कौशल और के बी यादव शामिल थे।

# बाइक और ऑटो के बीच हुई टक्कर में एक की मौत, दो घायल

- घायलों को लापुंग पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से दोनों घायलों को रिम्स रेफर कर दिया गया



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

लापुंग थाना क्षेत्र के फतेहपुर-उलगाडा-महुंगाव सड़क पर एक बाइक एवं ऑटो के बीच भीषण टक्कर से बाइक सवार चांपी गांव निवासी एक 18 वर्षीय युवक इयोन बरला पिता अनिल बरला की दर्दनाक मौत हो गई वहीं इयोन का सहोदर भाई 22 वर्षीय एलेन बरला भी घायल हो गया। घायलों में 21 वर्षीय अनुसर बरला पिता वाल्टर बरला शामिल हैं। अनुसर बरला का एक हाथ और एक पैर दोनों टूट गया है। जबकि एलेन बरला को भी काफी चोटें आई हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार चांपी गांव के रहने वाले तीनों युवक क्रमशः इयोन बरला, एलेन बरला और अनुसार बरला एक ही बाइक में सवार होकर गोविंदपुर जा रहे थे पुलिस सूत्रों के अनुसार तीनों युवक शराब के नशे में थे। तेज रफ्तार से गोविंदपुर की ओर जा रहे थे। तभी उनकी बाइक सामने से आ रही एक ऑटो से टकरा गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि इयोन बरला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई वहीं बाइक सवार अन्य दोनों युवक भी गिरकर घायल हो गए। घायलों को लापुंग पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से दोनों घायलों को रिम्स रेफर कर दिया गया। घायलों को देखने के लिए स्थानीय मुखिया सविता उरांव एवं विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली सहित कई लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। वहीं दूसरी ओर लापुंग प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष जयंत बरला ने दुरभाष से मामले की जानकारी ली और पुलिस प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए उन्होंने घायल को रिम्स भेजने का निर्देश दिया। हालांकि कई ग्रामीणों ने बताया कि बाइक सवार युवकों की बाइक से एक ऑटो की टक्कर हो गई थी। ऑटो सवार कुछ लोगों को भी चोटें आई थी। लेकिन ऑटो सवार सड़क दुर्घटना के बाद ऑटो सहित फरार हो गए।

## लगातार बारिश से बेड़ो बाजार का शेड गिरा, एक महिला घायल



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड में विगत एक सप्ताह से हो रही बारिश से जहां आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं इस दौरान सोमवार साप्ताहिक बाजार में बारिश के दौरान अचानक वर्षों पुरानी बाजार समिति द्वारा निर्मित शेड का एक बड़ा हिस्सा के गिर जाने से शेड के नीचे सब्जी बेच रही एक महिला दब कर घायल हो गई। शेड़ के मलवा से घायल महिला विपेश देवी 50 वर्ष पति कंचन गोप गढ़गांव, थाना ईटकी की निवासी है। वहीं महिला के पैर में गंभीर चोट आयी है। वही शेड की मलबा से दबने के कारण बेची जाने वाली सब्जी भी बर्बाद हो गई। हालांकि दुर्घटना बड़ी भी हो सकती थी। ज्यादा लोग घायल भी हो सकते थे। लेकिन कुछ लोग बच गए। वहीं दूसरी ओर बारिश से केशा गांव के टिकरा स्थित बुदू उरांव की कच्चा मकान का एक बड़ा हिस्सा गिर गया। जिससे घरेलू उपयोग के सामान दबने से बर्बाद हो गया। बुदू उरांव उरांव ने सरकार और प्रशासन से मुआवजा की मांग की है। बारिश के कारण आसपास के क्षेत्रों के खेतों में जलजमाव हो गया है। जहां खासकर हरी सब्जियों की तैयार फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है.

## मांडर में भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन आज

**चान्हो/मांडर।** भारी बरसात में किसानों के फसल क्षति हेतु मुआवजा तथा जनसमस्याओं के निदान हेतु भाजपा के द्वारा सभी प्रखंड मुख्यालयों में मंगलवार को आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा। इसके तहत मांडर विधानसभा के सभी प्रखंडों में वक्ता नियुक किए गए हैं।मांडर में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमरनाथ चौधरी, चान्हो में ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू मुख्य वक्ता होंगे। भाजपा इस आक्रोश प्रदर्शन के माध्यम से शक्ति प्रदर्शन भी करना चाहती है और राज्य के ज्वलंत मुद्दों पर जैसे किसानों के हित मे विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, मैया सम्मान योजना के सुचारू संचालन पर सरकार को घेरकर उनका वादा याद करायेगी।

## झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने किया रांची बैडमिंटन लीग का आयोजन

# सीजन वन में बार्ड टीम विजयी रही



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री एवं बैडमिंटन एसोसियेशन ऑफ रांची डिस्ट्रीक्ट (बार्ड) के संयुक्त तत्वाधान में खेलगांव स्टेडियम में आयोजित रांची बैडमिंटन लीग के सीजन वन में शटर ब्लास्टर को हराकर बार्ड की टीम विजयी रही। टूर्नामेंट में कुल 32 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट में रांची के एसडीओ उत्कर्ष कुमार और सीसीएल के पदाधिकारी हर्ष नाथ मिश्रा, पवन मिश्रा ने भी अपनी टीम के साथ खेला। टूर्नामेंट में खेलकूद विभाग, रांची नगर निगम, सीसीएल, सचिवालय कर्मचारी सेवा संघ समेत कई गैर सरकारी संस्थाओं की टीम ने हिस्सा लिया। मौके पर मेकॉन के पदाधिकारयों ने शामिल होकर खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन जेएससीए के अध्यक्ष अजयनाथ शहदेव ने किया। उन्होंने इस आयोजन को महत्वपूर्ण बताते हुए झारखण्ड चैम्बर के प्रयासों की सराहना की। चैम्बर अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, स्पोर्ट्स कमिटी के चेयरमैन गौतम शाही और चैम्बर कनेक्ट कमिटी के चेयरमैन अरुण भारतीया ने विजयी टीम के प्रतिभागियों को ट्रॉफी और पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। प्रथम स्थान के रनरअप को 21000, द्वितीय और तृतीय स्थान के रनरअप को 5100 रू0 का चेक प्रदान किया गया। टूर्नामेंट में अंडर 14 और अंडर 18 के बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा से दर्शकों का दिल जीत लिया। चैंबर द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## रिम्स-2 के निर्माण से नगड़ी गांव सहित क्षेत्र का होगा कायाकल्प : महेश कुमार मनीष

**कांके।** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह विधायक सुरेश कुमार बैठा के प्रतिनिधि महेश कुमार मनीष ने कहा है कि कांके प्रखंड के लॉ यूनिवर्सिटी समीप नगड़ी गांव में रिम्स- 2 के निर्माण होने से नगड़ी गांव सहित क्षेत्र का कायाकल्प होगा। रिम्स -2 के निर्माण से नगड़ी गांव का विकास होगा। साथ ही यहां के युवाओं युवतियों को रोजगार भी मिलेगा। यहां के युवक युवतियों को शैक्षणिक योग्यता के अनुसार नौकरियां भी मिलेगी सरकार की या महत्वाकांक्षी योजना है यहां पर अस्पताल बन जाने से रिम्स में प्रतिदिन मरीजों की बढ़ते बोझ को कम करने और बेड की कमी को भी पूरा किया जा सकेगा। दूर दराज के कई जिलों से आने वाले मरीजों को भी इलाज हेतु यहां लाभ मिलेगा। कुछ राजनीतिक नेताओं द्वारा इसको लेकर ग्रामीणों के बीच भ्रम फैलाया जा रहा है। इस पर इस परियोजना को नहीं बनने देना चाहिए यह विपक्षी नेताओं की एक कुटिल चाल है और जनता को गुमराह कर राजनीतिक बयानबाजी किया।

## सिल्ली में भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन आज

**सिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आह्वान पर राज्य की गिरती विधि व्यवस्था, बुनियादी सुविधाओं का अभाव,गरीबों की पेंशन, किसानों की बकाया राशि, छात्र- छात्राओं के प्रमाणपत्र में हो रही परेशानी, दाखिल खारिज में दलाली प्रथा समाप्त करने एवं बारिश में क्षतिग्रस्त पीड़ितों को अविलंब मुआवजा देने जैसे ज्वलंत मुद्दों पर 24 जून को भाजपा कार्यकर्ता प्रदर्शन कर प्रखंड विकास पदाधिकारी सिल्ली के माध्यम से उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज मौजूद रहेंगे।यह जानकारी पार्टी के सिल्ली मंडल अध्यक्ष अम्बुज रजक ने दी।

## डीसी ने आला अधिकारियों के साथ की बैठक

# रथ यात्रा व रातू रोड फ्लाईओवर उद्घाटन पर की चर्चा



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सोमवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिलास्तरीय वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में चल रही विकास परियोजनाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं, और प्रशासनिक कार्यों की प्रगति एवं राँची जिलें में होने वालें विभिन्न आयोजनों और प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा और जिला प्रशासन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी, और प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। बैठक में नशा मुक्ति मैराथन (26 जून): मोरहाबादी में होने वाली दौड़ की तैयारी को फाइनल टच देने का आदेश. प्रचार, सुरक्षा, रूट तय करने और छात्रों की भागीदारी पर जोर दिया गया। रातू रोड फ्लाईओवर उद्घाटन (3 जुलाई): कार्यक्रम के लिए ट्रैफिक प्लान, गेस्ट मैनेजमेंट और तकनीकी तैयारी समय पर पूरा करने को कहा गया।

**भ्रमण** कोयला मंत्रालय के लोग और पत्रकारों ने किया सीसीएल का दौरा

# सीसीएल में बच्चों को मुफ्त सुविधा दी जाती है



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** देश के पत्रकारों और कोयला मंत्रालय के लोग 20 से 22 जून तक झारखंड के सीसीएल के दौरे पर आए। तीन दिन के इस दौरे में उन्होंने सीसीएल का कामकाज, बच्चों की पढ़ाई, रोजगार, पर्यावरण के लिए किए जा रहे काम और नई तकनीक को नज़दीक से देखा। इस दौरे में दिल्ली से आए कई मीडिया संस्थानों के पत्रकार शामिल थे। सीसीएल की योजना "सीसीएल के लाल" और "सीसीएल की लाडली" के तहत गरीब परिवारों के बच्चों को मुफ्त कोचिंग, रहना-खाना और स्कूल की सुविधा दी जाती है। जैसे रामगढ़ के दिव्यांशु मिश्रा और एनके इलाके के मातुल बघेल ने सीसीएल की मदद से पढ़ाई की, इंजीनियरिंग पास की और अब सीसीएल में ही अफसर बन गए हैं। एक शिक्षक का बेटा और एक मज़दूर का बेटा अब अफसर बन कर खुद सीसीएल में काम कर रहे हैं। कोयला निकालना भी अब हाईटेक हो गया। बरका सायाल और ऊरीमारी इलाकों में पत्रकारों ने देखा कि अब कोयला लोड करने के लिए मशीनें लगी हैं जिससे धूल कम उड़ती है और काम भी जल्दी होता है। सीसीएल ने गांव के लोगों को मछली पालन के लिए मदद दी है। अब कई परिवार इससे हर महीने हज़ारों रुपये कमा रहे हैं। पत्रकारों ने चूरी अंडरग्राउंड खदान का दौरा किया और देखा कि महिलाएं भी अब खदानों में काम कर रही हैं। आकांक्षा कुमारी, जो कोल इंडिया की पहली महिला माइनिंग इंजीनियर हैं, उनसे भी बातचीत की गई। सीसीएल में इस समय 4 महिला इंजीनियर खदानों में काम कर रही हैं। दौरे के दौरान पत्रकारों ने सीसीएल के बड़े अफसरों से मुलाकात की।

### 'रक्षक' योजना: बीमार कुत्तों का इलाज

सीसीएल की एक और खास योजना "रक्षक" के बारे में भी जानकारी दी गई। इस योजना में बीमार कुत्तों का इलाज कर उन्हें फिर से सुरक्षित जगह छोड़ा जाता है। इस योजना की तारीफ मेनका गांधी ने भी की है। दौरे के आखिर में प्रतिनिधिमंडल ने सीएमपीडीआई में जाकर 5जी लैब, पृथ्वी विज्ञान म्यूज़ियम और नई तकनीकों को देखा।

सीसीएल का नया चेहरा – सिर्फ कोयला नहीं, समाज की सेवा भी : सीसीएल अब सिर्फ कोयला नहीं निकालती, बल्कि बच्चों की पढ़ाई, महिलाओं को सशक्त बनाने, पर्यावरण बचाने और गांव के लोगों को रोज़गार देने में भी आगे है। सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह की अगुवाई में सीसीएल हर दिशा में बेहतरीन काम कर रही है और देश की तरक्की में बड़ा योगदान दे रही है।

## सुब्रतो कप फुटबाल प्रतियोगिता

# झारखंड बालिका व जनता प्लस टू विद्यालय की टीम विजयी



**खलारी।** प्रखंड स्तरीय लिटिल चैंप्स फुटबाल टूर्नामेंट व 64 वीं सुब्रतो कप फुटबॉल 2025-26 का आयोजन खलारी के गुलजारबाग मैदान में हुआ। जिसमें अंडर 17 बालिका वर्ग में जनता प्लस टू उच्च विद्यालय की टीम को 3-0 से हराकर झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की टीम खलारी प्रखंड की विजेता बनी। अंडर 17 बालक वर्ग में राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय राय को पनाल्टी शूटआउट में 3-2 से हराकर जनता प्लस टू उच्च विद्यालय की टीम विजेता बनी। इसके अलावा अंडर 15 बालक वर्ग में राजकीय मध्य विद्यालय डकरा को 1-0 से हराकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीरनगर की टीम विजेता बनी। पहली बार 8 से 12 वर्ष उम्र वर्ग के बच्चों के लिए लिटिल चैम्प फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें यूएमएस महावीरनगर को 2-0 से हराकर राउमवि बमने की टीम विजेता बनी। प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार, अंचल अधिकारी प्रणव अम्बष्ट व अन्य अतिथियों ने विजेता व उप विजेता दोनो टीमों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया। बीडीओ ने कहा कि विजेता व उपविजेता दोनो टीमों के खिलाड़ियों ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। आज जो टीम उपविजेता है वह आगे विजेता बन सकती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्द्धन किया। इससे पूर्व विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक ने फीता काटकर आयोजन का शुभारंभ किया।

## न्यूज बॉक्स

### सिल्ली में श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया



सिल्ली । सिल्ली भाजपा कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 73वां बलिदान दिवस मनाया गया।भाजपा नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अंबुज रजक ने कहा कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के कारण कश्मीर भारत का अभिभाज्य अंग बना। आजादी के बाद पंडित नेहरू एवं शेख अब्दुल्ला के साथ हुए समझौते के तहत जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त हुआ। इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद सांय, ललित प्रसाद, शेख इस्लाम, हरिहर महतो, कालीचरण महतो, दिनेश चंद्र महतो उपस्थित थे।

### सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**चान्हो।** प्रखंड स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोस में सोमवार को अंडर 17 बालिका वर्ग का सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता मे कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय चान्हो एवं प्रोजेक्ट प्लस टू उच्च विद्यालय टांगर के बीच खेला गया। जिसमें कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय ने प्रोजेक्ट +2 उच्च विद्यालय टांगर को 2-0 से पराजित कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित कर।

### रांची पुलिस का रातू में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान



**रातू ।** शराब को न और जिंदगी को हां करना है। शराब ने कईयों की जिंदगी उजाड़ दी और कई के घर बर्बाद कर दिए। आपके क्षेत्र में यदि कोई शराब का अवैध कारोबार करता है तो इसकी सूचना स्थानीय थाना को दें। उक्त बातें डीएसपी मुख्यालय टू अरविंद कुमार ने कही। वे रविवार को राज्य सरकार के निर्देशानुसार रांची पुलिस के सौजन्य से रातू स्थित फन कैशल पार्क के पास नशा मुक्ति जागरूकता अभियान को संबोधित कर रहे थे। थाना प्रभारी रामनरायण सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में युवा पीढ़ी नशे की चपेट में है। नशे में धूत हो वाहन ड्राइव कर रहे है और दुर्घटना का शिकार हो जा रहे है। उन्होंने जागरूकता अभियान में शामिल लोगों से नशा में अंकुश लगाने के लिए लोगों को जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को डीएसपी अरविंद कुमार ने नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए शपथ दिलाई। कार्यक्रम में एएसआई नवीन शर्मा समेत कई लोग उपस्थित थे।

### पिठौरिया पुलिस ने पांच अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**पिठौरिया।** पिठौरिया पुलिस ने जमीन खरीद-फरोख्त, ठगी, जालसाजी और चोरी के अलग-अलग मामलों में 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ पिठौरिया थाना में विभिन्न कांड दर्ज हैं।पिठौरिया थाना कांड संख्या 96/21: शाहबाज अंसारी, पिता जलाल अंसारी, ग्राम हेठ कोनकी,पिठौरिया थाना कांड संख्या 136/24: सिराज खान, पिता आजाद खान, ग्राम चेटर बुढीबागी,पिठौरिया थाना कांड संख्या 144/24: इरशाद अंसारी, पिता सैदून अंसारी, ग्राम कोकदोरो, पिठौरिया थाना कांड संख्या 82/25: रोहित उरांव, पिता विनोद उरांव और नईम खान, पिता स्वर्गीय इलाही खान, दोनों ग्राम चेटर बुढीबागी निवासी है।और पिठौरिया थाना प्रभारी अभय कुमार ने स्पष्ट किया है कि अभियुक्तों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। पुलिस का कहना है कि ऐसे अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी जो आम लोगों को ठगने का काम करते हैं।

### ब्राउन शुगर कारोबारी भाभी जी से रांची पुलिस ने उलवाए कई राज पुलिस ने भेजा न्यायिक हिरासत में

रांची। राजधानी सहित झारखंड के कई शहरों में ब्राउन शुगर सप्लाई नेटवर्क की सरगना रूबी उर्फ भाभी जी ने रांची पुलिस के सामने धंधे के कई राज उगले हैं। रांची के सुखदेवनगर थाने की पुलिस ने उसे तीन दिनों की रिमांड पर लेकर अवैध कारोबार के बारे में पूछताछ की। इसके बाद सोमवार को उसे न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेजा गया। बिहार के सासाराम की रहने वाली भाभी की गिरफ्तारी के लिए रांची पुलिस ने पिछले छह महीनों में उसके ठिकानों पर कई बार छापेमारी की थी, लेकिन वह हर बार बचकर निकलती रही। पुलिस की लगातार दबिश के बाद उसने पिछले हफ्ते रांची के कोर्ट में सरेंडर किया था। उसके खिलाफ रांची के सुखदेवनगर थाने में छह केस दर्ज हैं। रांची पुलिस ने जनवरी से लेकर अब तक ब्राउन शुगर के कारोबार में लिप्त 10 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। इन सभी ने पुलिस को बताया था कि इसकी सप्लाई उन्हें सासाराम से होती है और भाभी जी के नाम से जानी जाने वाली महिला इसकी लीडर है। उल्लेखनीय है कि भाभी का नाम सबसे पहले जनवरी में सामने आया था, जब रांची के कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने 12 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन ड्रग्स पैडलर को गिरफ्तार किया था। इसके बाद कई ऐसे मामले आयें जिससे भाभी का नाम लिया जाने लगा। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रूबी उर्फ भाभी सासाराम के मोची टोला की रहने वाली है।

### प्रखंड स्तरीय सुब्रतो फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन

# स्कूली बच्चों और ग्रामीण प्रतिभाओं को सशक्त मंच देना है : सुधीर मंगलेश

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**



दुलमी प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत सुब्रतो फुटबॉल टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिला कांग्रेस प्रवक्ता सह मीडिया चेयरमैन सुधीर मंगलेश, दुलमी प्रखंड बीडीओ अमित मिश्रा एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मिथलेश कुमार उपस्थित हुए। मौके पर खिलाड़ियों और उपस्थित दर्शकों को संबोधित करते हुए सुधीर मंगलेश ने कहा कि सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करने का प्रमुख उद्देश्य स्कूली बच्चों और ग्रामीण प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच देना है, ताकि वे अपनी खेल क्षमताओं का प्रदर्शन कर सकें और खेल भावना, अनुशासन, आपसी मेलजोल एवं टीमवर्क जैसे मूल्यों का विकास कर सकें। यह टूर्नामेंट ग्रामीण एवं सुदूर इलाकों में छिपे खेल कौशल को पहचानने, तराशने और आगे ले जाने का एक माध्यम है, जिससे युवा खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान स्थापित कर सकें। इसके साथ ही यह आयोजन बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, शारीरिक फिटनेस, मानसिक मजबूती और समग्र व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करने का कार्य करता है। दुलमी प्रखंड बीडीओ अमित कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा, युवा खिलाड़ियों का जोश और जज्बा देखकर बहुत खुशी हो रही है। यह आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का एक सशक्त साधन है। प्रशासन पूरी तत्परता से खेल और खिलाड़ियों के विकास में अपना सहयोग देता रहेगा, ताकि वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सके। खेल का आयोजन दुलमी प्रखंड बीआरसी द्वारा किया गया, जिसमें विनोद कुमार, मनोज कुमार, इंतखाब आलम, नरेश दिवान, बजरंग बली दुबे, ईश्वरी महतो, राजेन्द्र महतो, सुनील तुरी, महेंद्र महतो, मनोज कुमार, पवन कुमार समेत सैकड़ों खेलप्रेमी और दर्शक मौजूद रहे।

## दो माह के अंदर प्रदेश बिजली में हो जाएगा आत्मनिर्भर : योगेंद्र प्रसाद महतो

**रामगढ़।** रामगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की 32वीं वार्षिक आम सभा रविवार को चैंबर भवन में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। आमसभा दो सत्र में आयोजित की गई। पहले सत्र में व्यापारियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को जोरदार तरीके से उठाया। साथ ही सचिव मानु चतुर्वेदी ने सचिव प्रतिवेदन और कोषाध्यक्ष दिनेश पोददार ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। आमसभा में सभी पूर्व अध्यक्षों को चैंबर की ओर से प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही इस अवसर पर लघु उद्योग भारती के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विजय मेवाड़ को भी चैंबर की ओर से सम्मानित किया गया। आमसभा में दूसरा सत्र उद्घाटन सत्र के रूप में हुआ। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो, बतौर अति विशिष्ट अतिथि विधायक रामगढ़ विधानसभा ममता देवी और बतौर विशिष्ट तिथि फेडरेशन चैंबर के अध्यक्ष परेश गढ़नी थे। अतिथियों ने दीप जलाकर आमसभा का उदघाटन किया। अपने संबोधन में मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने कहा कि दो महीना अंदर झारखंड बिजली में आत्मनिर्भर बन जाएगा। वर्तमान समय में झारखंड को 2500 से 3000 मेगावाट बिजली की आवश्यकता है। दो माह के बाद झारखंड को अपने स्तर से 5000 मेगावाट बिजली मिलने लगेगी। उम्मीद है पूरे झारखंड को करीब 23 घंटा बिजली मिलेगी। उन्होंने बालू के मुद्दे पर कहा कि फिलहाल 33 प्रतिशत बालू घाटों की नीलामी हो चुकी है। 15 अक्टूबर के बाद शेष बालू घाटों का नीलामी होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से पानी आपूर्ति योजना के लिए 6500 करोड रुपए की राशि अब तक नहीं मिली है।

### अवैध बालू परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## 6 ट्रैक्टर जब्त, बालू तस्करों में मचा हड़कंप, प्राथमिकी दर्ज




**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

एनजीटी के बाबजूद बरही में बालू उत्खनन व परिवहन की शिकायते लगातार मिल रही थी. मामले को गंभीरता से लेते हुए सोमवार के अहले सुबह सीओ अमित किस्कू ने छापेमारी अभियान चलाया. इस दौरान अवैध बालू लदे छह ट्रैक्टरों को जब्त किया गया. जिससे बालू तस्करों में हड़कंप मच गया है. सीओ के निर्देशानुसार प्रभारी सीआई रीतलाल रजक जब्त ट्रैक्टर चालकों व मालिकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है. सीओ ने बताया कि 15 अक्तूबर तक एनजीटी लागू है. ऐसे में बालू घाटों से बालू का उत्खनन या परिवहन अवैध है. पंजीकृत बालू भंडारण से चलान लेकर ही बालू विक्रय किए जा सकते है. जानकारी के अनुसार वर्तमान में बरही प्रखंड क्षेत्र में एक भी अधिकृत बालूघाट या बालू भंडारण क्षेत्र नही है. विदित हो कि प्रखंडके डारों, गौरियाकरमा और कोल्हुआकला पंचायत के विभिन्न नदी क्षेत्र अवैध बालू का प्रमुख उत्खनन क्षेत्र माना जाता है. जहां प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर बालू के उत्खनन और परिवहन होते हैं.

### छत गिरने से दंपति की हुई मौत, प्रशासनिक अधिकारियों ने लिया जायजा

# डीसी ने जताया शोक, कहा - हर संभव दी जाएगी प्रशासनिक मदद



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

- **अबुआ आवास बनकर लगभग था तैयार, नियति ने नहीं किया इंतजार**

बीते अर्द्धरात्रि रसोईयाधमना गांव में छत गिरने से वार्ड सदस्या जुबेरा खातून व उनके पति हदीश अंसारी की दर्दनाक मौत हो गई. दोनो रविवार की रात्रि खाना खाने के बाद सो रहे थे. इसी क्रम में रात्रि लगभग 12 बजे यह हादसा हुआ. छत गिरने की आवाज सुनकर बगल के कमरे में सो रहे बच्चे आए और इस दर्दनाक मंजर की जानकारी पास पड़ोस को दिया. छत के मलबे में दबे दंपति को किसी प्रकार निकाल कर अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया. जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया.

**सूचना मिलते ही पहुंचा प्रशासन :** घटना की जानकारी होते हीं सीओ अमित किस्कू, बीडीओ जयपाल महतो, एसडीओ जोहन टुडू घटना स्थल पर पहुंचे. दोपहर होते ही डीसी के निर्देशानुसार डीडीसी इश्तायक अहमद भी पहुंचे और घटना को विस्तृत जानकारी ली. बीडीओ श्री महतो ने बताया कि छत काफी कमजोर थी. घटना की मुख्य वजह लगातार हो रही वर्षा है। उन्होंने बताया कि मृतक को 2024-25 में अबुआ आवास आवंटित किया गया था. एक लाख अस्सी हजार की राशि निर्गत की जा चुकी थी. आवास लगभग पूर्ण था. सिर्फ दरवाजा खिड़की लगना बाकी था. वर्तमान में शोकाकुल परिवार को इसी घर में शिफ्ट करा लिया गया है. तत्काल मुआवजा के रूप में 50 किलोग्राम चावल एवं 10,000/- रुपए की राशि उपलब्ध करवाई गई है. मृतक के दोनो बेटी आलिया प्रवीण व नाजिया प्रवीण को सत्र 2025-26 के लिए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के 9वीं व 7वीं कक्षा मे नामांकन और जिला बाल सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा दोनो बच्चियों को मिशन वात्सल्य योजना के तहत 4000 प्रति माह छात्रवृति तथा अंचल अधिकारी ने आपदा प्रबंधन ओर से आश्रित परिवार को 4 लाख प्रदान करने की प्रक्रिया आरंभ कर दिया है.

### घटना से गांव में मातम का माहौल

दर्दनाक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है. मुखिया गोविंद साहू, पंसस तैयब अंसारी, अल्प संख्यक कल्याण मोर्चा के मीडिया प्रभारी तौकीर रजा, भाजपा नेता अर्जुन साहू आदि सहित कई लोग घटना स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया. मुखिया श्री साहू ने बताया कि यह एक इत्तेफाक था, आवास लगभग बनकर तैयार था, कुछ हीं दिनो मे गृह प्रवेश होने की बात थी, जो शायद नियति को मंजूर नहीं था. पोस्टमार्टम के बाद दोनों दिवंगतों का स्थानीय कब्रिस्तान में नम आंखों से मिट्टी दी गई.

## भाजपा कैंट मंडल ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया




**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल द्वारा सोमवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया. मौके पर भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. सूर्यवंश श्रीवास्तव ने कहा की डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी महान शिक्षाविद्, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे. कहा की उनके बलिदान दिवस पर हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं. कहा की डॉ मुख़र्जी नव अपने प्राणों की आहुति देकर एक राष्ट्र एक संविधान के लिए जो संघर्ष किया वह आज भी भारत की एकता की नींव है। कहा की 23 जून 1953 को रहस्यमयी परिस्थितियों में उनकी मृत्यु ने पूरे देश को झकझोर दिया, लेकिन उनकी विचारधारा आज भी भारत के हर कोने में गूंजती है। कार्यक्रम में रामगढ़ कैंट मंडल महामंत्री ऋषिकेश सिंह, मिथिलेश मंडल, अजीत गुप्ता, संतोष साहू, सुशांत पांडे, सुरेंद्र शर्मा, बृजेश पाठक, विजय पाठक, राजा श्रीवास्तव, सुरजीत सिंह छाबड़ा उपस्थित थे.

## सांसद तीर्थ दर्शन कार्यक्रम में शामिल होंगे दर्जनों भाजपाई

**गोला।** हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल का सांसद तीर्थ दर्शन यात्रा का शुभारंभ 29 जून को तय है। निर्धारित तिथि को सांसद तीर्थ यात्रियों के प्रथम जत्थे की रवानगी हजारीबाग के कटकमदाग स्थित नृसिंह स्थान मंदिर प्रांगण से समारोह पूर्वक करेंगे। समारोह की सफलता को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने तैयारी शुरु कर दी है। इसकी तैयारी बैठक रविवार को बरलंगा के बैठक हारूबेड़ा स्थित लोहिया भवन में मंडल महामंत्री त्रिलोचन प्रजापति की अध्यक्षता व प्रदीप कुशवाहा के संचालन में हुई। मुख्य अतिथि जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जयसवाल ने बताया कि सांसद मनीष जयसवाल की ओर से सांसद तीर्थ दर्शन योजना का शुभारंभ किया गया है। इस योजना के माध्यम से लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक पंचायत से बस के माध्यम से 65 यात्रियों का तीर्थ दर्शन कराया जाएगा। सांसद प्रतिनिधि मनसु बेदिया ने बताया कि इस कार्यक्रम को लेकर मंडल क्षेत्र में लगभग 2000 आमंत्रण कार्ड का वितरण किया जाएगा।

### भाजपाइयों ने मनाया बलिदान दिवस, पार्टी के आक्रोश मार्च पर हुई चर्चा

# 24 जून को करेंगे प्रखंड का घेराव

- **मुख्यातिथि ने डॉ मुखर्जी के कार्यों की चर्चा करते हुए उनके बताए मार्ग का अनुसरण करने की अपील की**

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**



भाजपा पूर्वी व पश्चिमी मंडल की ओर से भाजपा कार्यालय में जनसंघ व भाजपा के संस्थापक सदस्य डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की स्मृति में बलिदान दिवस मनाया गया. पूर्वी मंडल अध्यक्ष भगवान केसरी व पश्चिमी मंडल अध्यक्ष विजय कुमार यादव के संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन नागेश्वर रजक ने किया. कार्यक्रम की शुरुआत बतौर मुख्यातिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने डॉ मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन के साथ किया. कार्यक्रम में पूर्वी व पश्चिमी मंडल के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे. मुख्यातिथि ने डॉ मुखर्जी के कार्यों की चर्चा करते हुए उनके बताए मार्ग का अनुसरण करने की अपील की. कार्यक्रम में अन्य वक्ता मुखिया मोतीलाल चौधरी, अर्जुन साव आदि ने भी अपने विचार रखे. कार्यक्रम के अंत में पार्टी के राज्य में गिरते कानून व्यवस्था के मद्दे नजर 24 जून को प्रस्तावित आक्रोश मार्च पर चर्चा हुई. जिसके तहत प्रखंड कार्यालय घेराव करने की रणनीति पर चर्चा हुई. जिसमें बतौर मुख्यातिथि स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव होंगे. आक्रोश मार्च एनएचएआई डाक बंगला से बरही चौक होते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचेगा. कार्यक्रम में प्रकाश ठाकुर, मोतीलाल चौधरी, हरेंद्र गोप, दिलीप ठाकुर, बालेश्वर यादव, इंद्रदेव ठाकुर, राजेश कुमार यादव, धर्मेंद्र यादव, रामेश्वर यादव, राजेंद्र स्वर्णकार राजेश कुमार, मुकेश कुमार बैठा, नवल किशोर सिंह, अशोक यादव, मनोज कुमार उपाध्याय, सुजीत कुमार, दिलीप यादव, गणेश दास आदि की भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे.

**प्रतियोगिता**

### एसजीएनपीएस ने उद्देश्यपूर्ण तरीके से ओलंपिक दिवस मनाया

# पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए खेल जरूरी है : प्राचार्य

- **कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रात:कालीन सभा से हुई**

**नवीन मेल संवाददाता**




**रामगढ़।** एसजीएनपीएस ने कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों की भागीदारी और उत्साह के साथ 23 जून को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रातःकालीन सभा से हुई। जिसमें विद्यार्थियों ने ओलंपिक खेलों के इतिहास और महत्व पर जानकारीपरक चर्चा में हिस्सा लिया। विश्व खेल आयोजन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक लघु ओलंपिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। सभा के बाद कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए कबड्डी, वॉलीबॉल, हॉकी और खो-खो जैसी विभिन्न खेल गतिविधियां आयोजित की गईं। ये आयोजन ऊर्जा, टीमवर्क और सक्रिय भागीदारी से भरे हुए थे। प्रधानाचार्य हरजाप सिंह ने विद्यालय प्रबंधन समिति प्रमुख के साथ सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। प्रधानाचार्य ने कहा ऐसे आयोजन न केवल शारीरिक शक्ति का निर्माण करते हैं बल्कि छात्रों को टीमवर्क अनुशासन और सम्मान के मूल्यों को भी सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ विद्यार्थियों के लिए खेल जरूरी है। मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के प्रमुख सरदार परमदीप सिंह कालरा, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य सरदार मनमोहन सिंह लाम्बा, सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, सरदार सुरेंद्र पाल सिंह चंडोक, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार वरींदर सिंह चंडोक, सरदार गुरप्रीत सिंह जौली, सरदार नरेंद्र पाल सिंह गुजराल, सरदार पुश्वींदर पाल सिंह, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार गुरदीप सिंह सैनी, सरदार सतींदर सिंह होरा, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली,सरदार गुरप्रीत सिंह चाना ,सरदार रमन बेदी ने विद्यार्थियों की मेहनत की प्रशंसा की और साथ ही विजेताओं को पदक देकर सम्मानित किया ।

## जोड़ा तालाब की होगी जल्द सफाई



**मांडू।** मांडू का ऐतिहासिक जोड़ा तालाब ब्रिटिश काल से राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर स्थित गांव की हृदय स्थली बना हुआ है। पंचायत के करीब पांच हजार लोग इस जोड़ा तालाब का उपयोग करते है। कई वर्ष पहले सीसीएल कुजू क्षेत्र ने सीएसआर मद से जोड़ा तालाब के सौंदर्यीकरण पर लाखों रुपये खर्च किया। इससे तालाब का दशा तो बदल गई, परंतु तालाब के चारों ओर अभी भी हर समय गंदगी पसरी रहती है। गंदगी के कारण तालाब का पानी भी हरा हो गया है। हिन्दुस्तान के बोले रामगढ़ टीम से मांडूडीह के लोगों ने समस्या साझा की। मांडूडीह एनएच 33 के हृदय में बने गांव की सुंदरता में चार चांद लगाने वाले जोड़ा तालाब में फैली गंदगी से ग्रहण लगा हुआ है। सफाई और गहरीकरण का काम नहीं होने के कारण दोनों तालाबो में पानी कम होती जा रही है। एक हिस्से घास के मैदान जैसे नजर आ रहे हैं। तालाब में फैली गंदगी की साफाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। शुरू से ही ये तालाब ग्रामवासियों के लिए जीवनदायिनी रही है। आज तक इस तालाब का पानी पूरी तरह कभी नहीं सूखा। लेकिन, देख-रेख की कमी में अब इस तालाब का अस्तिव खतरे में है। यहां आने वाले लोगों द्वारा फेंका गया प्लास्टिक रैपर्स और कचड़ा के कारण तलाब गंदा हो रहा है। साथ ही घर से निकलने वाला कचड़ा तालाब में फेंके जाने से इसका दायरा घटता जा रहा है। आज भी बड़ी संख्या में लोग कई तरह के काम के लिए जल के उपयोग के लिए तालाब पर निर्भर हैं।

# न्यूज बॉक्स

### 9 जुलाई को देवचंदा डाकघर में आयोजित होगा डाक चौपाल मेला, बैठक



**बरही ।** 9 जुलाई को आयोजित होने वाले डाक चौपाल मेले की तैयारी को लेकर शाखा डाकपाल रघुबीर ठाकुर की अध्यक्षता में देवचंदा डाकघर में एक आवश्यक बैठक बुलाई गई. जिसमे मुख्य रूप से मेला ओवरसियर रंजन कुमार सहित कई ग्रामीण शामिल हुए. डाकपाल ने लोगों को मेले संबंधित जानकारी देते हुए डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दिया. डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा की जानकारी देते हुए अधिकाधिक लाभ लेने की अपील किया. ओवरसियर ने भी डाक विभाग के कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बचत खाता, आरडी खाता, सुकन्या समृद्धि योजना आदि विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों को उसकी उपयोगियों से अवगत कराया. अंत में उपस्थित ग्रामीणों से डाक चौपाल मेले में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील किया. बैठक में किशुन ठाकुर, अभय कुमार, सनी कुमार, लुई सिवानी बारला, अविनाश कुमार, राजा प्रसाद सहित डाककर्मी व कई ग्रामीण उपस्थित थे.

### मारपीट, गाली गलौज को लेकर महिला ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**बरही ।** बदीया ज्वार निवासी बसारत अंसारी की पत्नी समीना खातून ने अपने ही पड़ोसी के खिलाफ मारपीट गाली गलौज और अभद्रता से संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई है. प्राथमिकी के अनुसार पड़ोसी मुस्लिम अंसारी ने बीते दिन दोपहर साढ़े बारह बजे गाली गलौज करते हुए उसके घर के बाहर आया. जब वह बाहर निकली तब लाठी डंडे से उसे मारा और सड़क पर घसीटते हुए उसके साथ ज्यादती किया. इससे उसके केहूनी में काफी चोट आई और काफी मात्रा में रक्त स्त्राव भी हुआ. घटना का वीडियो बताओ साक्ष्य पीड़िता के पास उपलब्ध है. किसी प्रकार हल्ला करके वह अपना जान बचाई. आवेदन में महिला ने 27 अप्रैल 2025 को भी जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है. इस संबंध में पुलिस ने महिला ने आवेदन में यह भी बताया है कि असरफ अंसारी के दो पुत्र मुस्लिम मियां व कयूम अंसारी तथा मुस्लिम मियां के दो पुत्र जावेद अंसारी व अफरोज अंसारी के खिलाफ बरही थाना कांड संख्या 186/24 दर्ज है.

### सांसद तीर्थ दर्शन का 29 जून से शुभारंभ, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस ने दी जानकारी



**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा 29 जून से सांसद तीर्थ दर्शन का शुभारंभ होने जा रहा है। यह योजना विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है, जिसके अंतर्गत उन्हें उत्तरप्रदेश के चार प्रमुख तीर्थ स्थलों – वाराणसी, प्रयागराज (संगम), अयोध्या और विंध्याचल – की यात्रा कराई जाएगी। सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस ने सोमवार को इस ऐतिहासिक और जनसरोकार से जुड़े कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने कहा की सांसद मनीष जायसवाल के नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में जनसेवा और विकास का जो नया अध्याय लिखा जा रहा है वह अनुकरणीय है। सांसद तीर्थ दर्शन न केवल बुजुर्गों के प्रति सम्मान और सेवा का प्रतीक है बल्कि समाज के संस्कारों और आध्यात्मिक मूल्यों को मजबूत करने की दिशा में एक सशक्त प्रयास भी है। धनंजय कुमार पुटूस ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत वातानुकूलित विशेष बस में एक बार में लगभग 65 बुजुर्ग तीर्थयात्रा पर जा सकेंगे। यात्रा की शुरुआत 29 जून को हजारीबाग के प्रसिद्ध नरसिंह स्थान प्रांगण में सुबह 11:00 बजे से विधिवत रूप से किया जाएगा। धनंजय कुमार पुटूस ने यह भी बताया कि सांसद द्वारा शुरू की गई इस योजना को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह है और बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों ने आवेदन भी किया है। सांसद के इस अनूठे प्रयास से सामाजिक समरसता को भी बल मिलेगा।

### 1 जुलाई से ब्लू ड्रेस में दिखेंगे सभी कोयलाकर्मी



**हजारीबाग।** सी आई टी यू जिला उपाध्यक्ष गणेश कुमार सीटू ने बताया कि अप्रैल 2025 में कोल इंडिया प्रबंधन और यूनियन प्रतिनिधियों के बीच कर्मचारियों के ड्रेस कोड के संबंध में लिया गया फैसला 1 जुलाई 25 से कोल इंडिया एवं उनके सभी अनुषंगी कंपनियां में लागू हो जाएगा । इसके लिए कोल इंडिया ने प्रत्येक श्रमिकों के खाते में 12500 रुपया भेजना आरंभ कर दिया है । इसके लिए कोल इंडिया ने 274.93 करोड़ रूपया का भुगतान अपने सभी अनुषंगी कंपनियों को करना आरंभ कर दिया है ।सीसीएल ने शुक्रवार से अपने कर्मचारियों के खाते में ड्रेस खरीदारी के लिए निर्धारित राशि का भुगतान करना आरंभ कर दिया है। अब कॉल इंडिया के समस्त पुरुष कर्मचारी नेवी ब्लू फुल पैंट और स्काई ब्लू शर्ट एवं महिला कर्मी मैरून कलर का साड़ी या कुर्ता और ब्लैक कलर का पजामा और दुपट्टा में दिखेंगे. कोल इंडिया ने कपड़ा खरीदने के लिए देश के नमचीन कंपनियां का नाम कर्मियों को दिया है जैसे रेमंड ,रामराज कॉटन, अरविंद लिमिटेड,लुई फिलिप्स ,ब्लैकबेरी, विस्पन इंडिया आदि कंपनियां है । कोल इंडिया ने इसके लिए सीसीएल को 41.26 करोड़, ईसीएल को 58.52 करोड़ ,बीसीसीएल को 40.05 करोड़, डब्ल्यू सी एल को 40.28 करोड़, एस ई सी एल को 47.14 करोड़, एमसीएल को 26.23 करोड़ ,एनसीएल को 16.59 करोड़, एन ई सी को 3 . 37 करोड़, सीएमपीडीआई को 67 लाख और कोल इंडिया मुख्यालय को 80 लाख रुपया दिया है ।

### 24 जून से बलकुदरा का संप्रेषण रोकेगी रोड सेल समिति

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा कोलियरी विस्थापित प्रभावित रोड सेल समिति ने 24 जून 2025 से बलकुदरा खुली खदान का पूर्ण संप्रेषण अनिश्चित काल के लिए बंद करने की चेतावनी को लेकर रविवार को बैठक की। इसमें चारों राजस्व ग्राम बलकुदरा, कुरसे, देवरिया और दुंदुवा के विस्थापितों ने भाग लिया और सीसीएल प्रबंधन व बरका-सयाल प्रक्षेत्र के जीएम पर छल और विश्वासघात का आरोप लगाया। दर्शन गंझू की अध्यक्षता और संतोष मांझी के संचालन में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि विस्थापितों ने एकजुट होकर सीसीएल प्रबंधन को लिखित समझौता दिया था, जिसमें यह तय हुआ था कि भविष्य में यदि कोई नया विस्थापित आता है तो उसे समिति में शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही, क्षेत्र के बेरोजगारों को भी समिति से जोड़ा जाएगा। इसके बावजूद प्रबंधन ने रोड सेल खोलने की दिशा में पहल न कर विस्थापितों के साथ छल किया है। वक्ताओं ने कहा कि अब कुछ फर्जी और नकारात्मक तत्व समिति में घुसपैठ कर रोड सेल को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं।

# सरकारी योजना के तहत बनी सड़क की पहली बारिश ने खोली पोल

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखंड में हाल ही में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना अंतर्गत जलडेगा ब्लॉक ऑफिस से खरवागढ़ा तक पथ का विशेष मरम्मती कार्य के तहत बनाई गई सड़क में गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। महज 6 महीना पहले बनी सड़क पहली ही बारिश में धंसने लगी है। सड़क पर पड़ी दरारों को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितता का आरोप लगाया है और इसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। जानकारी के अनुसार, यह सड़क पतिअम्बा पंचायत के खरवागढ़ा गांव तक जाती है, जिसकी कुल लंबाई लगभग 6.300 किलोमीटर है, जिसे वैष्णवी इंफ्रा प्रोजेक्ट ने बनवाया है।

**कालीकरण में लापरवाही बरतने का आरोप**

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के कालीकरण में घोर लापरवाही बरती गई है। इसलिए पहली बारिश में ही सड़क पर दरारें पड़ने लगी है और कई जगहों से डामर भी उखड़ने लगा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, संवेदक वैष्णवी इंफ्रा प्रोजेक्ट ने सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया है और रोलर का भी ठीक से इस्तेमाल नहीं किया गया है। जिससे मिट्टी में पर्याप्त वाइब्रेशन नहीं हुआ और सड़क की सतह कमजोर रह गई. इसी वजह से भारी वाहनों के गुजरने से सड़क की मिट्टी दबने लगी है और जगह-जगह सड़क धंसने लगी है।

**विभाग की मिलीभगत या लापरवाही जांच की मांग**

ग्रामीणों के अनुसार, सड़क के कई स्थानों पर किनारे की मिट्टी धंसने से लगी है। जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निगरानी करना विभाग का काम है, लेकिन सड़क की मौजूदा स्थिति देखकर लग रहा है कि विभाग ने अपना काम ठीक से नहीं किया। संदेह जताया जा सकता है कि इस घटिया निर्माण कार्य में विभाग की मिलीभगत होगी या फिर घोर लापरवाही बरती गयी होगी।

**छह महीने में ही धंसने लगी नई सड़क**



## कार्यपालक अभियंता ने कहा - घटिया निर्माण होता तो सड़क छह महीना भी नहीं टिकता

मामले को लेकर आरईओ के कार्यपालक अभियंता राम नरेश शरण से बात की गई तो उन्होंने कहा कि संदेवक के पास तीन साल का समय है मेंटेनेंस के लिए वो ठीक कर देगा। हालांकि जब उनसे पूछा गया कि आखिर इतनी जल्दी सड़क उखड़ने के पीछे क्या कारण हो सकता है क्या निर्माण कार्य में अनियमितता बरती गई?... उन्होंने कहा अगर अनियमितता बरती गई होती तो छह महीना भी रोड नहीं टिकता, छह महीना टीका वो ही बड़ी बात है।

ठेठईटांगर में कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान

## नवनियुक्त पदाधिकारियों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आज ठेठईटांगर प्रखंड मुख्यालय में संगठन सृजन अभियान के तहत एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिमडेगा जिला कांग्रेस अध्यक्ष डेविड तिर्की तथा विशिष्ट अतिथि पर्यवेक्षक जॉनसन मिंज उपस्थित रहे।बैठक में डेविड तिर्की ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की दिशा में कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा उठाए गए जनमुद्दों को गांव-गांव तक पहुँचाना कांग्रेसजनों की ज़िम्मेदारी है। वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में संविधान की रक्षा एक बड़ी चुनौती है, जिसे कार्यकर्ताओं को पूरी मजबूती से स्वीकार करना होगा। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रखंड कमेटी के उपाध्यक्षों एवं महासचिवों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया और शुभकामनाएं दी गईं। नवनियुक्त उपाध्यक्षों में बीरबल बड़ाइक, इसहाक डुंगडुंग, और महासचिवों में सफीक अंसारी, रोयान डांग, जोरजीना समद, कमला कुल्लू, जीवन मसीह समद, ज्योति लकड़ा, अनिल लकड़ा, जेम्स कांडुलना, सुशील बोदरा शामिल हैं।बैठक में जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष रावेल लकड़ा, जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, सांसद प्रतिनिधि अमित मिंज, प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, वारिस राजा, प्रखंड अल्पसंख्यक अध्यक्ष मोहम्मद वाहिद, मोजेश समद सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं जनता की समस्याएं

# अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के दिए दिशा- निर्देश

- जिला शिक्षा अधीक्षक को स्पेलिंग त्रुटि का प्रमाण पत्र जारी कर विद्यालय भेजने का निर्देश दिया

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार के माध्यम से आमजनों से सीधे संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनी। जनता दरबार के दौरान कई फरियादियों ने व्यक्तिगत व सामाजिक समस्याएं रखीं। इनमें अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने, जमीन विवाद, रैयती जमीन का दाखिल-खारिज, अनुकम्पा पर नियुक्ति, सड़क निर्माण, विद्युत कनेक्शन की समस्या, रोजगार उपलब्ध कराना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ, विद्यालय भवन मरम्मत, होमगार्ड नियुक्ति एवं जवाहर नवोदय विद्यालय में नामांकन से संबंधित मुद्दे शामिल थे। उपायुक्त ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों और प्रखंड कार्यालयों को त्वरित जांच कर समयबद्ध समाधान का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक आवेदन की गंभीरता से समीक्षा की जाए और आवेदकों को जल्द से जल्द उचित लाभ प्रदान किया जाए। जनता दरबार के दौरान मुन्नी देवी ने अपने पुत्र केसरी साहू का जवाहर नवोदय विद्यालय, कोलेबिरा में नामांकन कराने हेतु गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि पुत्र केसरी साहू ने जी.एल. मध्य विद्यालय, कोलेबिरा में पांचवीं कक्षा तक पढ़ाई की और 6 वीं कक्षा के लिए नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा भी उत्तीर्ण की है, किंतु यू-डैस पोर्टल पर नाम की स्पेलिंग में त्रुटि के कारण नामांकन में समस्या आ रही है। आधार कार्ड में नाम की स्पेलिंग सही है। इस पर उपायुक्त ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक से फोन पर बात कर बच्चें का नामांकन सुनिश्चित करने को कहा और जिला शिक्षा अधीक्षक को स्पेलिंग त्रुटि का प्रमाण पत्र जारी कर विद्यालय भेजने का निर्देश दिया। इसी दौरान सिमडेगा प्रखंड के दिया पत्थर गांव, पंचायत कुल्लूकेरा की आदिम जनजाति की महिला राधिका बिरहोर एवं उनके पति बिरसु बिरहोर ने रोजगार और नया राशन कार्ड दिलाने का आवेदन दिया। राधिका बिरहोर ने बताया कि उनका चयन आंगनवाड़ी सहायिका के पद पर जनवरी माह 2025 में हुआ था, परंतु अब तक नियुक्ति पत्र नहीं मिला है। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को इस मामले का शीघ्र निपटारा करने का निर्देश दिया।जनता दरबार में अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, जिला नियोजन पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा समेत कई अधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने का निर्देश दिया।

## हत्या के आरोपी अजय सिंह को आजीवन कारावास, 25,000 का जुर्माना

**सिमडेगा।** महाबुआंग थाना क्षेत्र के चर्चित हत्या कांड में सोमवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिमडेगा की अदालत ने आरोपी अजय कुमार सिंह उर्फ अजय कुमार बेड़ाईरगी बड़काटोली निवासी को आजीवन कारावास और 25,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई।यह सजा महाबुआंग थाना कांड संख्या 06/2023, दिनांक 10.07.2023, धारा 302/201 भा.दं.वि. के तहत सुनाई गई। मामले की सफल अभियोजन में पुलिस की वैज्ञानिक अनुसंधान, साक्ष्य संकलन एवं सभी गवाहों को समय पर न्यायालय में उपस्थित कराने की प्रमुख भूमिका रही। अभियोजन पक्ष से लोक अभियोजके अमर कुमार चौधरी ने पैरवी की, जबकि अनुसंधानकर्ता सब इंस्पेक्टर हेम किशोर गुप्ता रहे।मृतक पुना कन्डूलना अपने गांव के ही अजय सिंह, जुनुल कन्डूलना और अन्य के साथ काम करने निकला था। दिनांक 09 जुलाई 2023 की रात जब वह घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने खोजबीन की। देर रात बेड़ाईरगी गिरजाटोली पुलिया के पास उसका शव खून से लथपथ अवस्था में पाया गया। पास में मृतक का चप्पल और एक हॉकी डंडा पड़ा हुआ था।पुलिस जांच में सामने आया कि दिन में अजय सिंह, जो नशे की हालत में था, ने पुना से उसका स्पीकर मांगा, लेकिन इंकार करने पर दोनों के बीच झगड़ा हुआ। रात में अन्य साथी अपने घर चले गए, लेकिन अजय सिंह ने पास की दुकान से एक टांगी उठा ली और बाद में उसी से वार कर पुना की हत्या कर दी।

## सिमडेगा कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेस चुनाव की हुई घोषणा

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** जिला कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को युवा कांग्रेस संगठनात्मक चुनाव की घोषणा की गई। प्रेस वार्ता के माध्यम से यह जानकारी बिहार से आए झारखंड प्रदेश के जिला चुनाव प्रभारी विशाल कुमार यादव ने दी। उन्होंने बताया कि यह चुनाव भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा झारखंड प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सदस्यता, नामांकन, मतदान और परिणाम तक की प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से होगी।विशाल यादव ने बताया कि सदस्यता अभियान 27 जून 2025 से 3 जुलाई 2025 तक चलेगा, जबकि ऑनलाइन नामांकन 27 जून से 4 जुलाई तक होगा।

मतदान की तिथि 9 जुलाई 2025 तय की गई है। उम्मीदवार की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए और वह यूथ कांग्रेस का सक्रिय सदस्य होना चाहिए। उन्होंने बताया कि यह चुनाव कांग्रेस नेता राहुल गांधी के निर्देशानुसार अधिक से अधिक युवाओं को लोकतंत्र की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु कराया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इस चुनाव के माध्यम से योग्य, कर्मठ और सामाजिक युवाओं को राजनीति में नेतृत्व का अवसर दिया जाएगा, ताकि वे संगठन और देश निर्माण में अपनी भागीदारी निभा सकें।

## पांच प्रत्याशियों ने वापस लिया नाम, 43 प्रत्याशी मैदान में

**सिमडेगा।** सिमडेगा चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के चुनाव में कल 43 प्रत्याशी मैदान में डटे हुए हैं। चुनाव प्रभारी भरत भूषण सारंगी ने बताया कि नाम वापसी के अंतिम दिन अंतिम समय तक पांच उम्मीदवारों ने अपना नाम वापस लिया है। नाम वापस लेने वाले में मनीष कुमार केसरी, तारकेश्वर गिरी, अनिल मित्तल, सत्यनारायण प्रसाद और विनोद कुमार गुप्ता शामिल है। अब टीम मोती से 21 सदस्य, टीम राजू शर्मा से 21 सदस्य और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नरेश शर्मा मैदान में खड़े हैं। चुनाव 29 जून दिन रविवार को आनंद भवन धर्मशाला में होगा।

## चोरी की बाइक के साथ एक युवक गिरफ्तार, पुलिस ने जब्त की बाइक

**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस ने गरजा में हुए मोटरसाइकिल चोरी के मामले में बाइक चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सोमवार को जानकारी देते हुए थाना प्रभारी रोहित कुमार रजक ने बताया कि थाना क्षेत्र में 21 जून को मोटरसाइकिल चोरी हुई थी इस मामले में सिमडेगा थाना ने प्राथमिकी संख्या 72/2025, दिनांक 21/06/2025, धारा 303(2) बीएनपीएसए 2023 के तहत कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 21 जून 2025 को सिमडेगा थाना क्षेत्र के मुपफसिल इलाके में रहने वाले त्रिभुवन साहू ने अपनी मोटरसाइकिल चोरी की लिखित सूचना दी थी। पीड़ित ने बताया कि रात करीब 4 बजे उनकी सिल्वर रंग की होरो होंडा सीडी 100 डिलक्स बाइक दुकान के सामने से चोरी हो गई थी।

## जामटोली गांव के पास सड़क दुर्घटना में दो युवकों की दर्दनाक मौत एक घायल

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा पालकोट सीमान जामटोली ग्राम के समीप सड़क दुर्घटना में दो युवक की हो गई मौत एक गंभीर रूप से घायल।मिली जानकारी के अनुसार तीनों युवक एक मोटरसाइकिल जिसका नंबर जे एच01एफ यु 7507 कोलेबिरा की ओर आ रहे थे जैसे ही तीनों युवक कोलेबिरा पालकोट सीमान जामटोली ग्राम के समीप विपरीत दिशा से जा रही टेलर जिसका नंबर आर जे 02जी बी 1944 से सीधी भिड़ंत हो गई। सीधी भिड़ंत होने के कारण दो युवक कोलेबिरा प्रखंड के लचरागढ़ कॉम्बकेरा निवासी अमित वाधवार पिता पलटु बाधवार सूरज बधवार पिता मोहनू बधवार टेलर के नीचे चले गए इसके चलते टेलर से दबाकर उन दोनों युवकों की दर्दनाक मौत हो गई ।

## बोलबा लैम्पस में किसानों का धान खरीद भुगतान पांच साल से लंबित

**बोलबा।** प्रखंड के पाकरबहार गांव निवासी किसान जेवियर लकड़ा, पिता स्व. अलबिनुस लकड़ा, को पांच साल बाद भी अपने बेचे गए धान का भुगतान नहीं मिला है। किसान ने बताया कि फरवरी 2020 में उसने बोलबा लैम्पस के सचिव रघुनंदन सिंह को 16 क्विंटल धान बेचा था, लेकिन अब तक एक भी रुपया भुगतान नहीं हुआ।जेवियर लकड़ा ने कहा कि वह 2020 से लगातार लैम्पस कार्यालय के साथ-साथ प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय, जिला लैम्पस कार्यालय, यहां तक कि उपायुक्त के जनता दरबार में भी कई बार लिखित आवेदन दे चुके हैं, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

सिमडेगा पुलिस ने छेड़ी नशा के खिलाफ जंग, स्कूलों में चला रही जागरुकता अभियान

# एसपी ने बच्चों को दिलाई शपथ

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** जिले में युवाओं को नशे की लत से बचाने और एक स्वच्छ, सुरक्षित समाज के निर्माण की दिशा में सिमडेगा पुलिस ने एक विशेष अभियान की शुरुआत की है। इसके तहत स्कूलों में जाकर छात्रों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया जा रहा है और उन्हें नशामुक्त जीवन की शपथ दिलाई जा रही है।

इसी क्रम में सेंट मेरिज प्लस टू स्कूल, सिमडेगा में सोमवार को एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें एसपी मो. अर्शी एवं पुलिस उपाधीक्षक रणवीर सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर एसपी ने कहा कि सिमडेगा को खेलों की नगरी के रूप में पहचान मिली है। यहां के युवा हॉकी सहित कई खेलों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। लेकिन नशा एक ऐसी बुराई है जो न केवल स्वास्थ्य को बल्कि करियर को भी बर्बाद कर देती है। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे नशे से दूर रहकर खेल और पढ़ाई को ही अपना लक्ष्य बनाएं। इसी से न केवल उनका भविष्य उज्ज्वल होगा बल्कि परिवार और समाज भी सशक्त बनेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों, शिक्षकों एवं अधिकारियों ने नशा से दूर रहकर समाज को स्वच्छ और सशक्त बनाने की शपथ ली। इस अवसर पर थाना प्रभारी रोहित कुमार रजक, विद्यालय प्राचार्य फा. फेड्रिक, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बेरोजगार युवाओं के लिए प्रशिक्षण और रोजगार योजना की समीक्षा

सिमडेगा आरसेटी बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** सिमडेगा में उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आरसेटी परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मार्च तिमाही वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने वर्षभर की उपलब्धियों का जायजा लेते हुए बताया कि सरकार द्वारा 1150 बेरोजगार युवक-युवतियों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित था, जिसके विरुद्ध अब तक 930 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इनमें से 665 युवक-युवतियों को रोजगार से जोड़ा गया है तथा 345 युवाओं ने बैंक लोन व महिला समूहों के माध्यम से स्वरोजगार प्रारंभ कर आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाए हैं।बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कार्य योजना पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने बताया कि इस वर्ष 1000 बेरोजगारों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार प्रतिमाह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तथा प्रशिक्षित युवाओं को बैंक लोन की सुविधा प्राथमिकता से दी जाए।

# न्यूज बॉक्स

## बानो में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया



**बानो।** भारतीय जनता पार्टी बानो मंडल की ओर से भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माला अर्पण एवं पुष्पांजलि के साथ की गई।इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी विश्वनाथ बड़ाईक ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और सिद्धांतों के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश को उनके बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है, ताकि राष्ट्र निर्माण में हर नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित हो।कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुषमा मिश्रा, मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह, महामंत्री बलराम सिंह, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रीना देवी, महामंत्री रेनू कुमारी, रूक्मणी देवी, कल्पना तमगाड़िया, रामकिशोर सिंह, महावीर सिंह समेत कई पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।सभी ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र के लिए दिए गए बलिदान को याद करते हुए उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

## मरानी में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के नए भवन का लोकार्पण



**बानो।** बानो प्रखंड के मरानी गांव में सोमवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के नवनिर्मित भवन का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. तनुजा मुंडा ने की। शिलापट्ट अनावरण और फीता काटकर भवन का लोकार्पण किया गया।दो मंजिला भवन का निर्माण केशु भाई, हरि भाई गोटी चैरिटेबल ट्रस्ट सूरत, और सहयोगी विमल नितिन नेमचंद रांभिया (मुंबई) के सहयोग से हुआ है। मुख्य दाता केशु भाई ने छात्रावास, पाकशाला और तीसरे तल के निर्माण में सहयोग की घोषणा की।ग्राम विकास मार्गदर्शक कृपा प्रसाद सिंह व महाराज प्रदीप जी ने संस्था के कार्यों की सराहना की। प्रधानाचार्य मानुएल मुंडा ने इसे विद्यालय के लिए मील का पत्थर बताया।कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ हुईं। आदिवासी नृत्य व झारखंडी लोककला ने उपस्थित अतिथियों को प्रभावित किया। संचालन प्रदीप भैया, स्वागत जगमोहन बड़ाइक, व धन्यवाद ज्ञापन रामनरेश साहू ने किया।

## बानो थाना में नाबालिग किशोरी के अपहरण का मामला दर्ज

**बानो।** बानो रेलवे कॉलोनी निवासी किरण देवी ने अपनी नाबालिग पुत्री के अपहरण का मामला दर्ज कराया है। दर्ज मामले के आलोक में पुलिस जांच कर रही है। आवेदन में कहा गया है कि उनकी बेटी रांची में रहकर पढ़ाई करती थी।वहीं रांची धुर्वा निवासी जितेश कुमार भी साथ में ही पढ़ाई करता था।इसी क्रम में दोनों के बीच परिचय हुआ और बातचीत का सिलसिला बढ़ता गया। मिली जानकारी के अनुसार उक्त युवक ने 21 जून की सुबह नाबालिक किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया।इस संबंध में पीड़िता की मां किरण देवी ने बानो थाना में अपहरण का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करया।पुलिस ने बताया कि पीड़िता की मां के आवेदन के आलोक पर बानो थाना में कांड संख्या 41/25 दिनांक 22-05-25 धारा 137(2)/96/353 बीएनएस के तहत अंकित करते हुए मामला दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच करते हुए नाबालिक किशोरी को ढूंढने का प्रयास कर रही है।

## कोलेबिरा पुलिस की छापेमारी, 48 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

**कोलेबिरा ।** पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान के तहत अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया। इस कार्रवाई में पुलिस ने करीब 48 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने इस संबंध में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है और पूछताछ जारी है। बताया गया कि यह शराब अवैध रूप से बिक्री के लिए संग्रहित की गई थी। पुलिस इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।कोलेबिरा पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में नशा व अवैध शराब के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया



**कोलेबिरा।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक और राष्ट्र की एकता-अखंडता के प्रबल समर्थक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस भारतीय जनता पार्टी मंडल कोलेबिरा द्वारा श्रद्धापूर्वक मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार ने उन्हें संस्कृतिक राष्ट्रवाद का पुरोधा बताते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर और बंगाल को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए आजीवन संघर्ष किया।उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीतियों से असहमति होने के बावजूद उन्होंने गांधीजी के आह्वान पर स्वतंत्र भारत की पहली सरकार में सेवा दी, लेकिन वैचारिक मतभेद के कारण इस्तीफा देकर जनसंघ की स्थापना की।इस अवसर पर जिला मंत्री दिलेश्वर सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि चिंतामणि कुमार, कृष्णा दास, सरस्वती कुमारी, भागीरथी कुमारी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नवनियुक्त पदाधिकारियों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र

**बोलबा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संगठन सृजन अभियान के तहत बोलबा प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन प्रखंड अध्यक्ष प्रेम दास ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस अध्यक्ष डेविड तिर्की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पर्यवेक्षक जॉनसन मिंज उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त करना है।

### जिले में बढ़ती नशे की समस्या को लेकर उपायुक्त गंभीर

# नशा मुक्ति के लिए मिशन मोड में कार्रवाई शुरू करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



जिले में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को देखते हुए उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने इस गंभीर समस्या पर संज्ञान लेते हुए सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने संबंधित विभागों—जैसे पुलिस,स्वास्थ्य,शिक्षा, सामाज कल्याण एवं जनसंपर्क को निर्देशित किया है कि नशे की रोकथाम हेतु समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा है कि नशे की चपेट में आ रही युवा पीढ़ी को बचाने हेतु जिला प्रशासन कटिबद्ध है। इस क्रम में जनजागरूकता अभियान को गति देने के लिए विविध प्रचार-प्रसार माध्यमों का उपयोग करते हुए आम जनता, विशेषकर युवाओं के बीच जागरूकता फैलाने का कार्य प्रारंभ किया गया है। इसी कड़ी में आज परिसदन भवन में केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान,कांके, रांची (CIP) से तीन सदस्यीय विशेषज्ञों की टीम जिसमें डॉ संजय कुमार मुंडा, प्रोफेसर मनोरोग, डॉ अनिरुद्ध मुखर्जी, प्रोफेसर मनोरोग एवं डॉ प्रशांत श्रीवास्तव, सहायक प्रोफेसर मनोरोग शामिल है, उपायुक्त से मिलने हजारीबाग पहुंची है। यह टीम जिले में नशा से संबंधित मानसिक, सामाजिक एवं शारीरिक पहलुओं का गहन अध्ययन करते हुए सुझाव एवं सहयोग प्रदान करेगी। उपायुक्त के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा जिले में स्थायी नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना की जाएगी,जहाँ पीड़ितों को परामर्श,उपचार और पुनर्वास की व्यापक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान पर शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

जिला प्रशासन, केंद्र सरकार की धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान को सफल बनाने में जुट गया है. धनबाद में 15 से 30 जून तक यह अभियान चलाया जा रहा है. इस योजना के तहत जिले के 196 जनजातीय आदिवासी गांव का चयन किया गया है. अब तक इस योजना के तहत 109 शिविर लगाए जा चुके हैं. जिसमें 10 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं. जिला प्रशासन का दावा है कि 90% आवेदन का निष्पादन कर दिया गया है, शेष 10% आवेदन को भी अभियान के अंतिम तिथि तक पूरा करने का दावा कल्याण विभाग कर रहा है. इस अभियान में 25 योजनाओं को शामिल किया गया है, जिसे लेकर शिविर में 25 विभाग के कर्मी उपस्थित रहकर शिविर में आने वाले आवेदक को लाभ देने का काम कर रहे हैं. दरअसल, गोविंदपुर प्रखंड के बरवाअड्डा में शिविर लगाया गया. शिविर में आयुष्मान भारत, पीएम आवास, राशन कार्ड, पीएम किसान सम्मान, आधार कार्ड, सभी तरह की पेंशन योजना, आय, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र से संबंधित कर्मी स्टॉल लगाकर उपस्थित रहे. शिविर में ज्यादातर पेंशन, आधार कार्ड सुधार या नया आधार बनाने, पीएम आवास लाभ लेने वाले आवेदक पहुंचे. पेंशन और आधार कार्ड के आवेदकों का मौके पर ही समस्या का समाधान किया गया. शिविर में जिला कल्याण पदाधिकारी नेयाज अंसारी समेत बीडीओ जहीर आलम उपस्थित रहे।

## न्यूज बॉक्स

### घर से निकला वृद्ध दो घंटे बाद बीच सड़क पर मिली लाश



**तिसरी (गिरिडीह)।** गिरिडीह जिले के लोकाय थाना क्षेत्र में एक वृद्ध की गला काटकर हत्या करने से इलाके में सनसनी फैल गई। वृद्ध का शव उसके घर के पास ही बीच सड़क पर लहूलुहान मिला है। मामला लोकाय थाना क्षेत्र के थानसिंहडीह ओपी अंतर्गत चरकी गांव का है। मृतक चरकी गांव निवासी 52 वर्षीय त्रिभुवन राय पिता कैला राय है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि त्रिभुवन राय दोपहर के 12 बजे अपने घर से निकला था। 2 घंटे बाद ही उसके घर से लगभग 100 मीटर की ही दूरी पर बीच सड़क पर उसकी लाश लहूलुहान मिली। उसके गले, हाथ व अन्य अंगों पर धारदार हथियार से वार करने के निशान थे। यह बात गांव में आग की तरह फैल गई,जिसके बाद वहां लोगों की भीड़ लग गई। इधर घटना को लेकर स्थानीय थाना को ग्रामीणों ने इसकी जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस इंस्पेक्टर पासकल टोप्पो,थानसिंहडीह ओपी प्रभारी नीरज कुमार व लोकाय - नयनपुर की पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर थाना ले आई। वहीं मृतक के परिजनों ने फिलहाल किसी पर आरोप नही लगाया है। वहीं ओपी प्रभारी नीरज कुमार ने बताया प्रथम दृष्टता हत्या का मामला है परिजनों द्वारा फिलहाल कोई आवेदन नही दिया गया है, मामले की तहकीकात की जा रही है।

### विवि में पुण्य तिथि और श्रंद्धाजलि सभा का हुआ आयोजन



**रामगढ़।** सोमवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय के संस्थापक स्व. गोविन्द साह एवं स्व.राधा देवी के पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जहां माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कृतज्ञता पूर्वक उन्हें याद किया गया। साथ ही पुण्यात्मा की आत्मा की शांति के लिए कुलाधिपति कि धर्मपत्नी फूलमती देवी ने पूजन हवन एवं आरती में उपस्थित रही। आचार्य मुकेश पाण्डेय द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण कर पूजन, हवन एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने अपने संबोधन में कहा कि माता पिता के दूरदर्शी सोच को आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयास कर रहा हूं।आज मैं जो कुछ भी हूं या जो कुछ भी बनने का आशा करता हूं,उसका श्रेय मैं अपने माता-पिता को देता हूं। शिक्षा के साथ- साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी काफी प्रयासरत हूं।साथ ही माता-पिता के जीवन -संघर्ष से त्याग, समर्पण, सकारात्मक सोच एवं कर्तव्यनिष्ठा सीख लेने कि बात कही। मौके पर विश्वविद्यालय सचिव प्रियंका कुमारी, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, विभिन्न विभागों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, व्याख्यातगण, कर्मचारीगण, एवं छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे।

## हजारीबाग में अपराधियों के हौसले बुलंद, 12 घंटे में दो बड़ी घटना घटी



**हजारीबाग।** जिले में अपराधी बेलगाम होते जा रहे हैं. महज 12 घंटे के अंदर आपराधियों ने दूसरी बड़ी घटना को अंजाम दिया है. एक तरफ रविवार को अपराधियों ने जहां एक जेवर दुकान पर सात राउंड गोली चलाई थी. वहीं सोमवार की सुबह करीब 4:20 बजे लोहसिंघना थाना अंतर्गत ओकनी तालाब गली नंबर 1 में एक अपार्टमेंट में फिल्मी स्टाइल में एक घर को निशाना बनाया है. पीड़ित विशाल अपने घर से सुबह 4:15 बजे ड्यूटी के लिए निकले थे. उनके निकलने के चंद मिनट बाद ही अपराधियों ने दरवाजे का लॉक खोलने की कोशिश शुरू कर दी. आवाज सुनकर उनकी पत्नी सिमरन सतर्क हुई और बच्चों व अपनी बहन के साथ एक कमरे में खुद को बंद कर लिया. अपराधियों ने उनके घर में डकैती की घटना को अंजाम दिया और फरार हो गया। घटना के बारे में विशाल की पत्नी सिमरन ने बताया की गेट की हलचल की आवाज आई थी. डर के मारे वो बच्चों और उनकी बहन को लेकर अंदर वाले कमरे में बंद हो गई. उसके बाद उन्होंने देवर, भैया और पति को फोन किया. जब तक वे लोग पहुंचे, चोर घर से नकद 44 हजार रुपए, सोने की चेन, अंगूठी और बच्चों का लॉकेट लेकर फरार हो चुके थे. पीड़ित विशाल ने बताया कि यह सिर्फ उनके साथ नहीं, किसी के साथ हो सकता है. चोर दिनदहाड़े घर में घुसकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं. घटना को लेकर लोहसिघना थाना प्रभारी पन्नू यादव ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है. आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं. पुलिस ने इस मामले की तहकीकात शुरू कर दी है. थाना प्रभारी ने कहा कि बहुत जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी होगी.

### बीडीओ व सीओ ने किया जिले के पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण

# गड़बड़ी मिलने पर होगी कड़ी कार्रवाई



**नवीन मेल संवाददाता। जारीबाग**

पीडीएस (जन वितरण प्रणाली) दुकानों में पारदर्शिता और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर हजारीबाग जिले के सभी प्रखंडों में व्यापक औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस अभियान में संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी की संयुक्त जांच टीम बनाकर जांच अभियान चलाया। निरीक्षण के दौरान टीमों ने पीडीएस दुकानों पर खाद्यान्न के स्टॉक, वितरण पंजिका, लाभुकों को समय पर खाद्यान्न वितरण, दुकान की स्वच्छता,वजन मशीन की स्थिति एवं दुकानदार की उपस्थिति जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं की गहनता से जांच की जिसकी जांच रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपी जाएगी। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि यदि किसी भी पीडीएस डीलर द्वारा अनियमितता, कालाबाजारी या लाभुकों से अनुचित व्यवहार की शिकायत अथवा पुष्टि होती है, तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध तत्काल विभागीय एवं विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। जिला स्तर पर विभिन्न प्रखंडों के लिए नामित वरीय पदाधिकारियों द्वारा झारखंड राज्य खाद्य निगम के गोदामों का भी निरीक्षण किया जा रहा है। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गरीब एवं जरूरतमंद लाभुकों को समय पर एवं सही मात्रा में सरकारी खाद्यान्न उपलब्ध हो, तथा वितरण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की भ्रष्टाचार या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया।

### अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर खिलाड़ियों को उपायुक्त ने किया सम्मानित

रामगढ़। पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड रांची के निर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के शुभ अवसर पर सोमवार को समहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में खिलाड़ी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्तर के विजेता खिलाड़ियों को उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज एवं उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल द्वारा मोमेंटो एवं खेलकिट देकर सम्मानित किया गया।

**सम्मानित खिलाड़ी :** जितेंद्र पटेल दिव्यांग खिलाड़ी पारा स्विमिंग

फुटबॉल, अनामिका कुमारी , लक्ष्मी कुमारी, पुष्पा कुमारी

कराटे : प्रियंका कुमारी- तीरंदाजी: तमन्ना वर्मा हैं।

इस अवसर पर प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला खेल पदाधिकारी मारकस हेमरोम सहित अन्य उपस्थित थे। साथ ही रामगढ़ जिला अंतर्गत गांधी स्कूल रामगढ़ में फुटबॉल, कबड्डी, साइकिलिंग, कराटे, डीएवी रजरप्पा मैदान में क्रॉस कंट्री रेस एवं बरकाकाना में वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे कुल लगभग 400 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुराग तिवारी अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ एवं मारकस हेमरोम जिला खेल पदाधिकारी रामगढ़, विशिजत अतिथि के रूप मे सी डी सिंह सचिव ओलंपिक संघ जिला रामगढ़ व शशि पांडे उपस्थित रहे सभी विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया साथ ही राज्य स्तर में अच्छा प्रदर्शन करने एवं ज़िला का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी गई।

## जीएम कॉलेज ने नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के को लेकर निकाली मोटरसाइकिल रैली

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**




झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। यह रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर पेठिया बागी , हादरी, कुटुमसुकरी,चंदवारा होते हुए पुनः महाविद्यालय पहुंची। रैली का मुख्य उद्देश्य नशा के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। नशा मुक्ति जीवन जीने के लिए परिवार और दोस्तों का सहयोग सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। यदि समाज भी इस समस्या के खिलाफ एकजुट हो जाए तो नशे पर काबू पाया जा सकता है।एक नशा मुक्त समाज न केवल स्वस्थ बल्कि सशक्त भी होता है।हमें इस दिशा में जागरूकता फैलाने और एकजुट होकर काम करने की जरूरत है ताकि नशे को जड़ से खत्म किया जा सके। इसी दिशा में जी.एम. महाविद्यालय इचाक की लगातार कोशिश चल रही है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नशे के दुष्प्रभाव लोगों तक बांटे। जिनमें से प्रमुख है। 1. शरीर के अंगों को नुकसान, बीमारियां ,समय से पहले बुढ़ापा आना, 2. मानसिक तनाव, चिंता, अवसाद, आत्महत्या के विचार आना, 3. परिवार और समाज से दूरी, अपराध की ओर बढ़ना, रोजगार के अवसरों का नष्ट होना।मौके पर महाविद्याल प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि नशे की समस्या एक गंभीर सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी मुद्दा बन चुकी है। जो पूरी दुनिया में लाखों लोगों को प्रभावित कर रही है। विशेष रूप से युवा वर्ग को यह समस्या न केवल व्यक्तिगत जीवन को नष्ट करती है,बल्कि समाज और परिवारों पर भी बुरा प्रभाव डालती है।नशे की आदतों में शराब, तंबाकू, ड्रग्स और अन्य हानिकारक पदार्थों का सेवन शामिल है। इससे सभी को मुक्त होना अति आवश्यक है। इस रैली को सफल बनाने में महाविद्यालय के शिक्षकों रत्नेश राणा, अजीत हंसदा, संजीत यादव, रवि कुमार महतो, विनोद कुमार, कृष्णकुमार,राजकुमार,विकाश, सुनिता टोप्पो, प्रिया कुमारी, सोनी,चांदनी कुमारी ने अपनी भूमिका निभाई।

## भाजपा 24 जून को राज्य के सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों का करेगी घेराव

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)**



सभी मोर्चों पर झारखण्ड सरकार की विफलता, ध्वस्त कानून व्यवस्था और राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी द्वारा राज्य के सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों की भांति तिसरी प्रखंड कार्यालय का मंगलवार यानि 24 जून को घेराव किया जायेगा।

भाजपा प्रदेश इकाई के निर्देश पर पुरे राज्य में आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन करने की तैयारी है। इसको लेकर राज्य के सभी प्रखंडों में ब्लॉक मुख्यालय का घेराव किया जाना है। बताया गया कि इस प्रदर्शन में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी स्वयं अपने गृह प्रखंड तिसरी और गांवा में कार्यालयों का घेराव करेंगें। तिसरी में बाबूलाल की अगुवाई में ही ब्लॉक कार्यालय का घेराव किया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर सोमवार को तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित बरनवाल धर्मशाला में भाजपा चंदौरी व तिसरी मंडल की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर चर्चा के साथ रणनीति बनाई गई। मौके पर भाजपा जिला मंत्री मनोज यादव और चंदौरी मंडल अध्यक्ष सुनील साव ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि हेमंत सरकार की विफलता और गिरते क़ानून व्यवस्था के खिलाफ पुरे राज्य में युवा आक्रोश रैली के माध्यम से प्रखंड सह अंचल कर्यालयों का घेराव किया जायेगा। बताया कि तिसरी और गांवा में कार्यालय का घेराव नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में होगा। कहा कि यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा।

### आनंद साईं दरबार का 15वां स्थापना दिवस समारोह आज से



**रामगढ़।** राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साई दरबार का 15वां स्थापना दिवस समारोह भव्य पालकी यात्रा के साथ 24 जून को आरंभ होगा। तीन दिनो तक चलनेवाले स्थापना दिवस समारोह के पहले दिन आनंद साईं दरबार से भव्य पालकी यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। पालकी यात्रा के दौरान राजू हलचल टीम द्वारा साईं बाबा पर आधारित कथा की प्रस्तुती साई भक्तों के बीच की जाएगी। वहीं, पालकी यात्रा में विमल शर्मा साईं बाबा का वेष धारण कर शामिल होंगे। आनंद साईं दरबार के प्रबंधक अमित कुमार सिन्हा ने बताया कि स्थापना दिवस समाारोह के पहले दिन मंगलवार को भव्य पालकी यात्रा का आयोजन किया जाएगा। पालकी यात्रा आनंद साईं दरबार से आरंभ होकर चट्टी बाजार, लोहार टोला, सुभाष चौक, मेन रोड, थाना चौक होते हुए वापस आनंद साईं दरबार पहुंचकर संपन्न होगी। पालकी यात्रा 3:30 बजे से आरंभ होगी। वहीं, बुधवार को मंदिर परिसर में पूजन का आयोजन किया जाएगा। गुरूवार को भव्य भंडारे के साथ स्थापना दिवस समारोह का समापन होगा जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। इधर, स्थापना दिवस समारोह को लेकर आनंद साईं दरबार की साफ सफाई विद्युत बल्बों से आकर्षक तरीके से सजाया गया है। जिससे मंदिर भव्य दिख रहा है।

## देवघर में दिव्यांगों के इंतजार में बीमार हो रही ट्राई साइकिलें

**देवघर।** झारखंड में दिव्यांगजन अपनी विभिन्न मांगों के लिए आए दिन सरकार के समक्ष विरोध प्रदर्शन करते दिखते हैं. कभी पेंशन को लेकर तो कभी अपने लिए मिलने वाले संसाधन को लेकर. देवघर जिले में भी दिव्यांगों को लेकर जिला प्रशासन गंभीर नहीं दिख रहा है. जिसका जीता जागता प्रमाण देवघर के प्रखंड कार्यालय में देखने को मिल रहा है. दरअसल, देवघर के प्रखंड कार्यालय में दिव्यांगों के लिए लाए गए ट्राई साइकिल पिछले कई महीनों से बर्बाद हो रहे हैं. लेकिन जिला प्रशासन और इससे जुड़े लोगों की इस पर नजर नहीं पड़ रही है. बर्बाद हो रहे ट्राई साइकिल को लेकर स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले कई महीनों से यह ट्राई साइकिल खराब हो रहे हैं और बारिश के महीने में इन सभी साइकिलों में जंग लगने की संभावना और बढ़ जाएगी. लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि जिले में दिव्यांग संसाधन के लिए तरस रहे हैं और दूसरी ओर उनके लिए लाए गए साइकिल बर्बाद हो रहे हैं.




**कार्यों का निष्पादन** | उपायुक्त ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता

# कार्यों में तेजी लाने का दिया अधिकारियों को निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**



आधारभूत संरचनाओं, एफआरए, भूअर्जन तथा विभिन्न परियोजनाओं को लेकर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।भारतमाला परियोजना, राष्ट्रीय राजमार्ग 33, रेलवे सहित अन्य सड़क निर्माण संबंधित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पैकेजवार मुआवजा भुगतान की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिया वही संबंधित क्षेत्रों के अंचल अधिकारियों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया संबंधित ग्राम सभा के आयोजन सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सीसीएल, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों के तहत हो कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत मामलो पर कार्रवाई करते हुए ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को किए जा रहे कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता रामगढ़, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, जिला भूअर्जन पदाधिकारी, नजारत उप समाहर्ता, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधक, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।


**ऊर्जा विभाग,झारखण्ड सरकार**
**विद्युत कार्यपालक अभियन्ता**
**विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं०-2,धुर्वा, रॉंची**

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/24/2025-26 दिनांक–23/06/2025

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | श्री बंसीधर नगर, गढ़वा स्थित सिविल एस0डी0ओ0 कार्यालय के भूतल में विद्युत अधिष्ठापन का विशेष मरम्मति का कार्य। | 17,58,091=00 | 5,000=00 | 36,000=00 | 35 दिन |
| II | जेल चौक, रूाची स्थित पुराने एवं नये जे0पी0एस0सी0 भवन में विद्युत अधिष्ठापन का वार्षिक मरम्मति का कार्य। | 13,53,921=00 | 2,500=00 | 28,000=00 | 35 दिन |
| III | कॉके रोड, रॉची स्थित मुख्य न्यायाधीश आवास में विद्युत अधिष्ठान के विशेष मरम्मति एवं केबल, स्ट्रीअ लाईट, एल0ई0डी0 फल्ड लाईट, पोस्ट टॉप लाईट के बदलीकरण एवं अतिरिक्त कार्य। | 24,48,344=00 | 5,000=00 | 49,000=00 | 35 दिन |
| IV | जज कॉलोनी रॉची में सुरक्षा लाईट एवं फल्ड लाईट के बदलीकरण बे विशेष मरम्मति का कार्य। | 12,76,921=00 | 2,500=00 | 26,000=00 | 35 दिन |
| V | जज कॉलोनी पलामू स्थित C टाईप एवं D टाईप के 08 अदद् क्वार्टर में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 15,05,446=00 | 5,000=00 | 31,000=00 | 35 दिन |
| VI | श्री बंसीधर नगर, गढ़वा स्थित सिविल एस0डी0ओ0 कार्यालय के प्रथम तल्ला में विद्युत अधिष्ठापन का विशेष मरम्मति का कार्य। | 12,70,582=00 | 2,500=00 | 26,000=00 | 35 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 02.07.2025 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 03.07.2025 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 08.07.2025 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 09.07.2025 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0/ई0 मेल | 0651–2490069/electricalexecutiveengineerewd@gmail.com | | | |

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023. निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल,रॉची

PR 355798 Energy(25-26).D

सुप्रभात विचार प्रवाह

जानबूझकर आप जो भी करते हैं, उसके प्रति सावधान रहें, क्योंकि यदि आपकी इच्छा-शक्ति अत्यंत बलशाली न हुई, तो अवचेतन मन की आदतों को प्रभावित करने की शक्ति के कारण आपको विवशतापूर्वक वही कार्य बारंबार करना पड़ सकता है। - श्री श्री परमहंस योगदानंद

## संपादकीय

# पाकिस्तान किसी का सगा नहीं

घर फूंक तमाशा शैली में काम करते पाकिस्तान का इतिहास दगाबाजी फरेब के साथ अपने आवाम को बर्बाद करने का रहा है जिसमें अभी तेजी आई हुई है। ईरान-इस्राइल युद्ध के हालिया घटनाक्रम ने स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान इस्लामी ईरान के खिलाफ यहूदी राष्ट्र इस्राइल का अप्रत्यक्ष रूप से साथ देगा। भारत के विभाजन पश्चात पाकिस्तान के जन्म लेने के बाद दावा किया गया था कि वह शरीयत प्रदत्त गणतंत्र के रूप में मुसलमानों की सांस्कृतिक, मजहबी और संवेदनशीलता का प्रतिनिधित्व करेगा। क्या ऐसा है? भारतीय उपमहाद्वीप में 55 करोड़ से अधिक मुसलमान बसते हैं। इस पृष्ठभूमि में विश्व के इस भूखंड में कितने मुसलमान इस्राइल का साथ देना और कितने इस्राइल-अमेरिका के हाथों ईरान को बर्बाद होते देखना पसंद करेंगे? आखिर पाकिस्तान किसका प्रतिनिधित्व कर रहा है इस्लाम या फिर औपनिवेशिक शक्तियों का? जब इस्राइल ने ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई को मौत के घाट उतारने की धमकी दी, तब अमेरिका ने इसका मौन समर्थन करते हुए ईरान पर 'बिना शर्त आत्मसमर्पण' का दबाव बढ़ा दिया। इसी कालखंड में 18 जून को पाकिस्तान के 'वास्तविक सत्ता-नियंता' सेना प्रमुख आसिम मुनीर वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ भोजन की मेज पर ईरान के खिलाफ आगे की कार्ययोजना तैयार कर रहे थे। ऐसा लगता है कि ईरान के खिलाफ अमेरिका पाकिस्तान से सटी ईरान की लगभग एक हजार किलोमीटर लंबी सीमा का उपयोग किसी लॉन्चपैड के रूप में कर सकता है। वस्तुतः पाकिस्तान का यह दोहरा चरित्र उसकी बुनियाद में ही अंतर्निहित है। यह न तो किसी ऐतिहासिक अपरिहार्यता का प्रतिफल है, न ही किसी सांस्कृतिक निरंतरता और भूगोलजन्य आवश्यकता का परिणाम। यह एक विशुद्ध कृत्रिम राष्ट्र है, जिसका निर्माण ब्रितानियों ने मुस्लिम समाज में एक बड़े वर्ग, जोकि 'काफिर-कुफ्र' अवधारणा से उद्वेलित था - उनके और वामपंथियों के सहयोग से किया था। परंतु यह भी अकाट्य सच है कि पाकिस्तान का निर्माण ब्रिटिश साम्राज्य की दूरगामी भू-राजनीतिक रणनीति का हिस्सा भी था। प्रख्यात राजनयिक नरेंद्र सिंह सरीला द्वारा रचित 'विभाजन की असली कहानी' के अनुसार, अंग्रेजों ने पश्चिम एशिया और सोवियत संघ में अपनी सामरिक स्थिति को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से भारत का विभाजन कर पाकिस्तान का सृजन किया था। यह कोई औचक निर्णय नहीं था, अपितु एक लंबी योजना के अंतर्गत था। अंग्रेज अधिकारी सर जॉन स्ट्रेची (जो 1874–76 के बीच नॉर्थ-वेस्टर्न प्रोविंसेस के लेफ्टिनेंट-गवर्नर रहे थे, जिनके नाम पर एएमयू में स्ट्रेची हॉल भी है) ने 1894 में कहा था : '...मुसलमानों के उच्चवर्ग ब्रिटिश शासन के लिए शक्ति का स्रोत हैं, कमजोरी का नहीं। वे जनसंख्या का एक छोटा, लेकिन ऊर्जावान हिस्सा हैं, जिनके राजनीतिक हित ब्रिटिश हितों से मेल खाते हैं...।' क्या इस विचार को वर्तमान परिप्रेक्ष्य से जोड़कर देखा जा सकता है? बदलते समय के साथ ब्रिटेन औपनिवेशिक का स्थान काफी हद तक अमेरिका और वामपंथ शासित चीन ने ले लिया है, जो उसका अपने-अपने भू-राजनैतिक हितों (बढ़ते भारत का विरोध सहित) के एक मोहरे की तरह प्रयोग करते हैं। जिस भूक्षेत्र को आज पाकिस्तान कहते हैं, वह दुनिया के उस संवेदनशील भू-भागों में से एक पर स्थित है, जिसकी सीमाएं पांच प्रमुख सभ्यतागत क्षेत्रों - भारत, चीन, पश्चिम एशिया, फारस और अरब से मिलती हैं। इसलिए चाहे पाकिस्तान की आंतरिक स्थिति कितनी भी चरमराई हुई हो या आतंकवाद का बड़ा केंद्र ही क्यों न हो, वह वैश्विक महाशक्तियों का चाहते या न चाहते हुए भी निकटवर्ती बना रहेगा।

*ईरान-इस्राइल युद्ध के हालिया घटनाक्रम ने स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान इस्लामी ईरान के खिलाफ यहूदी राष्ट्र इस्राइल का अप्रत्यक्ष रूप से साथ देगा।*

# योग से बदलता परिवार का परिदृश्य



चाहे वह बोर्डरूम हो या युद्धभूमि—मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त महिलाएँ ही बदलाव की वाहक होती हैं; महिलाओं के लिए अपनी वास्तविक शक्ति को पहचान कर उसे विकसित करना अत्यंत आवश्यक है, और योग इसकी कुंजी है। योग की जन्मस्थली भारत में आज भी इस प्राचीन जीवनशैली को केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा के पोषण के लिए एक दार्शनिक पद्धति के रूप में स्वीकार किया जाता है। भगवद्गीता (अध्याय 2, श्लोक 50) में कहा गया है- "योगः कर्मसु कौशलम्", अर्थात् 'योग कर्मों में कौशल है।' भगवान श्रीकृष्ण का स्पष्ट संदेश है कि- सच्चा योग शारीरिक आसन या ध्यान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह इस बात में परिलक्षित होता है कि हम अपने दैनिक कर्तव्यों को कितनी कुशलता और ध्यानपूर्वक निभाते हैं। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री के रूप में, मेरा दृढ़ विश्वास है कि योग में परिवर्तनकारी क्षमता है, विशेष रूप से महिलाओं को सशक्त बनाने और बच्चों के पोषण में, जो हमारे समाज की नींव हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में योग ने वैश्विक मंच पर एक कल्याणकारी और सामाजिक परिवर्तन के साधन के रूप में पहचान प्राप्त की है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2014 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया, जो भारत की महान आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत की वैश्विक मान्यता सिद्ध करता है। इस वर्ष, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम, "एक धरती, एक स्वास्थ्य के लिए योग" है। जो कि योग की सर्वसमावेशी और सार्वभौमिक अपील को रेखांकित करती है। प्रधानमंत्री ने भी इस बात पर जोर दिया है कि "योग किसी कॉपीराइट, पेटेंट या रॉयल्टी से मुक्त है। यह लचीला है—आप इसे अकेले, समूह में, गुरु से या स्वयं भी सीख सकते हैं।" जैसे-जैसे हमारा राष्ट्र विकसित भारत बनने की दिशा में अग्रसर हो रहा है, यह आवश्यक हो जाता है कि योग को महिलाओं और बच्चों के जीवन का अभिन्न अंग बनाया जाए। भारत की कुल आबादी में महिलाओं और बच्चों की संख्या लगभग दो-तिहाई है, और वे स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों के प्रति बेहद संवेदनशील होते हैं। अतः उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना हम सबका कर्तव्य है, और योग की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। योग महिलाओं के लिए मानसिक और शारीरिक दोनों दृष्टि से अनेक लाभ प्रदान करता है। यह हार्मोनल संतुलन को बेहतर बनाता है, मानसिक तनाव को कम करता है, और मांसपेशियों एवं हड्डियों को मजबूत बनाता है। विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं की विशिष्ट शारीरिक आवश्यकताओं के अनुसार योग एक समग्र और प्रभावी समाधान प्रदान करता है। योग को अपनाकर महिलाएँ गर्भावस्था से पूर्व और बाद के परिवर्तनशील समय की स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने में सक्षम बनती हैं। प्रसव पूर्व योग, अपने विशेष आसनों और ध्यान तकनीकों के साथ, गर्भावस्था की परेशानियों को कम करता है, दर्द प्रबंधन में सहायता करता है, और ऊर्जा को बढ़ाता है। यह गर्भवती माताओं को शारीरिक और भावनात्मक रूप से प्रसव के लिए तैयार करता है। प्रसवोत्तर योग, स्तनपान कराने वाली माताओं को उनकी रिकवरी, भावनात्मक सहायता, स्तनपान को बढ़ावा देने और माँ-बच्चे के रिश्ते को मजबूत करने में मदद करता है। महिलाओं में योग के अभ्यास को बढ़ावा देने के लिए, भारत में 25 लाख से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का एक सशक्त नेटवर्क है, जो योग को महिलाओं और बच्चों के दैनिक जीवन में अपनाने के लिए जानकारी, प्रशिक्षण और सहायता प्रदान कर रहा हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की वकालत की है। वे कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का सक्रिय रूप से समर्थन करते हैं, जो किसी भी अर्थव्यवस्था के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। विश्व बैंक का यह अनुमान है कि महिला श्रम बल की भागीदारी में वृद्धि से भारत के औद्योगिक उत्पादन में 9% तक की वृद्धि हो सकती है और 2047 तक हम एक उच्च आय वाले विकसित राष्ट्र का दर्जा प्राप्त करने में मदद मिल सकती है। यह सब तभी हासिल किया जा सकता है जब हमारे पास शारीरिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ महिला कार्यबल हो। आज की तेजी से बदलती दुनिया में, बच्चे भी जीवनशैली संबंधी विकारों, स्क्रीन पर निर्भरता और शैक्षणिक दबावों से तेजी से प्रभावित हो रहे हैं। योग इन चुनौतियों के लिए साक्ष्य-आधारित, समयबद्ध और सांस्कृतिक रूप से निहित प्रतिक्रिया प्रदान करता है। यह एकाग्रता, याददाश्त बढ़ाने, भावनात्मक विनियमन, नींद की गुणवत्ता और तनाव के प्रबंधन को बेहतर करता है - जो समग्र बचपन के विकास के प्रमुख घटक हैं। मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के माध्यम से, हमारा मंत्रालय योग को बच्चों की प्रारंभिक देखभाल और विकास में शामिल कर रहा है, जो आजीवन स्वास्थ्यवर्धक आदतों की नींव रख रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक बहुआयामी रणनीति के अंतर्गत योग को महिलाओं और बच्चों के जीवन के अभिन्न अंग के रूप में अपनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। हमारी प्रमुख योजनाएँ, जैसे- आंगनवाड़ी केंद्र, वन स्टॉप सेंटर और बाल देखभाल संस्थान आदि न केवल पोषण और कल्याण सम्बन्धी सेवाएँ प्रदान करते हैं, बल्कि योग से जुड़ी विशेष गतिविधियों एवं प्रशिक्षण के माध्यम से लाभार्थियों के जीवन को भी प्रभावित करते हैं। इन केंद्रों में आयुष मंत्रालय के सहयोग से तैयार विशेष योग मॉड्यूल्स लागू किए जा रहे हैं, जो विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों पर केंद्रित हैं। वैश्विक व्यवस्था के बदलते विमर्श में, महिलाएँ हर मोर्चे पर अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। आईटी से लेकर अंतरिक्ष तक और नीति निर्माण से लेकर सामरिक रक्षा तक, महिलाएँ नई अग्रिम पंक्ति की योद्धा हैं। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर में कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह का नेतृत्व इसका जीवंत उदाहरण हैं। यह स्पष्ट है कि मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त महिलाएँ असाधारण परिवर्तनकारी शक्ति बन सकती हैं-और योग उनकी इस अपार क्षमता का आधार है। योग के माध्यम से समावेशी विकास को बढ़ावा देना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। महिला और बाल विकास की अपनी नीतियों में योग को सक्रिय रूप से शामिल करके, हम अपनी सांस्कृतिक संप्रभुता पर जोर दे रहे हैं। योग को केवल एक अभ्यास के रूप में नहीं बल्कि स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक सहभागी अभियान, एक जन-आंदोलन के रूप में देखा जाना चाहिए और हमारी सरकार इस मुहिम को देश के हर हिस्से में ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। विकसित भारत@2047 की ओर हमारी यात्रा में, योग एक संवेदनशील, सशक्त और लचीला समाज गढ़ने की दृष्टि प्रदान करता है। आइए, हम सभी मिलकर 'स्वस्थ भारत' की प्रतिबद्धता के लिए व्यक्तिगत स्वास्थ्य और राष्ट्रीय समृद्धि में योग को अपनाने की दिशा में एकजुट हों।

आज की बात



**अन्नपूर्णा देवी**
केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री

## छवि चिंतन

मेरे सामने एक छवि लगी है, मेरा मन उस पर टंगा है। छवि में लाल रंग के वस्त्र ऊपर पहने एक युवा लाल रंग के कंदुक से हरी घास पर खेलता दीखता है। उसके सामने हरे रंग का ऊपरी वस्त्र पहने दूसरा युवा उसे और उसके कंदुक को कौतुहल से देख रहा है। लाल ऊपरी वस्त्र पहने युवा ने आधुनिकता और कंदुक क्रीड़ा के प्रतीक हल्के नीले रंग की छोटी पैंट पहन रखी है। वहीं हरे ऊपरी वस्त्र वाले युवा ने इस परम्परा का निर्वहन नहीं किया है। उसने इसके विपरीत पूरे पैर ढँकते हुए गहरे नीले रंग की पैंट पहन रखी है। उसके पास कोई कंदुक नहीं है। मेरा आशंकित मन संदेह करता है कि हो न हो ऊपरी लाल वस्त्र वाले, जिसे हम आगे क कहेंगे, ने ऊपरी हरे वस्त्र वाले, जिसे हम अब ख कहेंगे, से छीन तो नहीं लिया? परम्परावादी अब पश्चिमी सभ्यता से पराजित जो होने लगे! मेरा मन पूछता है कि क ने लाल रंग का ही चयन क्यों किया? कई अन्य रंगों का विकल्प था।सम्भव है कि वह सनातनी हो, क्योंकि सनातनी पुरुष गेरुआ अथवा लाल वस्त्र धारण करना पसंद करते हैं। लेकिन एक शंका आ गयी। सच्चा सनातनी होता तो अपनी पहचान रखता। युवा ने न तो यज्ञोपवीत (जनेऊ) पहना है, टीकी दिख नहीं रही और तो और चंदन तिलक तक नहीं है। पक्का सनातनी होता तो दूसरे युवा को कंदुक दे देता। हो न हो यह लाल रंग वामपंथ का हो। तभी इसके कंदुक छीनने का सिद्धांत प्रतिपादित होगा। वामपंथ छीनता है, सनातन देता है! अब छवि दूसरे युवा का परीक्षण करते हैं। इसने हरे रंग के ऊपरी वस्त्र का चयन क्यों किया? हमारे भारतवर्ष ही क्या विश्व में हरा रंग एक समुदाय विशेष से जोड़कर देखा जाता है। यह कंदुक लेने में पिछड़ गया है। क्या पता यह कंदुक छीनने के लिए कहीं हिंसा का प्रयोग न कर बैठे। इस सिद्धांत से वह प्रतिशोध की ज्वाला में जल रहा है। एक अन्य भारतीय राजनीति के दृष्टिकोण से यह भी कहा जा सकता है कि समुदाय विशेष का वामपंथ गठबंधन से विश्वास हट गया है क्योंकि इसे अब पता चल गया है कि वे हमेशा से अवसर मिलते ही भय दिखाकर, उनका उपयोग कर, वंचित रख नीचे धकलते रहे हैं। अब राजनीति से मुझे क्या? अभी इजराइल-ईरान युद्ध चरम पर है। ईरान इस्लामिक राष्ट्र है और इस दृष्टिकोण से दूसरा बिना कंदुक वाला युवा ईरान समर्थक लगता है। मेरी सोच आजकल की पीढ़ी के गणित से सही दिशा में जा रही लगती है। पर अपने तो इससे पुरानी पीढ़ी के हैं। हमें न युवा पीढ़ी समझ पायी न हम उन्हें! बाकि पाठक अपनी कल्पना अपने अनुभव के अनुसार करने को स्वतंत्र हैं!

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की बात



**डॉ प्रशान्त करण**

# संसद में अलग झारखंड की मांग करने वाले स्वतंत्रता सेनानी बाबू राम नारायण सिंह

पुण्यतिथि आज



24 जून 1964 को 5 या 6 वर्षों का रहा हूंगा जब दादाजी का निधन हुआ था अपने पिताजी से सुनकर, कुछ स्वतंत्रता इतिहास की गाथाओं को पढ़कर राष्ट्रपिता गांधी, स्वर्गीय नेहरू तथा देश रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद के पत्रों को देख समझा कि दादाजी वास्तव में एक महान राजनीतिक संत थे। पूर्वज रायबरेली से आकर हजारीबाग जिले में बस गए थे और वर्तमान चतरा जिले के तेतरिया गांव में 19 दिसंबर 1885 को मेरे दादाजी राम नारायण सिंह का जन्म काफी गरीब घर में होने के बावजूद उन्होंने अपने बूते कोलकाता के सेंट जेवियर्स कॉलेज और रिपन कॉलेज के बाद पटना लॉ कॉलेज से वकालत की डिग्री 1916 ईस्वी में प्राप्त की और पटना हाई कोर्ट में वकालत शुरू किया था। इसके पहले ब्रिटिश शासन में असिस्टेंट सर्विस सेटलमेंट अफसर हुए लेकिन उन्होंने त्यागपत्र दे दिया। लेकिन बापू की पुकार पर सब कुछ छोड़कर असहयोग आंदोलन में कूद पड़ । 1920-21 में उन्हें 2 वर्ष के लिए शासन कारावास की सजा दी गई। फिर तो जेल ही इनका घर बन गया था। 1930 से 44 तक इन्हें सश्रम कारावास की सजा भुगतान पड़ी थी। सन 1927 में कांग्रेस पार्टी की तरफ से केंद्रीय विधान सभा का सदस्य चुना गया। छोटानागपुर क्षेत्र का इन्होंने प्रतिनिधित्व किया था।बहुत कम लोगों को मालूम है कि 1940 में रामगढ़ में कांग्रेस का 53 वां अधिवेशन उनके अथक प्रयास से हो पाया था। स्वयं वर्धा गए थे और बापू से मिलकर अपना पक्ष रखा था जिसे बापू ने स्वीकार कर लिया था। मेरे दादाजी की प्रकाशित डायरी में इन घटनाओं का जिक्र है। इस बात की पुष्टि डॉ राजेंद्र प्रसाद ने अपनी आत्मकथा में की है। बिहारविभूति अनुग्रह नारायण सिंह के द्वारा लिखी गई पुस्तक मेरे संस्मरण में भी इसकी चर्चा की गई है। बहुआयामी व्यक्तित्व के स्वामी दादाजी ने 1956 में भारतीय संस्कृति पर आधारित अमेरीकी फिल्म निर्माता सिकंदर मार्की की टेलीफिल्म सन ऑफ इंडस में भी काम किया था। 1946 में जब संविधान सभा बनी तब इन्होंने निर्भीकता से पंचायती राज की जोरदार वकालत करते कहा था कि सबसे अधिक शक्ति पंचायत को उसके बाद प्रदेशों को और सबसे कम केंद्रीय सत्ता को मिलनी चाहिए। इसका जिक्र अमेरिकी लेखक ग्रीन विले ऑस्टिन ने अपनी पुस्तक द कॉर्नरस्टोन आफ इंडियन कॉन्स्टिट्यूशन में किया है। संविधान सभा में बहस में कहा था यह कैसी विडंबना है कि देश की जनता जो मालिक है वह झोपड़ी में निवास करती है और जनता के सेवक नौकरशाह महलों में रहते हैं। इनकी निर्भीकता का पूरा सदन कायल रहता था। महात्मा गांधी के आह्वान पर वर्ष 1951 में जेबी कृपलानी जैसे बड़े नेताओं संग कांग्रेस से त्यागपत्र दे दिया । दलीय राजनीति के मुखर विरोधी थे। 1952 में जब प्रथम आम चुनाव हुआ तब निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में सांसद निर्वाचित होकर कांग्रेस के उम्मीदवार को पराजित किया था। संसद में प्रधानमंत्री तक को प्रभावित करते थे। पहले सांसद थे जिन्होंने अलग झारखंड राज्य की पुरजोर वकालत की थी। दादाजी का विचार था की गांधी जी की इच्छानुसार कांग्रेस को भंग कर देना चाहिए पर सत्ता का स्वाद चखने के बाद कांग्रेसी नेताओं ने ऐसा नहीं किया। 1957 के बाद सक्रिय राजनीति से पूरी तरह अपने आप को अलग कर लिया और दिल्ली में योग आश्रम के प्रधान बने। 1963 तक योग प्रसार समिति के प्रधान के रूप में अपनी सेवाएं दी और योग विद्या को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया। उन्होंने संसद में 1954 योग विश्वविद्यालय की स्थापना की भी मांग की थी। 1963 में गांव दंतार आ गए। खेती बागवानी और पशुपालन उनका शौक था। 23 जून 1964 को मित्र सारंगधर सिंह वाइस चांसलर संग चतरा में बनवा रहे कॉलेज के काम से वे रांची जाने के क्रम में जीप दुर्घटनाग्रस्त में बुरी तरह घायल हो गए। दूसरे दिन दादाजी की शोक सभा में मुख्यमंत्री कृष्ण वल्लभ सहाय, राजा रामगढ़ कामाख्या नारायण सिंह जैसे लोग उपस्थित हुए थे। प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, केंद्रीय रेल मंत्री डॉ राम सुभग सिंह ने संवेदना संदेश दिए। प्रखर साहित्यकार शंकर दयाल सिंह ने माया की फरवरी 82 के अंक में दादा जी के संसद में निर्भीक भाषणों का वर्णन किया है। दादाजी की पुस्तक स्वराज लुट गया आज भी भारतीय राजनीतिक व्यवस्था का दर्पण है जिसे जयप्रकाश नारायण ने भारतीय राजनीति का सुगम दर्शन कहा था।


**(लेखक राम नारायण सिंह के पोते हैं।)**

देश की बात



**प्रमोद कुमार**
सेवा निवृत प्रध्यापक

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

प्रगति दिखाई देश ने, चली रेत में नाव।
'अंगद' जैसा रख दिया, पुन: देश ने पांव।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# "डायन की परावैज्ञानिक शक्तियां और हमारी सामाजिक समरसता"

मनुष्य के पूरे जीवन चक्र को समेट कर रखने वाले संस्कृति के अपने तर्क होते हैं। संस्कृति के इन तर्कों के कारण ही हमारा जीवन निर्धारित, निर्देशित, नियंत्रित व विकसित होता रहता है। विकास की इसी धारणा में से हमारा साक्षात्कार डायन जैसे किसी शब्द से होता है और इस एक शब्द के नाम पर काला जादू, अंधविश्वास, काल्पनिकता और नकारात्मकता की जैसी व्यवस्था निकलकर सामने आने लगती है। डायन जैसी नकारात्मक बातों को लेकर खींचे गए तस्वीर में से झारखंडी संस्कृति की बातें करें तो हमें इसमें भी सरलता, सहजता, सहयोग, सकारात्मकता, समर्पण जैसी बातें देखने को मिल जाती है। यह अपने आप में एक विलक्षण तथ्य है क्योंकि झारखंड के सरल सहज पठार से सामाजिक समरसता को बनाए रखने वाले "डकई रानी" के चमत्कारों के किस्से सुनने को मिलते रहते हैं। इन बातों की मानें तो यह एक ऐसी विद्या है जो घर की किसी बुजुर्ग महिला से बेटी या बहू तक अनादि काल से चला आ रहा है। इस विद्या के लिए सबसे पहले भूत बुलाने व उसे अपने वश में करने के लिए मंत्रों की साधना की जाती है। मंत्रसिद्धि के बल पर जब तथाकथित भूत पालतू बन जाता है तब भूत विद्या से भय भगाने के उद्यम किए जाते हैं। इसके लिए सिद्ध भूत को बाघ बनाकर उसकी सवारी का आनंद लिया जाता है ताकि डायन साधक के मन से मृत्यु का भय समाप्त होता चला जाए। संदर्भवश नजर चलाने, विष थोपने, वाण मारने, काली बिल्ली बनने, अदृश्य हो जाने, आदमी को खा जाने आदि कल्पनातीत विद्या वाले साधना पारंगत होते ही किसी बड़े वृक्ष पर वाण मारने के परिक्षण व वाण मारते ही तथाकथित वृक्ष के सुख जाने संबंधी लंबे विधानों की खुब चर्चाएं होती है। इन बातों को लेकर कहीं कोई प्रमाण नहीं मिलते फिर भी यह मानने वालों की कोई कमी नहीं है कि अपनी अलौकिक शक्ति के द्वारा एक डायन गुरुदक्षिणा में अपने पति या पुत्र जैसे किसी घनिष्ठ परिजन के कलेजे के साथ भोज का आयोजन करके ही पूर्ण सिद्धि प्राप्त कर पाता है। संदर्भवश रोगंटे खड़े कर देने वाले इस अवधारणा में डाकिन रानी की पूरी साधना का लक्ष्य सिर्फ इतना होता कि अपने उद्देश्य की पूर्ति में एक डायन खुद के शरीर तक को तुच्छ माना करती है। बुजुर्गों की मानें तो शिक्षा के प्रसार के कारण डायन का काला जादू आज भले ही काल्पनिक व अवैज्ञानिक बन चुका है परन्तु एक लंबे कालखंड तक इस रहस्यमयी शक्ति को समाज में अनुशासन का महत्वपूर्ण सूत्र माना जाता रहा। यह सूत्र तब भी कारगर बना रहा जब आम लोगों के व्यक्तिगत जीवन में डर, भय, आशंका आदि के बीच यह उस महिला के लिए आजीवन सामाजिक घृणा का कारण बना रहा जो किसी डाह, ईर्ष्या या उपेक्षा के कारण डायन की उपाधि से आजीवन प्रताड़ित होती रही। यहां शुकून भरी बात यह है कि आज वैज्ञानिक शिक्षा व चिकित्सा सुविधा का पर्याप्त विस्तार हुआ है और डायन संबंधी रहस्यमयी व अलौकिक विद्या की अवधारणा लगभग विलुप्ति के कगार पर है। इसी तरह डायन के साथ चलने वाले मती, गुणी, ओझा व तांत्रिकों की प्रासांगिकता व अस्तित्व पर भी गंभीर व तार्किक सवाल उठ खड़े हो रहे हैं। इन सवालों के बीच इस पूरे संदर्भ की इनसाइड स्टोरी देखें तो हैरानी इस बात को लेकर होती है कि आज जब डायन पर से वर्तमान का भरोसा उठ गया है तब सहज सरल झारखंड में पनप रहे सामाजिक उच्छृंखलता पर लगाम लगाने वाले डायन के पारावैज्ञानिक क्षमता के क्षरण से हमारे समाजशास्त्री भी चिंता में हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**केदार नाथ दास**



स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# 24 छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के एक सरकारी स्कूल में 24 छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। आठवीं से दसवीं कक्षा की छात्राओं ने स्कूल के प्राचार्य से उत्पीड़न की शिकायत की थी जिसके बाद स्कूल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी और शिक्षक को गिरफ्तार किया गया। स्कूल प्रशासन ने बताया कि शुक्रवार को 24 छात्राओं ने प्राचार्य को लिखित शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया गया था कि शिक्षक ने उन्हें गलत तरीके से छुआ है। स्कूल प्रशासन ने बताया कि शिकायत को स्कूल की यौन उत्पीड़न रोधी समिति को भेज दिया गया था। उन्होंने बताया कि शनिवार को छात्राओं के अभिभावकों को बैठक के लिए बुलाया गया और पाया गया कि उनमें से अधिकतर को अपनी बच्ची के उत्पीड़न के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 75 (यौन उत्पीड़न) और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत

# भारतीय सेना सटीक हमलों के लिए खरीदे 450 नागास्त्र 'आत्मघाती ड्रोन'

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना 450 नागास्त्र-1आर लोइटरिंग युद्ध सामग्री का ऑर्डर देकर अपनी सटीक हमला क्षमताओं को बढ़ा रही है। जीपीएस से लैस इन स्वदेशी 'आत्मघाती ड्रोन' में सटीकता के साथ हमले करने की क्षमता, उच्च ऊंचाई पर संचालन और दिन-रात निगरानी की सुविधा है। दुश्मन के ठिकानों पर सटीक हमलों के लिए डिजाइन किया गया यह हथियार देश के सैन्य ढांचे को और मजबूत करेगा। इस सिस्टम का परीक्षण लद्दाख और उत्तर प्रदेश में झांसी के पास बबीना हित विभिन्न स्थानों पर किया गया है। आने वाले समय में ऐसे और भी अत्याधुनिक स्वदेशी हथियार सेना को मिल सकते हैं। नागपुर की सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड में निर्मित अत्याधुनिक लोइटरिंग म्यूनिशन नागास्त्र-1आर की पहली खेप हासिल करने के बाद भारतीय सेना ने उपयोग किया है। इस हथियार की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए अब सेना ने अपनी सटीक हमला क्षमताओं को बढ़ाने, अपनी पैदल सेना को आधुनिक बनाने के लिए 450 नागास्त्र-1आर लोइटरिंग युद्ध सामग्री का ऑर्डर दिया है। यह एक किफायती सिस्टम है, जिसमें लॉन्चर सिस्टम की पूरी तरह से दोबारा इस्तेमाल की जा सकने वाली खूबियां हैं। इस सिस्टम में 360 डिग्री का जिम्बल कैमरा लगा है और रात में ऑपरेशन करने के लिए थर्मल कैमरा लगाने का विकल्प भी है। सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड में निर्मित लोइटरिंग म्यूनिशन सिस्टम में 80 फीसदी से ज्यादा स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल हुआ है। इसे आम भाषा में 'घूमकर हमला करने वाला हथियार' कहा जा सकता है, क्योंकि यह एक तरह से हवाई एंबुश यानी घात लगाकर हमला करता है। दुश्मन के इलाके में उड़कर पहुंचने के बाद यह लक्ष्य के ऊपर हवा में मंडराता है और जैसे ही सही मौका मिलता है, यह सटीक निशाना लगाकर दुश्मन को खत्म कर सकता है। खास बात यह है कि अगर हमला रद्द करना हो तो इसे वापस भी बुलाया जा सकता है, जिससे यह दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है।

- लोइ टरिंग म्यूनिशन सिस्टम में 80 फीसदी से ज्यादा **स्वदेशी सामग्री** का इस्तेमाल हुआ
- लोइट रिंग म्यूनिशन सिस्टम में 80 फीसदी से ज्यादा **स्वदेशी सामग्री** का इस्तेमाल हुआ




- **80 फीसदी** से ज्यादा स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल हुआ है।
- **360 डिग्री** का जिम्बल कैमरा लगा है
- **जीपीएस से** लैस इन स्वदेशी 'आत्मघाती ड्रोन' में सटीकता के साथ हमले करने की क्षमता
- इसे **आम भाषा** में 'घूमकर हमला करने वाला हथियार' कहा जा सकता है

## 'लिव इन' में रह रही युवती की हत्या का आरोपी युवक गोंडा से गिरफ्तार



**लुधियाना।** पंजाब पुलिस ने लुधियाना में 'लिव-इन' में रह रही एक युवती की हत्या के सिलसिले में उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले से आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस आरोपी को 'ट्रांजिट रिमांड' पर रविवार को पंजाब लेकर रवाना हो गई। लुधियाना पुलिस का नेतृत्व कर रहे निरीक्षक आदित्य शर्मा ने बताया कि पकड़ा गया युवक सुनील कुमार धानेपुर क्षेत्र के ख्वाजाजोत गांव का निवासी है और वह कामकाज के सिलसिले में लुधियाना गया था, जहां उसकी मुलाकात एक फैक्टरी में काम करने वाली राधिका (20) नाम की युवती से हुई। उन्होंने बताया कि दोनों पिछले छह महीने से फतेहगंज इलाके में किराये के मकान में 'लिव-इन' में रह रहे थे और ऐसा दावा किया जा रहा है कि उन्होंने मंदिर में शादी कर ली थी। शर्मा के अनुसार, पुलिस जांच में सामने आया कि राधिका पहले से शादीशुदा थी लेकिन उसने यह बात सुनील से छिपाई थी। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले सुनील को राधिका के अतीत की जानकारी मिली, जिसके बाद दोनों के बीच कहासुनी हो गई और आठ जून की रात यह विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी युवक ने युवती की गला घोंटकर हत्या कर दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद गोंडा आ गया। शर्मा ने बताया कि इस मामले में राधिका के भाई राहुल की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। लुधियाना पुलिस ने सर्विलांस की मदद से आरोपी का पता लगाया गया और स्थानीय पुलिस के सहयोग से उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## आईएसआईएस से संबंध के आरोप में तीन युवक गिरफ्तार

**कोलकाता।** दक्षिण कोलकाता के कस्बा इलाके में किराए के एक फ्लैट से तीन युवकों को आतंकी संगठन आईएसआईएस से कथित संबंध के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। केंद्रीय खुफिया एजेंसी ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए इन्हें रविवार देर रात गिरफ्तार किया। दिन के समय इन्हें हिरासत में लिया गया था और पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। तीनों को गहन पूछताछ के लिए दिल्ली ले जाया गया है। सूत्रों के अनुसार, खुफिया एजेंसियों को जानकारी मिली थी कि आईएसआईएस के कुछ संदिग्ध सदस्य कोलकाता में छिपे हुए हैं और वे सीधे सीरिया से संपर्क बनाए हुए हैं। इसी आधार पर दिल्ली से आई एक टीम ने कस्बा के राजडांगा इलाके में स्थित फ्लैट पर छापेमारी की। वहां रहने वाले तीन युवकों ने खुद को आईटी पेशेवर बताया था, लेकिन जांच में शक बढ़ता गया। फ्लैट की तलाशी के दौरान एजेंसियों को दो लैपटॉप मिले, जिनमें कई संदिग्ध इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज पाए गए। पूछताछ में तीनों युवक बार-बार भटकाने वाले और असंगत उत्तर दे रहे थे। इसके बाद उन्हें दिल्ली ले जाकर विस्तार से पूछताछ करने का फैसला लिया गया।

# बीजापुर में विस्फोटक के साथ पांच नक्सली गिरफ्तार

एजेंसी। बीजापुर




जिले में नक्सलियों के द्वारा बीते एक सप्ताह में एक नाबालिग छात्र सहित पांच ग्रामीण युवकों की हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद जिले में सघन नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत तीन थाना क्षेत्रों मद्देड़, गंगालूर और जांगला में की गई कार्रवाई में कुल पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। इन नक्सलियों के कब्जे से विस्फोटक सामग्री, नक्सली वर्दी, पिट्ठू, नक्सल साहित्य एवं दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई है। गिरफ्तार सभी पांच नक्सलियों के खिलाफ थाना मद्देड़, गंगालूर और जांगला में कार्रवाई उपरांत सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया है। थाना मद्देड़ पुलिस ने दुधेड़ा और दम्पाया के बीच जंगल से एक नक्सली संजय मरपल्ली (36 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से विस्फोटक सामग्री, नक्सली वर्दी, पिट्ठू और अन्य आवश्यक सामग्री बरामद किया गया है।

डीआरजी बीजापुर और गंगालूर थाना की संयुक्त टीम ने गश्त और सर्चिंग के दौरान नक्सल प्रभावित मुतवेंडी क्षेत्र से तीन नक्सली मिलिशिया सदस्यों कमलू ऊर्फ कलमू पूनेम (30 वर्ष) निवासी मुनगा मातापारा, कोसा भोगाम (45 वर्ष) निवासी मुनगा नयापारा एवं कोसा तामो (45 वर्ष) निवासी गमपुर माड़वीपारा को गिरफ्तार किया है। यह तीनों आरोपित 27 जुलाई, 2024 को मुतवेंडी के कच्चे रास्ते पर लगाए गए आईईडी विस्फोट की वारदात में शामिल थे। इसमें एक मासूम ईरमा कवासी गंभीर रूप से घायल हुआ था और उसे अपना पैर गंवाना पड़ा था। उनके कब्जे से कार्डेक्स वायर, इलेक्ट्रिक वायर, बैटरी आदि विस्फोटक उपकरण बरामद किए गए।

जांगला थाना की पुलिस ने एरिया डॉमिनेशन अभियान के दौरान छोटे तुमनार नयापारा जंगल से एक नक्सली मिलिशिया सदस्य सोनाधर पोड़ियाम (45 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक टिफिन बम, स्विच और पेंसिल सेल बरामद किया गया है।

## उड़ान भरने से पहले इंडिगो के 140 यात्रियों वाले विमान में तकनीकी खराबी का पता चला




**भोपाल।** इंडिगो एयरलाइंस की इंदौर-भुवनेश्वर उड़ान सोमवार को तकनीकी खराबी के चलते अपने तय वक्त के मुकाबले करीब एक घंटे की देरी से गंतव्य के लिए रवाना हो सकी जिसमें 140 यात्री सवार थे। शहर के देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हवाई अड्डे के निदेशक विपिनकांत सेठ ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई 6332 में तकनीकी खराबी का अहसास पायलट को तब हुआ, जब यह विमान उड़ान भरने के लिए रन-वे की ओर जा रहा था। उन्होंने बताया कि हवाई जहाज को वापस एप्रन पर लाया गया और इंजीनियरों द्वारा 'मामूली तकनीकी खराबी' में सुधार किए जाने के बाद विमान को गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। एप्रन , हवाई अड्डे का वह हिस्सा होता है जहां विमानों को खड़ा किया जाता है, यात्रियों को चढ़ाया या उतारा जाता है, ईंधन भरा जाता है और रख-रखाव किया जाता है। सेठ ने तकनीकी खराबी का विशिष्ट ब्योरा दिए बगैर बताया, ''सुधार कार्य के दौरान यात्रियों को विमान से नहीं उतारा गया।'' हवाई अड्डे के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि तय कार्यक्रम के मुताबिक इंडिगो की इंदौर-भुवनेश्वर उड़ान को सोमवार सुबह नौ बजे निकलना था, लेकिन तकनीकी मरम्मत के कारण यह सुबह 10:16 बजे गंतव्य के लिए रवाना हो सकी। अधिकारी ने बताया कि विमान में 140 यात्री सवार थे।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

# इसरो की वैज्ञानिक बनकर देश सेवा में लगी किसान की बेटी

एजेंसी




**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक किसान की बेटी ने इतिहास रचा है। लगातार मेहनत, समर्पण और आत्मविश्वास के साथ सुजाता अब इसरो की वैज्ञानिक बन गई हैं। सुजाता ठाणे जिले से इसरो में चयनित होने वाली पहली महिला हैं। क्षेत्र के लोग गर्व महसूस कर रहे हैं और परिवार भी जश्न में सराबोर है। रामचंद्र मडके न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहते हैं, " मेरी बेटी का इसरो में वैज्ञानिक के तौर पर सिलेक्शन हुआ है। ये हमारे लिए खुशी की बात है। पूरे क्षेत्र में ये चर्चा का विषय बन चुका है। गांव समाज में जिस तरह चर्चाएं हो रही हैं, उससे खुशी है।" सुजाता रामचंद्र मडके ठाणे जिले की शहापुर तहसील के छोटे से गांव शिरगांव की रहने वाली हैं। उन्होंने इसरो की कठिन चयन प्रक्रिया को पार किया और विज्ञान एवं अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में कदम रख दिया। हालांकि इसरो वैज्ञानिक के तौर पर नौकरी की शुरुआत के लिए उन्होंने एक असाधारण निर्णय लिया। वो इसलिए क्योंकि सुजाता पहले से आरटीओ अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। फिलहाल वैज्ञानिक बनने के बाद उन्होंने सुरक्षित नौकरी छोड़ दी है। अब वो देश की अग्रणी अंतरिक्ष एजेंसी इसरो की वैज्ञानिक बन गई हैं। साधारण ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाली सुजाता की शिक्षा जिला परिषद स्कूल से शुरू हुई। प्रारंभिक शिक्षा गांव में पूरी करने के बाद उन्होंने शहापुर से हाईस्कूल की पढ़ाई पूरी की। बाद में दूसरे स्कूल 12वीं की शिक्षा पूरी की। वो स्कूल के समय से ही एक अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनने के सपने देख रही थीं। स्नातक के बाद सुजाता ने महाराष्ट्र परिवहन विभाग की परीक्षा उत्तीर्ण की। उन्हें ठाणे क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में सहायक मोटर वाहन निरीक्षक के पद पर नियुक्ति मिली। अपने सपनों की उड़ान भरनी नहीं छोड़ी। वो लगातार इसरो में वैज्ञानिक बनने की तैयारी करती रहीं। सफलता मिली और आज बेटी की इस सफलता पर परिवार, खासकर पिता रामचंद्र मडके की खुशी का ठिकाना नहीं है।

## जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति को नहीं मिली जमानत

**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की कोर्ट ने हिरासत अवधि 14 दिन और बढ़ा दी है। सोमवार को पूर्व की हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद ज्योति मल्होत्रा की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेशी हुई। कोर्ट ने ज्योति की हिरासत अवधि 14 दिन के लिए बढ़ा दी है। अब इस मामले की सुनवाई 7 जुलाई को होगी है। दरअसल, पुलिस ने जासूसी के आरोप में 16 मई को ज्योति को उसके घर से गिरफ्तार किया था। ज्योति 9 दिन तक पुलिस रिमांड पर रही और उसके बाद वह लगातार न्यायिक हिरासत में हैं। कोर्ट उसकी जमानत याचिका पहले ही खारिज कर चुकी है। ज्योति के वकील कुमार मुकेश का कहना है कि वे अब सेशन कोर्ट में जमानत याचिका दायर की जाएगी।

## प्रतिबंधित संगठन के चार उग्रवादी गिरफ्तार



**इम्फाल।** मणिपुर के इंफाल ईस्ट जिले में प्रतिबंधित संगठन प्रेपक (पीआरओ) के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से हथियार एवं गोलाबारूद का जखीरा जब्त किया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार उग्रवादियों की पहचान थिंगबैजम फिलिप सिंह, लौरेम्बम कुमार मेइती, लैशराम हरिदास और युमनाम आकाश सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि उग्रवादियों को रविवार को जिले के अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार उग्रवादियों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर जिले के कालिका की तलहटी में तलाश अभियान चलाया गया और हथियारों एवं गोलाबारूद का जखीरा जब्त किया गया।

## भारी बारिश के कारण वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के नए मार्ग पर सोमवार को भूस्खलन हो गया जिसके कारण बैटरी कार सेवा को स्थगित करना पड़ा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि तीर्थयात्रा अब पुराने मार्ग से संचालित की जा रही है और बिना किसी व्यवधान के जारी है।

**'जनता दर्शन'** 'स्कूल जाना चाहती हूं, आप मेरा एडमिशन करवा दीजिए'

# सीएम योगी का बच्ची संग बातचीत का वीडियो वायरल

एजेंसी। लखनऊ

यूं तो हर दौरे, निरीक्षण, कार्यक्रम में बच्चों को देख उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री उनसे मिलते, हालचाल जानते, पढ़ाई के बारे में पूछते, फिर चॉकलेट देते है, लेकिन सोमवार को एक अलग ही नजारा देखने को मिला। दरअसल सोमवार एक बच्ची ने सीएम योगी से स्कूल में एडमिशन कराने की गुहार लगाई। जिसके बाद सीएम योगी बच्ची की बात सुनकर मुस्कुरा जाते है।

इतना ही नहीं बच्ची से मुख्यमंत्री के संवाद को देख सभी ने योगी के बालमन की तारीफ की तो सीएम



बच्ची की हाजिर जवाबी पर मुस्कुरा उठे। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान मुरादाबाद से वाची नाम की नन्ही बच्ची अपनी बात लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास पहुंची। हर एक फरियादी के पास पहुंच रहे मुख्यमंत्री जब इस बच्ची के पास पहुंचे तो उसे देख सबसे पहले हालचाल पूछा, फिर उसका भी प्रार्थना पत्र लिया और पढ़ा।

इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाची से पूछा कि तुम, स्कूल नहीं जाना चाहती है। इस पर बच्ची बोली- "नहीं, मैं स्कूल जाना चाहती हूं। मैं यह कह रही थी कि आप स्कूल में मेरा एडमिशन करा दो।" मुख्यमंत्री ने पूछा, "किस क्लास में। 10वीं या 11वीं में", बच्ची ने फिर उत्तर दिया- "अरे, मुझे नाम नहीं पता।" इस पर मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद को प्रार्थना पत्र सौंपा और कहा कि इस बच्ची का एडमिशन हर हाल में कराओ। सोशल मीडिया पर सीएम योगी का बच्ची संग इस बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मुख्यमंत्री का यह रूप देख 'जनता दर्शन' में आए फरियादी भी एक मिनट के लिए अपनी पीड़ा भूल मुस्कुरा उठे। मुरादाबाद से आई वाची से पूछा गया कि किससे मिलकर आई हैं, उन्होंने कहा कि मैं योगी जी से मिलकर आई।

### लोगों की सुनी समस्याएं

बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान यहां प्रदेश भर से लगभग 65 से अधिक पीड़ित पहुंचे। मुख्यमंत्री हर पीड़ित के पास स्वयं पहुंचे, समस्या सुनी, प्रार्थना पत्र लिया और उन्हें अहसास कराया कि हर समस्या में सरकार साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के हर नागरिक की सेवा, सुरक्षा और सम्मान सरकार की पहली प्राथमिकता है।



# अनुभवी फॉरवर्ड ललित को शानदार करियर के लिए हॉकी इंडिया ने दी बधाई

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

हॉकी इंडिया ने सोमवार को अनुभवी फॉरवर्ड ललित कुमार उपाध्याय को हार्दिक बधाई दी, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा की। इसके साथ ही 2014 से 2025 तक एक दशक से अधिक समय तक चले उनके उल्लेखनीय करियर का समापन हो गया। उत्तर प्रदेश के वाराणसी के रहने वाले ललित ने बेल्जियम के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग 2024-25 सीजन के यूरोपीय चरण के भारत के अंतिम मैच के तुरंत बाद एक भावपूर्ण सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से अपने फैसले की घोषणा की। हालांकि उन्होंने दौरे के दौरान चार मैचों में भाग लिया, लेकिन भारतीय जर्सी में उनका अंतिम प्रदर्शन 15 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुआ। ललित ने सीनियर स्तर पर भारत के लिए 183 मैच खेले, जिसमें 67 गोल किए।

पिछले कुछ वर्षों में वह भारत की फॉरवर्ड लाइन में एक विश्वसनीय नाम बन गए। वह अपनी बहुमुखी प्रतिभा, ऑन-फील्ड बुद्धिमत्ता और दबाव की स्थितियों में शांत व्यवहार के लिए जाने जाते हैं। 2014 हॉकी विश्व कप में पदार्पण करने से लेकर दो बार ओलंपिक पोडियम पर खड़े होने तक, ललित का करियर आधुनिक युग में भारतीय हॉकी के कुछ सबसे बड़े मील के पत्थर की समयरेखा है। वह टोक्यो 2020 ओलंपिक में इतिहास रचने वाली टीम का अहम हिस्सा थे, जिसने भारत को लंबे समय से प्रतीक्षित कांस्य पदक जीतने में मदद की और पेरिस 2024 ओलंपिक में इस उपलब्धि को दोहराया, जिससे एक बड़े मैच के खिलाड़ी के रूप में उनकी प्रतिष्ठा मजबूत हुई। ओलंपिक के अलावा, ललित ने 2016 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी, 2017 एशिया कप में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस मैच में उन्होंने चार गोल किए थे और कई अन्य पोडियम फिनिश में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके पदक से भरे करियर में ओडिशा पुरुष हॉकी विश्व लीग फाइनल 2017 में कांस्य, एफआईएच पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2018 में रजत, 2018 एशियाई खेलों में कांस्य और 2018 पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण शामिल हैं। वह एफआईएच प्रो लीग 2021-22 में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम का भी हिस्सा थे और हांग्जो में एशियाई खेलों 2022 में स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय हॉकी में उनके योगदान के लिए ललित को 2021 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## हॉकी इंडिया अध्यक्ष और महासचिव ने ललित के योगदान की सराहना की

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, "ललित अपनी पीढ़ी के सबसे शानदार और समर्पित फॉरवर्ड में से एक रहे हैं। चाहे वह कोई महत्वपूर्ण ओलंपिक मैच हो या लीग गेम, उन्होंने हमेशा भारतीय जर्सी को गर्व के साथ पहना और दिल से खेला। उन्होंने कहा कि वाराणसी की संकरी गलियों से दो बार ओलंपिक पोडियम पर खड़े होने तक का उनका सफर किसी प्रेरणा से कम नहीं है। हम भारतीय हॉकी के लिए उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं और उनके जीवन के अगले चरण के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने भी ललित के अपार योगदान की सराहना की और कहा, "ललित खेल के सच्चे राजदूत रहे हैं, मैदान के बाहर विनम्र और मैदान पर निडर। उनकी निरंतरता, कौशल और बड़े मैचों के प्रति उनके स्वभाव ने उन्हें टीम का स्तंभ बना दिया। उन्हें न केवल उनके गोल के लिए बल्कि टीम में लाई गई ऊर्जा और सकारात्मकता के लिए भी याद किया जाएगा। हॉकी इंडिया को उनकी उपलब्धियों पर गर्व है।

# 'ओलंपिक डे' पर बीसीसीआई और जय शाह का संदेश, 'लेट्स मूव प्लस 1' अभियान को बढ़ावा

**नई दिल्ली(आईएएनएस)**



2010 2014 और 2023 में एशियन गेम्स में पुरुषों और महिलाओं दोनों की टी20 प्रतियोगिताएं शामिल थीं

'इंटरनेशनल ओलंपिक-डे' के मौके पर सोमवार को आईसीसी अध्यक्ष जय शाह और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 'लेट्स मूव +1' अभियान को बढ़ावा दिया है। इसके साथ ही मजबूत, स्वस्थ भारत की ओर कदम बढ़ाने का आग्रह किया।

जय शाह ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "क्रिकेट ने हमेशा हमें एकजुट किया है। अब यह ओलंपिक का हिस्सा है। इस ओलंपिक डे पर, आइए प्रेरणा, जुड़ाव और उत्थान के लिए खेल की ताकत का जश्न मनाएं। अपने +1 को टहलने, दौड़ने या क्रिकेट खेलने के लिए आमंत्रित करें। एक मजबूत, स्वस्थ भारत की ओर कदम बढ़ाएं। साथ मिलकर, आइए ओलंपिक गेम्स को घर लाने की अपनी यात्रा पर आगे बढ़ते रहें! बीसीसीआई ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, "क्रिकेट ओलंपिक गेम्स में शामिल हो गया है। यह हमारे प्रिय खेल के लिए एक ऐतिहासिक छलांग है। इस ओलंपिक डे पर, आइए खेलों की शक्ति का जश्न मनाएं, जो लोगों को जोड़ती है और प्रेरित करती है। लेट्स मूव अभियान के जरिए हम आपको अपना '+1' चुनने और आगे बढ़ने के लिए आमंत्रित करते हैं।

चाहे वह टहलना हो, दौड़ना हो या क्रिकेट का खेल हो। साथ मिलकर, हम एक स्वस्थ, ज्यादा एकजुट भारत का निर्माण कर सकते हैं। जब हम साथ मिलकर चलते हैं, तो बेहतर तरीके से आगे बढ़ते हैं। आइए, अपने सपने को साकार करें- भारत में ओलंपिक! 'लेट्स मूव' इस साल ओलंपिक-डे की थीम है। यह दिवस 1894 में आधुनिक ओलंपिक खेलों की स्थापना के मौके पर हर साल 23 जून को मनाया जाता है। इस वर्ष, सभी को अपने साथ चलने, दौड़ने, डांस करने, कूदने और घूमने के लिए '+1' को आमंत्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# टेस्ट के बाद होगी वनडे सीरीज, अब वनडे स्क्वाड का हुआ ऐलान, कई प्लेयर्स की वापसी

**ढाका । एजेंसी**

बांग्लादेश क्रिकेट टीम और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट मुकाबला ड्रॉ रहा था। अब दोनों टीमों के बीच दूसरा टेस्ट मुकाबला 25 जुलाई को खेला जाएगा। टेस्ट सीरीज के बाद दोनों टीमों के बीच वनडे सीरीज खेली जाएगी। इसके लिए अब बांग्लादेश की वनडे स्क्वाड का ऐलान कर दिया गया है। इसमें कप्तानी की जिम्मेदारी मेहदी हसन मिराज को सौंपी गई है। टीम में कुल 16 प्लेयर्स को मौका मिला है। वहीं, बांग्लादेश की वनडे स्क्वाड में नईम



शेख के अलावा लिटन दास, शमीम पटवारी, तनवीर इस्लाम, मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद और हसन महमूद जैसे खिलाड़ियों की वापसी हुई है। जबकि मुश्फिकुर रहीम और महमूदुल्लाह जैसे सीनियर प्लेयर्स वनडे से रिटायरमेंट ले चुके हैं। सीनियर प्लेयर्स की गैरमौजूदगी में बांग्लादेश के सेलेक्टर्स ने युवा प्लेयर्स पर भरोसा जताया है।

**बांग्लादेश की टीम के लिए खेले 8 वनडे मैच :** नईम शेख ने बांग्लादेश के लिए अपना आखिरी वनडे मैच साल 2023 में खेला था। उसके बाद से उन्होंने अभी तक 8 वनडे मुकाबले खेले हैं, जिसमें उनके बल्ले से सिर्फ 95 रन निकले थे।

**एमएलसी 2025**

# जिसने भारत को जिताया अंडर-19 वर्ल्ड कप, अमेरिका में बिखेर रहा जलवा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



उन्मुक्त चंद भारत को अपनी कप्तानी में अंडर-19 वर्ल्ड कप जिताने वाले खिलाड़ी हैं, लेकिन कभी सीनियर टीम में जगह नहीं बना सके। यही वजह रही कि वह भारत छोड़कर अमेरिका में क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्मुक्त चंद फिलहाल मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमलसी) में खेल रहे हैं, जहां उन्होंने सीजन के 12वें मैच में अपना जलवा बिखेरा। उन्मुक्त चंद ने न सिर्फ अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से लॉस एंजिल्स को जीत दिलाई, बल्कि उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' खिताब से भी नवाजा गया। डलास में खेले गए इस मुकाबले की बात करें, तो सिएटल ओर्कास ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनते हुए छह विकेट खोकर 177 रन बनाए। सिएटल ओर्कास के लिए आरोन जोन्स ने 36 गेंदों में सर्वाधिक 44 रन जड़े, जबकि डेविड वॉर्नर ने 38 रन की पारी खेली। इनके अलावा शायन जहांगीर ने 26 रन टीम के खाते में जोड़े। विपक्षी टीम की ओर से आंद्रे रसेल ने तीन विकेट चकाए, जबकि ड्राई, शैडली वैन शाल्कविक और जेसन होल्डर ने एक-एक विकेट झटके। टारगेट का पीछा करने उतरी लॉस एंजिल्स ने 18.2 ओवरों में ही जीत दर्ज कर ली। टीम सात रन तक अपने दो विकेट गंवा चुकी थी। यहां से उन्मुक्त चंद ने सैफ बदर के साथ मिलकर मोर्चा संभाला।

# क्लब विश्व कप : अल ऐन पर जीत के साथ नॉकआउट में पहुंची मैनचेस्टर सिटी

**अटलांटा (आईएएनएस)**



मैनचेस्टर सिटी ने सोमवार को अल ऐन पर 6-0 की शानदार जीत। इसी के साथ उसने फीफा क्लब विश्व कप 2025 के राउंड ऑफ-16 में जगह बना ली है। इस जीत के साथ ही जुवेंटस का क्वालीफिकेशन भी तय हो गया है। इस मुकाबले में मैनचेस्टर सिटी की ओर से इल्के गुंडोगन (8' और 73') ने 2 गोल दोगे। इनके अलावा क्लाउडियो एचेवेरी (27'), एर्लिंग हैलैंड (45+5'), ऑस्कर बॉब (84') और रेयान चेर्की (89') ने टीम ने एक-एक गोल किए। पेप गार्डियोला की टीम हमेशा अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर नहीं रही, लेकिन जब गुंडोगन ने उन्हें आठवें मिनट में बढ़त दिलाई, उसके बाद से टीम ने लगातार पकड़ बनाए रखी। 19 वर्षीय एचेवरी ने क्लाउडियो एचेवरी इस टूर्नामेंट में लियोनेल मेसी के बाद फ्री-किक से सीधे गोल करने वाले अर्जेंटीना के दूसरे खिलाड़ी बन गए। गार्डियोला की टीम ने एकतरफा दूसरे हाफ में अपना दबदबा बनाए रखा। बर्नार्डो सिल्वा के एक चतुर रिवर्स पास के बाद ऑस्कर बॉब के एक स्मार्ट फिनिश ने उनकी बढ़त को और बढ़ा दिया। मैच के एक मिनट पहले ही स्कोरलाइन में एक और गोल का इजाफा हो गया। हैलैंड ने चेर्की को पास दिया और उन्होंने टीम के लिए छठा गोल दाग दिया।

गार्डियोला की टीम अब जुवेंटस एफसी का सामना करेगी। स्टैंडिंग को देखें, तो मैनचेस्टर सिटी शुरुआती दोनों मुकाबले जीतकर दूसरे पायदान पर है, जबकि जुवेंटस दोनों मैच जीतकर पहले स्थान पर मौजूद है। इस ग्रुप के अन्य मुकाबले में जुवेंटस ने अपने पिछले मैच में वायदाद एसी के खिलाफ 4-1 से जीत दर्ज की है। इस ग्रुप में वायदाद एसी और अल ऐन ने अब तक दो-दो मुकाबले खेले हैं, लेकिन जीत का खाता नहीं खोल सके। दोनों टीमें फिलहाल तीसरे और चौथे पायदान पर मौजूद हैं।

# बुमराह टीम इंडिया के एसेट, उन्हें पता है विकेट कैसे लें : प्रवीण

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने लीड्स में जारी पहले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया। इंग्लैंड की पहली पारी में बुमराह ने पांच विकेट निकाले। पूर्व भारतीय क्रिकेट और कोच प्रवीण आमरे ने बुमराह को जमकर सराहा है। प्रवीण आमरे ने 'आईएएनएस' से खास बातचीत में जसप्रीत बुमराह की तारीफ करते हुए कहा, "मुझे लगता है कि बुमराह टीम इंडिया के अब तक के सबसे बेहतरीन गेंदबाज हैं। वह हर फॉर्मेट में प्रदर्शन करते हैं। उनमें विकेट की भूख है। उन्होंने आगे कहा, "यह सबसे बढ़िया बात है।

उन्हें पता है कि विकेट कैसे निकाले जाते हैं। वह टीम इंडिया के लिए एसेट हैं। जिस तरह से वह गेंदबाजी कर रहे हैं, हम चाहेंगे कि वह पूरी सीरीज में फिट रहें। जैसे बैटिंग में सचिन तेंदुलकर के ऊपर जिम्मेदारी होती थी, मुझे लगता है कि आज गेंदबाजी में बुमराह के ऊपर वही जिम्मेदारी होती है। प्रवीण आमरे ने युवा खिलाड़ियों की तारीफ करते हुए कहा, "इंग्लैंड की सीरीज बेहद अहम है, क्योंकि सीरीज में नए



खिलाड़ी खेल रहे हैं। इनके ऊपर प्रदर्शन करने का दबाव था। उन्होंने लाजवाब प्रदर्शन किया। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर हमें बैटिंग दी। भारतीय पारी में तीन शतक आए। बुमराह ने पांच विकेट निकाले। छह रन की लीड भी बहुत अहम है। हम पहले ही मैच से यह उम्मीद नहीं कर सकते कि हम जीतेंगे। हमें खिलाड़ियों को सेट होने के लिए समय देना होगा।

उन्होंने आगे कहा, "हमें गेंदबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी। हालांकि, बल्लेबाजी पर सवाल थे, लेकिन खिलाड़ियों ने बेहतरीन जवाब दिया। कप्तान गिल, ऋषभ पंत की शानदार पारी देखने को मिली।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# मध्यपूर्व में तनाव बढ़ने से सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान में बंद

**मुंबई (आईएएनएस)**

मध्य पूर्व में तनाव बढ़ने के कारण भारतीय शेयर बाजार ने इस कारोबारी सप्ताह की कमजोर शुरुआत की।



अमेरिका ने ईरान की तीन न्यूक्लियर साइट्स पर बमबारी की। इस वैश्विक घटनाक्रम ने निवेशकों को सतर्क कर दिया और सोमवार को बेंचमार्क सूचकांकों में गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 511.38 अंक या 0.62 प्रतिशत गिरकर 81,896.79 पर बंद हुआ। इंट्रा-डे के दौरान इंडेक्स 82,169.67 के उच्च और 81,476.76 के निम्न स्तर के बीच कारोबार करता रहा। इसी तरह निफ्टी भी लाल निशान पर बंद हुआ। इंडेक्स 140.50 अंक या 0.56 प्रतिशत गिरकर 24,971.90 पर बंद हुआ। सत्र के दौरान इंडेक्स ने 25,057 का इंट्रा-उच्च और 24,824.85 का निम्न स्तर छुआ था। हालांकि, ब्रॉडर मार्केट ने फ्रंटलाइन इंडेक्स की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ, जबकि स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 0.70 प्रतिशत बढ़ा। सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से एचसीएल टेक, इंफोसिस, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी टॉप लूजर्स रहे, जिनमें 2.29 प्रतिशत से 1.21 प्रतिशत के बीच गिरावट आई। दूसरी ओर, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फिनसर्व टॉप गेनर्स रहे, जिनमें 3.61 प्रतिशत से 0.58 प्रतिशत के बीच बढ़त दर्ज की गई।

# भारत का हर्बल और आयुर्वेदिक ओटीसी बाजार वैश्विक वृद्धि से आगे निकलने के लिए तैयार : रिपोर्ट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



भारत के हर्बल और आयुर्वेदिक ओटीसी (ओवर द काउंटर) मार्केट में 6.5 प्रतिशत की सीएजीआर से वृद्धि होने की उम्मीद है, जो 2025 में 69 मिलियन डॉलर से बढ़कर 2033 के अंत तक 118 मिलियन डॉलर हो जाएगा। इस वृद्धि के साथ मार्केट वैश्विक रुझानों से आगे निकल जाएगा। यह जानकारी सोमवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि, चुनौतियां बनी हुई हैं क्योंकि 2024 में 40 प्रतिशत नए लॉन्च को विनियामक बाधाओं का सामना करना पड़ा, केवल 20 प्रतिशत उत्पादों को क्लिनिकल मान्यता मिली है और गुणवत्ता संबंधी चिंताएं 30 प्रतिशत तक की पेशकशों को प्रभावित करती हैं, जिससे क्लिनिकल इलनेस के लिए उनकी विश्वसनीयता और अडॉप्शन को सीमित किया जाता है। हर्बल और आयुर्वेदिक ओटीसी इंडस्ट्री के बारे में बताया जाता है कि यह शानदार तेजी से बढ़ रही है। नवीनतम शोध के अनुसार, इंडस्ट्री ने 70 प्रतिशत से अधिक भारतीय घरों में मजबूती से प्रवेश किया है। यह जानकारी 1लैटिस की हेल्थकेयर इंटेलिजेंस रिसर्च विंग मेडआईक्यू द्वारा किए गए नवीनतम उद्योग विश्लेषण से सामने आई है, जो उपभोक्ता व्यवहार में एक मौलिक बदलाव को उजागर करता है। यह दिखाता है कि सभी आयु वर्गों में नेचुरल और केमिकल-फ्री वेलनेस प्रोडक्ट के लिए प्राथमिकता में एक मजबूत बदलाव आया है। स्टडी से पता चलता है कि इस तेजी से विकास के पीछे महत्वपूर्ण कारक लोकप्रिय श्रेणियों जैसे च्यवनप्राश, अश्वगंधा सप्लीमेंट्स, आयुर्वेदिक पर्सनल केयर, फंक्शनल फूड और यूथ-टारगेटेड प्रोडक्ट्स जैसे इफर्वेसेंट टैबलेट की व्यापक खपत है। स्टडी से यह भी पता चलता है कि नए अडॉप्टर्स में से 40 प्रतिशत से अधिक मिलेनियल्स और जेन जी हैं, जो ट्रेडिशनल वेलनेस के लिए एक पीढ़ीगत बदलाव का संकेत देते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, डिजिटल अडॉप्शन से बाजार का विस्तार तेजी से हो रहा है, शहरी ओटीसी बिक्री का 10 प्रतिशत से अधिक अब ऑनलाइन है और 35 प्रतिशत नए उत्पाद टेक-ड्रिवन पर्सनलाइजेशन प्रदान करते हैं।

# ओला-उबर-रैपिडो पर फिर उठा सवाल ग्राहकों से जबरन टिप वसूली?

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने ओला, उबर इंडिया और रैपिडो जैसे राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म को उनके एडवांस टिपिंग फीचर को लेकर नोटिस जारी किया था, जिसके एक महीने से अधिक समय बाद भी, इन डिजिटल राइड-शेयरिंग प्लेटफॉर्म पर यह विवादास्पद फीचर एक्टिव है। प्लेटफॉर्म के इस फीचर के साथ यात्रियों की राइड शुरू होने से पहले ही ड्राइवर को टिप देने को कहा जाता है। कई यूजर्स ने इस फीचर को लेकर चिंता जताई और इसे मिसलीडिंग और अनफेयर बताया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कई यूजर्स ने शिकायत की है कि उन्हें या तो उकसाया गया या बिना स्पष्ट सहमति के टिप देने के लिए बाध्य किया गया। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि कई लोगों को लगता है कि इससे उन पर दबाव पड़ता है और ड्राइवरों को राइड स्वीकार करने पर अधिक नियंत्रण मिलता है। जबकि यूजर्स पहले से ही कई दूसरी परेशानियां जैसे ड्राइवर का राइड स्वीकार न करना, कैश पेमेंट की मांग करना और डेस्टिनेशन पूछे जाने के बाद ट्रिप कैंसल कर देना, झेल रहे हैं। हालांकि, 22 जून तक, सीसीपीए की ओर से जांच के परिणाम को लेकर कोई अपडेट जारी नहीं किया गया है।

# सोने की कीमत में उछाल, चांदी के दाम भी 1200 से ज्यादा बढ़े


**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



सोने और चांदी की कीमतों में सोमवार को तेजी देखने को मिली। 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर 98,800 रुपए प्रति 10 ग्राम से अधिक हो गई और चांदी की कीमत में 1200 रुपए से ज्यादा का उछाल दर्ज किया गया। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा सुबह जारी की गई कीमतों के अनुसार, 24 कैरेट के सोने की कीमत 98,884 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि शुक्रवार शाम को जारी कीमत, 98,503 रुपए प्रति 10 ग्राम से 381 रुपए अधिक है। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 90,578 रुपए हो गई है, जो कि पहले 90,229 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 74,163 रुपए हो गया है, जो कि पहले 73,878 रुपए प्रति 10 ग्राम था। आईबीजेए की ऑफिशियल वेबसाइट पर सोने और चांदी की कीमतों को दिन में सुबह और शाम दो बार अपडेट किया जाता है।

# भारत में रियल एस्टेट संस्थागत पूंजी प्रवाह 2025 की पहली छमाही में 3.1 बिलियन डॉलर तक पहुंचा

**मुंबई (आईएएनएस)**



इस वर्ष 2025 की पहली छमाही में 30 सौदों के माध्यम से भारतीय रियल एस्टेट बाजार में संस्थागत निवेश 3,068 मिलियन डॉलर (3.1 बिलियन डॉलर) तक पहुंच गया है। यह जानकारी सोमवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। जेएलएल की रिपोर्ट में कहा गया है कि चुनौतीपूर्ण अंतरराष्ट्रीय आर्थिक स्थितियों के कारण निवेश लेनदेन की समयसीमा बढ़ रही है। इसके बावजूद, रियल एस्टेट बाजार अपनी मूलभूत स्थिति को मजबूत बनाए रखता है। यह धीमी गति 2024 के असाधारण प्रदर्शन के बाद आई है, जिसमें निवेश ऐतिहासिक शिखर पर पहुंच गया था।

# राज्यपाल दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे नेतरहाट, विधायक ने किया स्वागत

- नेतरहाट पर्यटन स्थलों के विकास पर हुई चर्चा
- राज्यपाल ने किया नाशपाती बगान का अवलोकन

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़ (नेतरहाट)।** झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार रविवार और सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर नेतरहाट पहुंचे। उनके स्वागत में मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर अगवानी की। सोमवार को राज्यपाल, विधायक और लातेहार उपायुक्त ने नाशपाती बगान का निरीक्षण किया।



विधायक ने राज्यपाल को बेतला नेशनल पार्क, लोध जलप्रपात, सुग्गा बांध, पहाड़ी मंदिर समेत मनिका क्षेत्र के अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों के भ्रमण का आमंत्रण दिया। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन द्वारा राज्यपाल और विधायक को स्मृति चिह्न, नाशपाती फल एवं पौधे भेंट किए गए। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तखार अहमद, लातेहार पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### हेमंत सरकार के विरोध में भाजपा की आक्रोश रैली आज

**महुआडांड़।** हेमंत सरकार के खिलाफ भाजपा द्वारा मंगलवार को प्रखंड स्तर पर आक्रोश रैली निकाली जाएगी। भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल के नेतृत्व में रैली बस स्टैंड स्थित भाजपा कार्यालय से प्रारंभ होकर शास्त्री चौक, रामपुर चौक होते हुए प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचेगी, जहां जनसभा होगी। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि भ्रष्टाचार, बिजली-पानी की बदहाली, अवैध खनन और बेरोजगारी के मुद्दों को लेकर यह विरोध दर्ज कराया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरिकृष्ण सिंह भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं और आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### एक महीने में फिर जला ट्रांसफार्मर, ग्रामीण परेशान

**लातेहार (मनिका)।** एसबीआई रोड बेलवाटांड़ मोड़ पर बिजली विभाग द्वारा लगाया गया ट्रांसफार्मर सोमवार को जल गया, जिससे लगभग 150 घरों में अंधेरा छा गया है। यह ट्रांसफार्मर महज एक महीने पहले ही पुराने के स्थान पर लगाया गया था। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग मरम्मत किए गए पुराने ट्रांसफार्मर भेजता है, जो जल्दी खराब हो जाते हैं। बार-बार ट्रांसफार्मर बदलने में हजारों रुपये खर्च होते हैं, जिससे उपभोक्ता आर्थिक रूप से परेशान हैं। उमस भरी गर्मी में पानी और चार्जिंग की समस्या से लोग त्रस्त हैं। ग्रामीणों ने इस गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय विधायक और सांसद से हस्तक्षेप की मांग की है।

### नशा मुक्ति को लेकर नर्सिंग कॉलेज की जागरूकता रैली

**लातेहार।** लातेहार नर्सिंग कॉलेज, राजहर की ओर से सोमवार को नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली कॉलेज परिसर से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी। छात्राओं ने "नशा छोड़ो, जीवन अपनाओ" जैसे नारे लगाए। जिला नोडल पदाधिकारी शोभना टोप्पो और परामर्शी नागेंद्र कुमार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी की ऐसी सक्रिय भागीदारी से समाज को नशा मुक्त बनाने में सकारात्मक असर पड़ेगा। अंत में नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई।

### युवा कांग्रेस की जिला कमेटी भंग, ऑनलाइन होगी वोटिंग

**लातेहार।** युवा कांग्रेस की जिला कमेटी को भंग कर दिया गया है। अब सभी पदों पर चुनाव ऑनलाइन माध्यम से होंगे। यह जानकारी राष्ट्रीय चुनाव प्रभारी राजेश रेलिया ने सोमवार को प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि नामांकन 27 जून से 3 जुलाई तक लिया जाएगा और 4 जुलाई तक आपत्ति दर्ज की जा सकेगी। अंतिम सूची 9 जुलाई को जारी होगी। 15 जुलाई से 16 अगस्त तक वोटिंग चलेगी। चुनाव जिला, विधानसभा, प्रखंड और प्रदेश स्तर पर विभिन्न पदों के लिए होगा। प्रेस वार्ता में निवर्तमान अध्यक्ष अमित यादव, इमरान अंसारी समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### महुआडांड़ में 24 घंटे से बिजली सेवा बाधित

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड में बिजली आपूर्ति की गंभीर समस्या ने आम जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। पूरे प्रखंड में पिछले 24 घंटे से बिजली पूरी तरह बाधित है। बिजली नहीं रहने से पीने के पानी की भी भारी किल्लत हो गई है। गांवों में अधिकांश लोगों के मोबाइल चार्ज न होने के कारण संपर्क भी पूरी तरह टूट गया है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि बिजली बंद रहने से घरों और दुकानों में लगाए गए इनवर्टर भी काम करना बंद कर चुके हैं, जिससे लोगों को रात में अंधेरे में रहना पड़ रहा है। दिन-रात बिजली के इंतजार में लोग परेशान हैं, लेकिन शिकायतों के बावजूद बिजली विभाग और प्रशासन से कोई ठोस पहल नहीं हो रही है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग के अधिकारी बार-बार शिकायत करने के बावजूद गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। एक स्थानीय कर्मचारी ने जानकारी दी कि डुमरी-चैनपुर-गुमला-रायडीह सब-स्टेशन से बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई है और रूट मरम्मत का कार्य चल रहा है। लोगों ने जिला प्रशासन और विद्युत निगम से तत्काल बिजली बहाल करने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि बिजली आपूर्ति में जल्द सुधार नहीं हुआ तो वे आंदोलन करेंगे। लोगों ने कहा कि गर्मी के इस मौसम में यदि बिजली आपूर्ति नियमित नहीं हुई तो स्थिति और भी विकट हो सकती है।

## खरवार लोक सेवक संघ ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**लातेहार।** खरवार लोक सेवक संघ, झारखंड द्वारा 10वीं और 12वीं में सफल मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन होटल कार्निवाल्स में हुआ, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि दुमका के पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खरवार उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे ले जाने की कुंजी है। संघ का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षा और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, शिक्षक केदार सिंह और अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

**झामुमो जिला इकाई की नई टीम का ससम्मान स्वागत**

## जिला अध्यक्ष व केंद्रीय उपाध्यक्ष बैद्यनाथ राम ने किया सम्मानित, नई टीम से बड़ी उम्मीदें

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की जिला इकाई की नई टीम की घोषणा पार्टी की केंद्रीय टीम द्वारा कर दी गई है। इस अवसर पर सोमवार को सर्किट हाउस लातेहार के सभागार में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक बैद्यनाथ राम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला पहनाकर सम्मान किया गया। जिलाध्यक्ष शाहदेव ने कहा कि नई टीम पूरी तरह ऊर्जावान है और मुझे विश्वास है कि यह टीम जिले में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। वहीं, बैद्यनाथ राम ने भी समारोह को संबोधित करते हुए सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और उन्हें जोश व जुनून के साथ काम करने का आह्वान किया। मौके पर बड़ी संख्या में झामुमो के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम में बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे, जिला सचिव बुद्धेश्वर उरांव, केंद्रीय समिति के सदस्य ममता सिंह, दीपक कुमार, चंदन कुमार सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।



**नवनियुक्त जिला कमिटी के पदाधिकारी इस प्रकार हैं :** शितमोहन मुंडा उपाध्यक्ष, गोपाल सिंह, मो. परवेज (महुआडंड), प्रभात कुमार संगठन सचिव,अशोक पांडेय, ईश्वर उरांव, रामवृक्ष गंझु, सुरेश उरांव (चंदवा) सह सचिव और शमशेर खान (चंदवा), सुशील यादव प्रवक्ता नियुक्त किए गए हैं।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों का निरीक्षण शुरू

- मुखिया व हल्का कर्मचारी ने किया डोर-टू-डोर सर्वे, गुणवत्तापूर्ण निर्माण पर जोर

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ पंचायत में सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभुकों का डोर-टू-डोर निरीक्षण शुरू किया गया। पंचायत के मुखिया नरेश लोहरा और हल्का कर्मचारी बीरेंद्र टोप्पो ने संयुक्त रूप से निरीक्षण करते हुए योजना के तहत चयनित लाभुकों के घरों का भौतिक सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान मुखिया और हल्का कर्मचारी ने लाभुकों से बातचीत कर निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और योजना के पालन की स्थिति का जायजा लिया। लाभुकों ने शिकायत की कि उन्हें अभी तक अंतिम किश्त प्राप्त नहीं हुई है, जिस कारण कई घरों का निर्माण अधूरा है। इस पर मुखिया ने आश्वस्त किया कि योग्य लाभुकों को जल्द ही शेष राशि उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं व सुझाव मुखिया और अधिकारियों के समक्ष रखे, जिस पर शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया। निरीक्षण के दौरान शिवनाथ ठाकुर, अशफाक आलम, सोनू खान, मो. अलीम समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे। मुखिया नरेश लोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य हर गरीब परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराना है और इसके लिए पंचायत स्तर पर नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है ताकि योजनाओं का लाभ सही पात्रों तक पहुंचे और निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे हों।



## विहिप पलामू व पूर्व सैनिक परिषद ने उपायुक्त से की मुलाकात

- डीसी का पुष्प गुच्छ व गीता देकर किया स्वागत, सेवा कार्यों की दी जानकारी

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल पलामू के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त समीरा एस से औपचारिक मुलाकात कर पुष्प गुच्छ और श्रीमद्भागवत गीता भेंट की। परिषद के सदस्यों ने डीसी को संगठन के सेवा कार्यों और सामाजिक गतिविधियों की जानकारी दी और आगामी योजनाओं में प्रशासन का सहयोग मांगा। प्रतिनिधिमंडल में जिला पालक दामोदर मिश्र, जिला मंत्री अमित तिवारी, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप गुप्ता, प्रचार प्रमुख सुरेश वर्मा सहित कई लोग शामिल थे। इसी क्रम में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद पलामू के प्रतिनिधियों ने भी डीसी से मुलाकात कर पुष्प गुच्छ भेंट किया और परिषद की गतिविधियों से अवगत कराया। डीसी ने उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## एसजेएमएम उग्रवादी सूरज लोहरा गिरफ्तार

**चंदवा।** लातेहार पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एसजेएमएम उग्रवादी सूरज लोहरा को हिसरी गांव से गिरफ्तार किया। सूरज लोहरा लंबे समय से फरार था और चंदवा थाना कांड संख्या 26/25 में वांछित था। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बताया कि सूरज 27 जनवरी को बारी, सेरक क्षेत्र में ईंट भट्ठा से लेवी वसूली के दौरान गोलीबारी व मारपीट की घटना में शामिल था। उस समय दो उग्रवादी गिरफ्तार किए गए थे, जबकि सूरज मौके से भाग गया था। सूरज को मंडल कारा भेज दिया गया है।

## सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कचहरी चौक पर वाहनों की जांच

- 12 बाइक जब्त, 24 हजार से अधिक का जुर्माना

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** शहर के कचहरी चौक पर सोमवार को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन को लेकर परिवहन विभाग व पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से वाहनों की जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की कड़ाई से जांच की गई। जांच के क्रम में कई दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट और बगैर ड्राइविंग लाइसेंस के पाए गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले ऐसे 12 दोपहिया वाहनों को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। जब्त की गई सभी गाड़ियों से संबंधित कार्रवाई हेतु उन्हें जिला परिवहन कार्यालय, पलामू भेजा गया। परिवहन विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 23 जून 2025 को भेजे गए वाहनों का चालान और फाइन की प्रक्रिया पूरी की गई। जांच में पकड़ी गई 12 दोपहिया गाड़ियों पर कुल 12,150 रुपये का जुर्माना निर्धारित किया गया है। इसके अलावा दो ई-रिक्शा सवारी वाहनों पर 2,300 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं, एक ई-रिक्शा चालक को शराब पीकर वाहन चलाते पकड़ा गया, जिसके विरुद्ध गंभीर कार्रवाई करते हुए 10,170 रुपये का चालान काटा गया है। कुल मिलाकर जांच अभियान के तहत 24,620 रुपये का चालान फाइन संबंधित दस्तावेजों के साथ प्राप्त हुआ है। यह अभियान सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया गया था। अधिकारियों ने कहा है कि आगे भी इस तरह की जांच नियमित रूप से की जाएगी ताकि आमजन को नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया जा सके और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। यातायात प्रभारी समाल अहमद ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे हेलमेट पहनकर, ड्राइविंग लाइसेंस एवं वाहन के सभी वैध कागजातों के साथ ही सड़क पर निकलें, ताकि न केवल स्वयं की सुरक्षा हो, बल्कि दूसरों की जान भी सुरक्षित रह सके।

**सराहनीय कार्य** — पहल ट्रस्ट की नई पहल के संकल्प ने रचा सामाजिक बदलाव का उदाहरण

# विधवा विवाह का प्रेरणादायक आयोजन, पवन-पूजा का जीवन बना नई उम्मीद की कहानी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में पहल ट्रस्ट की ओर से अंतरराष्ट्रीय विधवा दिवस के अवसर पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में एक ऐसा विवाह संपन्न हुआ जिसने समाज की रूढ़ सोच को चुनौती दे दी। यह विवाह न केवल दो जीवनों का संगम था, बल्कि सामाजिक बदलाव की ओर एक ठोस कदम भी।

गढ़वा जिले के सोनेहारा गांव की विधवा पूजा देवी और पोलपोल के अविवाहित युवक पवन कुमार ने पहल ट्रस्ट की प्रेरणा से विवाह कर एक मिसाल कायम की। पूजा देवी के पति का निधन वर्ष 2020 में हो गया था। जीवन संघर्षों से जूझ रही पूजा को पहल ट्रस्ट का साथ मिला और पवन कुमार ने समाज की परंपराओं से ऊपर उठकर उनका हाथ थाम लिया।



कार्यक्रम में प्रशिक्षु आईएएस हिमांशु, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान और संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि सरकार द्वारा विधवा विवाह को प्रोत्साहित करने के लिए दो लाख रुपये की राशि दी जाती है। वर्ष 2025 में जिले में ऐसे पांच विवाहों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

कार्यक्रम में कई विधवा महिलाओं ने अपने जीवन की पीड़ा साझा की। चैनपुर की एक महिला ने कहा कि पति की मृत्यु के बाद समाज उन्हें दोषी मानता है, बेटों से वंचित करता है और सहायता से मुंह मोड़ लेता है। ऐसे में पहल ट्रस्ट का यह प्रयास उन महिलाओं के लिए नई उम्मीद का द्वार खोलता है।

पहल ट्रस्ट के इस कदम ने यह साबित कर दिया कि यदि समाज का एक हिस्सा आगे बढ़कर संकल्प ले, तो बदलाव संभव है। यह विवाह सिर्फ एक संस्कार नहीं, बल्कि सामाजिक पुनर्निर्माण की दिशा में एक प्रेरणादायक शुरुआत है।

### विधवा विवाह को सामाजिक समर्थन दिलाना हमारी जिम्मेदारी : अविनाश देव

इस आयोजन की प्रमुख भूमिका में रहे झारखंड सरकार के माटी कला बोर्ड के निवर्तमान सदस्य एवं पहल ट्रस्ट के प्रतिनिधि अविनाश देव, जिन्होंने न सिर्फ विवाह की व्यवस्था करवाई बल्कि समाज में विधवा विवाह को स्वीकृति दिलाने के लिए लंबे समय से सक्रिय हैं। उन्होंने कार्यक्रम में कहा कि विधवा विवाह को सामाजिक समर्थन दिलाना हमारी जिम्मेदारी है। पहल ट्रस्ट इसी उद्देश्य से आगे बढ़ रहा है, और जो भी व्यक्ति विधवा विवाह करना चाहता है, उसे हम हरसंभव सहायता देने को तैयार हैं।

## वर्षों बाद खुला दीनदयाल मार्ग प्रथम महापौर ने मंत्री राधाकृष्ण किशोर को दी बधाई

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के अंबेडकर पार्क (बड़ा तालाब) के बीचोंबीच वर्षों से बंद पड़े दीनदयाल मार्ग को आखिरकार पुनः खोल दिया गया। इस पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने राज्य के योजना एवं विकास मंत्री राधाकृष्ण किशोर को बधाई दी और इसे एक बड़ी जनसुविधा की बहाली बताया। अरुणा शंकर ने कहा कि मैं हमेशा से चाहती थी कि यह रास्ता खुलवाया जाए, परंतु तकनीकी कारणों से यह संभव नहीं हो पाया। चुन्नू भैया के मंत्री बनने के बाद मैंने लगातार आग्रह किया, और आज यह मार्ग पुनः चालू हो गया। यह खुशी मेरी नहीं, बल्कि जेलहाता से आने-जाने वाले हजारों लोगों की है, जो अब सुगम आवागमन का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस मार्ग के खुलने से आसपास के व्यापारियों को भी आर्थिक लाभ मिल रहा है। शुक्रवार को उन्होंने स्वयं मार्ग का भ्रमण किया और आम लोगों तथा व्यापारियों से मुलाकात की। वहां के उत्साहित चेहरे देखकर उन्होंने कहा कि मैं इसे पहले नहीं खुलवा पाई, इसके लिए क्षमा प्रार्थी हूं। यह कार्य मंत्री जी के सहयोग से ही संभव हो सका।" इस अवसर पर अरुणा शंकर ने मंत्री से चैनपुर-नेवरा मार्ग की मरम्मत की भी मांग की। उन्होंने कहा कि यह मार्ग काफी जर्जर है, और वहां सबसे अधिक खनिज परिवहन होता है। यदि निर्माण में देरी हो रही है तो डीएमएफटी फंड से उसकी मरम्मत कराई जाए।

## डालसा सचिव ने किया केंद्रीय कारा मेदिनीनगर का औचक निरीक्षण

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के सचिव राकेश रंजन ने सोमवार को केंद्रीय कारा मेदिनीनगर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला एवं पुरुष वार्डों का भ्रमण कर बंदियों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। डालसा सचिव ने महिला बंदियों से बातचीत के क्रम में कारा में रह रहे छोटे बच्चों की स्थिति की जानकारी ली और उनकी माताओं से दूध, पोषण एवं देखभाल संबंधी सुविधाओं के बारे में विस्तार से पूछा। उन्होंने जेल में नियुक्त शिक्षक से मुलाकात कर बंदियों की पढ़ाई-लिखाई की स्थिति की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान राकेश रंजन ने बंदियों को विधिक सलाह देते हुए कहा कि वे जमानत, अपील और रिवीजन जैसे कानूनी विकल्पों का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि कोई भी बंदी बिना वकील के न रहे, इसके लिए डालसा द्वारा मुफ्त अधिवक्ता की व्यवस्था की गई है।

## पेज एक के शेष

### पानी-पानी राजधानी...

रांची के हरमू, लालपुर, कचहरी, चुटिया सहित कई इलाकों में जलजमाव से लोग परेशान रहे। रेडियम रोड, मोरहाबादी बाजार, करमटोली चौक, करमटोली तालाब रोड और कर्बला चौक रोड पर हालात इतने खराब हो गए कि लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया था। तेज बारिश के कारण करमटोली चौक पर घुटनों तक पानी जमा हो गया। रांची रेलवे स्टेशन के बाहर पानी भरने से यात्रियों को भारी परेशानी हुई। लगातार बारिश से स्कूली बच्चे और अन्य काम करने वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मेन रोड स्थित सैनिक मार्केट में भी कुछ दुकानों में पानी प्रवेश कर गया। रांची में न्यूनतम तापमान 22.1 और अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं, रांची के बसरटोली स्थित संत माग्रेट यूपी कन्या पाठशाला और संत पॉल्स कॉलेज के स्टॉफ क्वार्टर की बाउंड्री गिरने मोरहाबादी के बबलू उरांव की मौत हो गई। परिजन और इलाके के लोग इस घटना से सकते में हैं। बबलू उरांव सेना से रिटायर होने के बाद रांची के निजी प्रतिष्ठान में गार्ड का काम करते थे। सोमवार को उनका ऑफ डे था। इस कारण वे घर पर थे और अपनी बाइक से अपने दोनों बच्चों को स्कूल लेकर गए थे। स्कूल की छुट्टी होने के बाद दोनों बच्चों को लेकर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। इस हादसे में बबलू उरांव मौत हो गई। दोनों बच्चों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। इधर, हजारीबाग के बरही थाना क्षेत्र में रसोइया धमना बाराटोला गांव में भारी बारिश से रविवार की देर रात को एक जर्जर मकान की छत गिर गई। इसके मलबे में दबकर हबीब अंसारी और उनकी पत्नी जुमेरा खातून की मौत हो गई। दोनों की उम्र लगभग 50 वर्ष थी। लोगों को हादसे की जानकारी सोमवार को हुई। इसके बाद मलबे में दबे दंपती को ग्रामीणों ने बाहर निकाला। पलामू जिले के पांकी थाना अंतर्गत उक्सू गांव निवासी 12 वर्षीय राकेश कुमार अमानत नदी में नहाने के दौरान बह गया। उसका शव सोमवार को बरामद किया गया। इसी थाना क्षेत्र के बसरिया गांव में 14 वर्षीय समीर अंसारी नहाने के दौरान अमानत नदी में डूब गया। उसकी तलाश जारी है। बोकारो जिले के चंद्रपुरा प्रखंड में जमुनिया नदी पर नवनिर्मित पुल का एक हिस्सा और गार्डवाल बारिश की धार में बह गया। इस नवनिर्मित पुल का उद्घाटन तक नहीं हुआ था।

### मौसम विभाग ने...

इस दौरान सर्वाधिक बारिश वाले अन्य जिलों में पाकुड़ में 68 एमएम, चाईबासा में 55 एमएम, रामगढ़ में 22.5 एमएम और जमशेदपुर में 20.2 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई है। 23 से 26 जून 2025 तक के लिए राज्य के कई जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने मौसम अपडेट में 26 जून की सुबह 8:30 बजे से 27 जून की सुबह 8:30 बजे तक राज्य के गुमला, सिमडेगा और पश्चिम सिंहभूम में भारी से अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, लोहरदगा, रांची, खूंटी, सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम में भारी से अत्यधिक भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। 27 जून की सुबह से 28 जून की सुबह तक राज्य के गुमला, सिमडेगा, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां में भारी से अत्यधिक भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### गवर्नर ने नेतरहाट...

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की अपनी गौरवशाली परंपरा को निरंतर बनाए रखेगा।

इसके बाद राज्यपाल ने नेतरहाट स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी अवलोकन किया। उन्होंने चिकित्सा सुविधाओं, उपलब्ध दवाओं तथा स्थानीय निवासियों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने नेतरहाट क्षेत्र में लगभग 100 एकड़ में फैले नाशपाती बागान का भी भ्रमण किया। उन्हें जानकारी दी गई कि यहां 'नट' किस्म के नाशपाती भी हैं, जो अपने स्वाद एवं गुणवत्ता के लिए जानी जाती हैं।

### तेहरान में 50...


जिसके पास तेहरान को आंतरिक और बाहरी खतरों से बचाने की जिम्मेदारी है। इसके साथ-साथ 'सैयद अल-शहादा ब्रिगेड' को भी निशाना बनाया गया, जो देश की आंतरिक सुरक्षा की निगरानी करती है। हमले के तहत आईआरजीसी की एक केंद्रीय सशस्त्र शक्ति 'बसीज मुख्यालय' को भी निशाना बनाया गया, जो इस्लामी कानून लागू कराने और नागरिकों पर निगरानी रखने जैसे कार्यों के लिए जाना जाता है। आईडीएफ ने बयान में कहा कि हमने तेहरान की कई प्रमुख सुरक्षा इकाइयों जैसे अलबोर्ज कॉर्प्स और आंतरिक सुरक्षा बलों के खुफिया तथा सामान्य सुरक्षा पुलिस मुख्यालयों पर भी हमला किया है। इन हमलों से ईरानी शासन की सैन्य क्षमता और नियंत्रण स्थापित करने की शक्ति को गहरा नुकसान हुआ है। इसके अतिरिक्त, इजरायली वायुसेना ने ईरान के पश्चिमी, केंद्रीय और पूर्वी हिस्सों में स्थित छह प्रमुख सैन्य हवाईअड्डों को भी निशाना बनाया। इन हवाईअड्डों के रनवे, भूमिगत हैंगर, ईंधन भरने वाले विमान और एफ-14, एफ-5 व एएच-1 जैसे लड़ाकू विमानों को नष्ट कर दिया गया। आईडीएफ ने कहा कि इन विमानों का उद्देश्य इजरायली वायुसेना को रोकना था। अब ईरानी वायुसेना की इन हवाईअड्डों से उड़ान भरने और संचालन करने की क्षमता को गंभीर रूप से बाधित कर दिया गया है। इसी बीच, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को फिर दोहराया कि इजरायल अपने सैन्य अभियानों को ईरान और गाजा दोनों मोर्चों पर पूरी ताकत से जारी रखेगा।

### एयर इंडिया कनिष्क बम विस्फोट की 40वीं बरसी पर बोले केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी

# आतंकवाद के खिलाफ दुनिया को एकजुट होने की जरूरत

**कॉर्क (आयरलैंड) (आईएएनएस)**

याद किए गए पीड़ित, भारत-कनाडा और आयरलैंड ने दी श्रद्धांजलि



भारत ने आयरलैंड और कनाडा के साथ मिलकर एयर इंडिया कनिष्क बम विस्फोट की 40वीं बरसी पर पीड़ितों को याद किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकता की अपील की। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आयरलैंड के कॉर्क में स्थित अहाकिस्ता में एयर इंडिया फ्लाइट 182 (कनिष्क) बम विस्फोट की 40वीं बरसी के अवसर पर बोलते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, दुनिया को एकजुट होने की जरूरत है, न केवल इस तरह की शोक सभाओं में, बल्कि आतंकवाद से लड़ने के लिए सामूहिक और सक्रिय प्रयासों में भी।

23 जून 1985 की त्रासदी को याद करते हुए पुरी ने कहा कि यह कोई दुर्घटना नहीं थी, बल्कि भारत को विभाजित करने की कोशिश करने वाले कट्टरपंथी तत्वों की ओर से जानबूझकर किया गया जघन्य कृत्य था। ज्ञात हो कि कनाडा में रहने वाले आतंकवादियों द्वारा लगाए गए बम से एयर इंडिया फ्लाइट सं-182 हवा में ब्लास्ट हो गई थी, जिसमें 80 से अधिक बच्चों सहित 329 लोग मारे गए थे। 23 जून 1985 को एयर इंडिया की फ्लाइट लंदन और दिल्ली होते हुए मुंबई जा रही थी, तभी अटलांटिक महासागर के ऊपर बोइंग 747 में बम विस्फोट हो गया।

केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि आतंकवाद और उग्रवाद केवल अतीत की समस्याएं नहीं हैं, बल्कि आज भी निर्दोष लोगों की जान को खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा, भारत दशकों से आतंकवाद से पीड़ित है। जम्मू-कश्मीर से लेकर पंजाब और मुंबई तक, बार-बार हमारे लोगों ने बम विस्फोटों, हत्याओं और अत्याचारों को सहा है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2024 में वैश्विक आतंकवाद से संबंधित मौतों में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पुरी ने कनाडा सरकार से इस साझा खतरे का मुकाबला करने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करने का आग्रह किया और कहा, कनाडा हमारा मूल्यवान साझेदार और मित्र है।

हम दोनों देश सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों से जुड़े हैं और लोकतांत्रिक परंपराओं से बंधे हैं। उन्होंने खुफिया जानकारी साझा करने, कट्टरपंथी विरोधी प्रयासों और आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकने के लिए दोनों देशों के बीच गहरे सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा, हमारी सुरक्षा एजेंसियां, खुफिया तंत्र और कूटनीतिक चैनल ऐसी त्रासदियों को दोबारा रोकने के लिए दुनिया के साथ साझेदारी करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

मंत्री हरदीप पुरी ने 1985 की त्रासदी के बाद अहाकिस्ता के लोगों और आयरिश सरकार की करुणा के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, उन्होंने शोकग्रस्त परिवारों के लिए अपने घर और दिल खोले, यह मानवता का एक ऐसा कार्य है जो आज भी प्रेरित करता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इस आपदा के बाद भारत और आयरलैंड के बीच बनी अनूठी दोस्ती मजबूत द्विपक्षीय संबंधों में बदल गई है, जिसमें वर्ष 2023 में व्यापार लगभग 16 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। इस समारोह में आयरलैंड के प्रधानमंत्री माइकल मार्टिन, कनाडा के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री गैरी आनंदसांगरी, स्थानीय आयरिश अधिकारी और पीड़ितों के परिवार शामिल हुए।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने कनिष्क बम विस्फोट की बरसी पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को 1985 के एयर इंडिया 'कनिष्क' बम विस्फोट में मारे गए 329 लोगों को श्रद्धांजलि दी। यह इतिहास के सबसे घातक आतंकी हमलों में से एक था, जिसकी आज 40वीं बरसी है। उन्होंने आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद के खिलाफ वैश्विक स्तर पर कठोर रुख अपनाने की जरूरत पर जोर दिया। विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, एयर इंडिया 182 कनिष्क बम विस्फोट की 40वीं बरसी पर हम 329 जिंदगियों को श्रद्धांजलि देते हैं। यह इस बात की स्पष्ट याद दिलाता है कि दुनिया को आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता क्यों दिखानी चाहिए।



**नफरत व आतंक फैलाने वाले मानवता पर हावी नहीं हो सकते :** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए भारत के दृढ़ संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा, आज का यह स्मरण समारोह एक संयुक्त संदेश हो, जो लोग नफरत और आतंक फैलाते हैं, वे कभी भी मानवता, लोकतंत्र और दोस्ती पर हावी नहीं हो सकते।

### सैटेलाइट तस्वीरों का जिक्र करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा

# ईरान के परमाणु स्थलों को हुआ भारी नुकसान

**वांशिगटन (आईएएनएस)**

अमेरिका का बी-2 बॉम्बर ईरान में तबाही मचाकर लौट चुका है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस हमले को सटीक बता रहे हैं और उन्होंने ईरान को हुए नुकसान का आकलन भी कर दिया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कुछ सैटेलाइट तस्वीरों का जिक्र करते हुए कहा है कि ईरान में सभी परमाणु स्थलों को भारी क्षति हुई है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कुछ घंटे पहले सोशल साइट 'ट्रुथ' पर एक पोस्ट में लिखा, सैटेलाइट तस्वीरों से पता चलता है कि ईरान के सभी परमाणु स्थलों को भारी नुकसान पहुंचाया गया है। 'नष्ट करना' एक सटीक शब्द है। जो सफेद ढांचा दिखाई दे रहा है, वह चट्टान के भीतर गहराई से समाया हुआ है। इसकी छत भी जमीन के नीचे है। सबसे बड़ा नुकसान जमीन के नीचे गहराई में हुआ है। इसके पहले डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर अटैक के बाद अपने बी2 बॉम्बर के वापस लौटने का वीडियो शेयर किया। पोस्ट में ट्रंप ने लिखा, महान बी-2 पायलट अभी-अभी मिसौरी में सुरक्षित रूप से उतरे हैं। सटीक काम के लिए धन्यवाद। इस वीडियो में ट्रंप का एक पोस्ट भी दिख रहा था, जिसमें उन्होंने लिखा था, ईरान में परमाणु स्थलों को भारी क्षति पहुंची है। हमले बहुत ही सटीक और जोरदार थे। हमारी सेना ने बहुत ही कुशलता दिखाई। वहीं, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने रविवार (स्थानीय समयानुसार) को कहा कि उनका देश ईरान के साथ युद्ध नहीं कर रहा है, बल्कि सिर्फ उसके परमाणु कार्यक्रम के साथ युद्ध कर रहा है। इस बीच उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने संकेत दिया कि वाशिंगटन अभी भी तेहरान के साथ कूटनीतिक रास्ता अपनाना चाहता है।



**बोले ट्रंप**

- हमले बहुत ही सटीक और जोरदार थे
- हमारी सेना ने बहुत ही कुशलता दिखाई

## ईरान में नेतृत्व परिवर्तन की संभावना से **डोनाल्ड ट्रंप** ने नहीं किया इनकार

- **ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने कहा, इजराइल ने एक गंभीर गलती की**

**वाशिंगटन (हि.स.)**

ईरान ने अब तक यह नहीं साफ किया है कि अमेरिका के लड़ाकू विमानों ने उसे किन-किन परमाणु सुविधा केंद्र को नष्ट किया है। अमेरिका के सीधे लड़ाई में कूदने से वह एक कोने में घिरा नजर आ रहा है। इस बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के नेतृत्व में बदलाव का समर्थन करने से इनकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि इस समय अधिकारी परमाणु स्थलों पर हमलों का आकलन कर रहे हैं। ज्ञात हो कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान को ऑपरेशन 'मिडनाइट हैमर' नाम दिया। अमेरिका ने बी2 स्टील्थ बॉम्बर को ईरान पर हमले के लिए भेजा, जिसने आसमान से बम बरसाए। ईरान के तीन मुख्य एटमी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिनमें नतांज, इस्फाहान और फोर्डो शामिल हैं।

द वॉल स्ट्रीट जनरल अखबार ने इस घटनाक्रम का विश्लेषण किया है। इसमें कहा कि अमेरिका के ईरान के सबसे मजबूत परमाणु स्थलों पर हमला करने के बाद अब शासन के मौलवी नेताओं के सामने एक खतरनाक विकल्प है। मौलवी नेता अमेरिका पर पलटवार करें और दो दुश्मनों (इजराइल और अमेरिका) के साथ युद्ध को बढ़ाने का जोखिम उठाएं। या परमाणु वार्ता पर वापस लौटें। अखबार का कहना है कि परमाणु वार्ता पर वापस लौटने का मतलब यह होगा कि उन्हें संभवतः परमाणु संवर्धन और उनके बैलिस्टिक-मिसाइल शस्त्रागार पर रियायतें देनी होंगी। यही देश की संप्रभुता के दो स्तंभ हैं। इधर, ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने अमेरिकी हमले के बाद अपनी पहली टिप्पणी में अमेरिका का उल्लेख कहीं भी नहीं किया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में इजराइल पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि इजराइल ने एक गंभीर गलती की और इसकी उसे अभी सजा मिल रही है। इजराइल ने ईरान के सैन्य ढांचे के खिलाफ और हमलों की घोषणा की है। ईरान ने इजराइल की ओर एक और मिसाइल हमला किया है। वहीं, यूरोप के नेताओं ने ईरान से इस तरह से जवाब न देने का आग्रह किया, जिससे क्षेत्र में अस्थिरता पैदा हो।

# ट्रंप भारत का मुंह बंद कर, बांह मरोड़ कर टैरिफ लादना चाहते हैं

- भारत चाहता है टेक्सटाइल, चमड़े के सामान जैसे उत्पादों पर कोई टैक्स न लगे
- अमेरिका जेनेटिकली मॉडिफाइड खाद्य पदार्थ भी भारत में सप्लाई करने पर आमादा है

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** ट्रंप के दादागिरी के कारण भारत व अमेरिका के बीच ट्रेड डील लटक रहा है। वह भारत का मुँह बंद करते हुए बाँह मरोड़ कर अपना मनमानी टैरिफ़ लादना चाहते हैं। अमेरिका चाहता है कि भारत मक्का और सोयाबीन जैसे कृषि उत्पादों पर टैरिफ बहुत ही कम करे। और अमेरिका जेनेटिकली मॉडिफाइड खाद्य पदार्थ भारत में सप्लाई करने पर आमादा है। और वह इसी तरह 9 जुलाई तक दबाते हुए चलने पर आमादा है , ताकि तब तक कोई समझौता नहीं होता है, तो भारतीय उद्योगों को अमेरिका में 26% तक टैक्स देना पड़े। जबकि भारत आग्रह कर रहा है कि ट्रंप प्रशासन का 10% का बेसलाइन टैरिफ कम किया जाए। क्योंकि यह 10% टैरिफ तो सभी देशों के लिए है। बातचीत शुरू होने पर भारत सरकार चाहती थी कि टेक्सटाइल, चमड़े के सामान, दवाओं व कुछ इंजीनियरिंग के सामान तथा ऑटो पार्ट्स जैसे उत्पादों पर कोई टैक्स न लगे। लेकिन अमेरिकी अधिकारी चाहते हैं कि भारत जल्दी से ट्रम्प टैरिफ को मान ले। इसके लिए कहे कि ट्रंप प्रशासन तुरंत जीरो टैरिफ पर नहीं जा सकता। भारत चाहता है कि एक बार समझौता होने के बाद अमेरिका भविष्य में कोई नया टैक्स न लगाए। अमेरिका चाहता है कि समझौते में कृषि उत्पादों को ज़रूर शामिल किया जाए।अमेरिका के जेनेटिकली मोडिफाइड मक्का, सोयाबीन व अन्य इलाज से लगायत सेव तक को भारत आयात करे।अमेरिका के ज्यादातर कृषि उपज जेनेटिकली मोडिफाइड हैं, जिन्हें भारतीय नियमों के तहत अनुमति नहीं है।और हालत यह भी है कि अमेरिका अपने उत्पादों को नो जीएम का सर्टिफिकेट देने को भी तैयार नहीं है। इसके बजाय कह रहा है कि कुछ मक्के को इथेनॉल में प्रोसेस करके ब्लेंडिंग प्रोग्राम में इस्तेमाल किया जा सकता है। लेकिन यह संभव नहीं है क्योंकि ब्लेंडिंग की सीमा पहले ही पूरी हो चुकी है। इसी तरह अमेरिका का सोयाबीन के मामले में सुझाव है कि इसे तेल में प्रोसेस किया जाए। लेकिन यह काम भारत में ही करना होगा , लेकिन इससे तो अमेरिकी जीएम उत्पाद भारतीय बाजार में आ सकते हैं। इसके अलावा, अमेरिका चाहता है कि उसकी कई अन्य उत्पादों जैसे गाड़ियों को कम टैरिफ पर आयात करने की अनुमति दी जाए।इन हालात में ट्रंप 9 जुलाई को रेसिप्रोकल टैरिफ सस्पेंशन खत्म करने का फैसला करते हैं, तो भारतीय उद्योगों के लिए मुश्किलें बढ़ जाएंगी। कारण यह यह है कि अमेरिका भारत के लिए सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। वैसे तो ब्रिटेन व यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते होने से कुछ अन्य बाजार भी खुलेंगे, लेकिन निर्यातकों को आने वाले महीनों में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ेगा, सरकार भी इस बात को मानती है।लेकिन इन सबके बीच सरकार यह भी नहीं चाहती की ट्रम्प नाराज़ हों।और केवल खून ही नहीं बल्कि सब कुछ में धंधा वाले घमंडी व अराजक ट्रम्प इसी का फायदा उठाना चाहते हैं।वह (ट्रंप) भारत का मुंह बंद कर बाँह मरोड़ कर टैरिफ़ लादने पर आमादा हैं

### पाकिस्तान ने दिया ट्रंप को झटका, ईरान मुद्दे पर चीन-रूस के साथ दिखाई एकजुटता

**संयुक्त राष्ट्र ।** पाकिस्तान ने ईरान के मुद्दे पर अमेरिका को बड़ा झटका दे दिया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हाल ही में पाकिस्तान के सैन्य प्रमुख आसिम मुनीर की मुलाकात हुई थी। ये मानते हुए कि पाकिस्तान में वास्तविक सत्ता सेना के पास है, डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को मुनीर की व्हाइट हाउस में मेजबानी की। वाशिंगटन में असीम मुनीर के लिए जबरदस्त बंदोबस्त किए गए थे। इससे इस्लामाबाद और वाशिंगटन के बीच नजदीकियां बढ़ने की अटकलें लगाई जाने लगीं। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि असीम इफ्तिखार अहमद ने रविवार को ईरान पर हुई आपात बैठक में कहा कि इस्लामाबाद "ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिका की ओर से किए गए हमलों की कड़ी निंदा करता है।

## ईरान परमाणु एजेंसी से सभी आधिकारिक संबंध तोड़ सकता है

**तेहरान (आईएएनएस)**



ईरान की संसद ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ सहयोग को निलंबित करने के लिए एक विधेयक लाने की योजना बनाई है। यह जानकारी सोमवार को ईरानी सरकारी मीडिया रिपोर्टों में दी गई। संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकेर कलीबाफ ने संसद सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि ईरान का कोई गैर-शांतिपूर्ण परमाणु गतिविधि का इरादा नहीं है, लेकिन पूरी दुनिया ने देखा है कि आईएईए ने अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में विफलता दिखाई है और वह अब एक "राजनीतिक उपकरण" बन चुका है। उन्होंने आगे ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई द्वारा परमाणु हथियारों के खिलाफ जारी धार्मिक आदेश (फतवा) का हवाला दिया और कहा कि ईरान का रुख पूरी तरह शांतिपूर्ण है। कलीबाफ ने कहा, "जब तक आईएईए के पेशेवर आचरण को लेकर ईरान को ठोस और भरोसेमंद गारंटी नहीं दी जाती, संसद आईएईए से सहयोग निलंबित करने वाला विधेयक पारित करने पर विचार कर रही है। संसद अध्यक्ष ने अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों पर किए गए हालिया हमलों की भी तीखी आलोचना की और इसे ईरान-इजरायल संघर्ष में अमेरिका की "सीधी सैन्य भागीदारी" बताया। उन्होंने कहा, "हम इस हमले को इजरायली शासन की रणनीतिक विफलता का परिणाम मानते हैं, लेकिन हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे।

### हवाई खतरों से निपटने के लिए भारत-फ्रांस की सेनाएं कर रही हैं अभ्यास

**नई दिल्ली ।** भारत और फ्रांस की सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य युद्धाभ्यास 'शक्ति' इस समय फ्रांस के कैंप लारजैक, ला कावेलरी में पूरी गति से जारी है। भारत व फ्रांस यहां अपने अत्याधुनिक हथियारों से कॉम्बैट व गोलाबारी का अभ्यास कर रहे हैं। यहां आधुनिक हवाई खतरों से निपटने के लिए दोनों पक्षों ने मिलकर ड्रोन-रोधी तकनीक पर भी प्रशिक्षण लिया। इस अभ्यास में आक्रामक ड्रोन को निष्क्रिय करने वाले अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म्स का लाइव प्रदर्शन किया गया है। सेना के मुताबिक दोनों देशों की टुकड़ियां गहन संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण में लगी हुई हैं। इस संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण का उद्देश्य इंटरऑपरेबिलिटी (सह-कार्य क्षमता), सामरिक समन्वय और दोनों सेनाओं के बीच आपसी विश्वास को बढ़ाना है।

**कहानी फिल्म जगत की**

## पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर के साथ दिलजीत दोसांझ को काम करना पड़ा भारी

*प्रशंसकों और फिल्म संगठनों ने फिल्म पर कड़ी आलोचना की है*

दिलजीत दोसांझ और नीरू बाजवा की फिल्म 'सरदार जी 3' शुरू से ही चर्चा में थी। इसमें दिलजीत और नीरू एक साथ नज़र आएंगे और इसके अलावा इस बात की प्रबल खबरें थीं कि इस फिल्म से पाकिस्तानी कलाकार हानिया आमिर अपना पॉलीवुड डेब्यू करेंगी। पहले, हानिया के फिल्म का हिस्सा होने के बारे में सभी ने चुप्पी साधी हुई थी, लेकिन हाल ही में रिलीज़ हुए ट्रेलर ने इस बात को साफ़ कर दिया है, वह फिल्म की प्रमुख महिलाओं में से एक हैं। निर्माताओं द्वारा भारत में रिलीज न किए जाने के बाद फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज के अध्यक्ष बीएन तिवारी ने इंडिया टुडे को एक्सक्लूसिव तौर पर बताया कि वे दिलजीत दोसांझ और फिल्म के निर्माताओं को भारत में प्रतिबंधित करने के लिए आधिकारिक निर्देश जारी करने की योजना बना रहे हैं।





